Trade fairs are among the most memorable events that take place periodically with the purpose of promoting sales, launching new products, bringing together manufacturers of a particular line of products and educating the public. They are held at all levels – international, national, state and district. The most prominent among them are the India International Trade Fair, World Book Fair, Information Technology fair, Electronic Trade and Technology Fair, Textile Fair, Auto Expo, state level book fairs, district level exhibitions etc. India Trade Promotion Organization (ITPO), which was incorporated in 1992 by the merger of Trade Development Authority (TDA) with the Trade Fair Authority of India (TFAI), has been playing a commendable role in this respect.

It can be said without a doubt that sales promotion is the most important purpose of these fairs. Bringing together the largest possible number of manufacturers, suppliers, existing and potential buyers under the same roof helps to promote the products in an effective way. All these people come together on a single platform for a fixed period of time. This offers a unique opportunity to manufacturers and suppliers to display their best products and services and the buyers get a chance to see a wide range of products and services.

Conferences, seminars, live product demonstrations and presentations are regular features of these fairs and exhibitions. Besides these, colourful cultural programmes are also important features of such fairs. These fairs give a good opportunity to the artists to showcase their skills and talent at such specially organized programmes.

**1. ITPO stands for :**

(a) Indian Trade and Promotion Order
(b) India Trade Promotion Organisation
(c) India Trade Promotion Authority
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**2. What are some of the regular features of such trade fairs?**

(a) Programmes for launching new products and showcasing skills and talent
(b) Conferences, seminars, live product demonstrations and meetings
(c) Conferences, seminars, live product demonstrations and presentations
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**3. How is the trade fair an effective way of promoting products?**

(a) It brings together the maximum number of manufacturers, suppliers and buyers in a single place
(b) It brings together the maximum number of buyers to a single place
(c) It is conducted by The Trade Fair Authority of India
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**4. Under the same roof means:**

(a) In an open area (b) In a big building
(c) at one place
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**5. What is the main purpose of organizing trade fairs?**

(a) Informing people about the activities of traders
(b) Launching international products
(c) Sales promotion
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**6. Select the option that will improve the underlined part of the sentence. In case no improvement is needed, select 'No Improvement'.**

**<u>Many battle was</u> fought on the soil of India.**

(a) Many a battle was (b) No Improvement
(c) Much battle was
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**7. Fill in the blank with the most appropriate word.**

**This is one of the matters that ______ me the most.**

(a) has disturb (b) are disturbing
(c) disturb
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**8. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**When I was in 5th grade,/I use to / ride on my / red bicycle.**

(a) When I was in 5th grade,
(b) ride on my
(c) I use to
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**9. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**

**In India, processed foods <u>becomes popular in</u> the 20th century.**
(a) became popular in
(b) become popularity in
(c) No improvement required
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**10. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**The man turned to him with a look of disapprove.**
(a) with a look (b) turned to him
(c) of disapprove
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**11. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**
**He <u>did much mistakes.</u>**
(a) committed many mistakes
(b) make many mistakes
(c) No improvement required
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**12. Identify the segment in the sentence which contains a grammatical error. If there is no error, select 'No error'.**
**You should tell these children to complete their projects himself.**
(a) You should tell
(b) No error
(c) their projects himself.
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**13. Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.**
**The number of women working outside homes <u>has been steady</u> increasing.**
(a) has been steadily (b) had been steadier
(c) No improvement
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**14. Select the most appropriate options to fill in the blank.**
**He claims to be the _______ kid in the school.**
(a) smartness (b) smartest
(c) smarting
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**15. Select the synonym of the given word.**
**BOUNTIFUL**
(a) Pretty (b) Religious
(c) Generous
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**16. Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Kinship**
(a) Incompatibility (b) Relationship
(c) Partnership
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**17. Identify the sentence that correctly uses the indefinite article.**
(a) She is a Indian artist married to a European engineer.
(b) She is an Indian artist married to a European engineer.
(c) She is a Indian artist married to an European engineer.
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**18. In the sentence identify the segment which contains the grammatical error.**
**No sooner did he see the tiger when he ran as fast as he could.**
(a) no sooner did (b) he see the tiger
(c) when he ran
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**19. Select the most appropriate antonym of the given word.**
**BABBLE**
(a) DRIVEL (b) SENSE
(c) JARGON
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**20. Choose the word that is opposite in meaning to the given word.**
**Nadir**
(a) Climax (b) Base
(c) Bottom
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**21. In the sentence identify the segment that contains a grammatical error.**
**Ritu was really annoyed as she had been waiting for me at the metro station for five O'clock.**
(a) at the metro station (b) was really annoyed
(c) for five o'clock
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**22. Select the option that will improve the underlined segment in the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement'**
**It is wise to insure one's home <u>on</u> fire.**
(a) in (b) No improvement
(c) against
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**23. In the sentence identify the segment which contains the grammatical error.**
**No sooner did the dark clouds gather in the sky when the electricity was switched off.**
(a) No sooner did
(b) the dark clouds gather.
(c) when the electricity was switched off
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**24. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**_____or not you allow me. I am going to the fair.**
(a) If (b) Whether
(c) Until
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**25. Select the INCORRECTLY spelt word.**
(a) Abbrevations (b) Fluttering
(c) Menace
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**26. Select the option that expresses the given sentences in passive voice.**
**We are organising the charity function tomorrow.**
(a) The charity function is being organised tomorrow.
(b) The charity function is being organise tomorrow.
(c) The charity function is been organised tomorrow.
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**27. Select the option that expresses the given sentence in indirect speech.**
**He said, "I bought this book for my brother."**
(a) He said that he buy this book for his brother.
(b) He said that he had bought that book for his brother.
(c) He said that he bought this book for his brother.
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**28. Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**At the drop of a hat**
(a) Instantly (b) Usually
(c) Frequently
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**29. Select the most appropriate 'one word' for the expression given below.**
**Study of human being and their ancestors through time.**
(a) Anthropology (b) Physiology
(c) Biology
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**30. Select the most appropriate word which means the same as the group of words given.**
**A government run by a king or a queen**
(a) oligarchy (b) aristocracy
(c) monarchy
(d) More than one of the above
(e) None of the above

## Part-II : हिन्दी भाषा

**31. 'उद्योग' का संधि विच्छेद होगा –**
(a) उत् + योग (b) उद् + योग
(c) उध + योग
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32. 'देव्यागम' का संधि-विच्छेद होगा-**
(a) देवी + आगम (b) देव + आगम
(c) देव्य + आगम
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33. इनमें से कौन संधि का गुण है?**
(a) संधि निरर्थक अक्षरों को मिलाकर सार्थक शब्द बनाती है।
(b) संधि में समास होता है।
(c) संधि का अर्थ है अलगाव
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34. अन्यमनस्क शब्द का आशय है –**
(a) जिसका मन अपनी ओर हो
(b) जिसका मन किसी दूसरी ओर हो
(c) जिसका मन निर्मल हो
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35. श्रुतिसम शब्द-युग्म की भिन्न अर्थ वाले सही जोड़े को पहचानिए:**
(a) कुल-कूल (b) रात्रि-निषा
(c) अभिलाषा –इच्छा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. 'अभय–उभय' शब्द युग्म का सही अर्थ है–**
(a) निर्भय–दोनों (b) हवा–अग्नि
(c) पढ़ना–पढ़ाना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37. 'लक्ष्य' का अनेकार्थक शब्द है-**
(a) निशाना, उद्देश्य (b) नाम, बल
(c) गति, चाल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38. निम्न में कौन-सा शब्द अनेकार्थी है?**

(a) अर्थ (b) अनुरोध

(c) अपराध

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39. 'हिरण्यगर्भ' का पर्यायवाची शब्द है –**

(a) विष्णु (b) ब्रह्मा

(c) महेश

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40. 'पाटल' का अर्थ हैः-**

(a) चमेली (b) गुलाब

(c) चंपा

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41. गंगा का पर्यायवाची नहीं है**

(a) भागीरथी (b) सुरसरि

(c) अवतरणी

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42. 'महात्मा' शब्द का सही विलोम होगा :**

(a) दुष्ट (b) दुर्जन

(c) दुरात्मा

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43. 'कुटिल' का विलोम है –**

(a) जटिल (b) रूढ़

(c) ऋजु

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44. 'स्पृश्य' का विलोम शब्द है –**

(a) स्पृस्य (b) अस्पृस्य

(c) अशपृष्य

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45. 'दर्शिका' शब्द में प्रत्यय है :**

(a) आ (b) इका

(c) शिका

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46. 'प्रत्याशा' शब्द में उपसर्ग हैः**

(a) अ (b) प्र

(c) प्रति

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47. 'असुरक्षित' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(a) अ (b) सु

(c) अ + सु

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48. 'खिचड़ी' किस प्रकार का शब्द है?**

(a) देशज (b) तत्सम

(c) विदेशज

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द विदेशी नहीं है?**

(a) कमर (b) कान

(c) कमेटी

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50. निम्न में विदेशी शब्द कौन-सा है?**

(a) उष्ट्र (b) अमीर

(c) प्रिय

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51. द्रवहु सो दशरथ 'अजिर' बिहारी में रेखांकित शब्द का क्या अर्थ है?**

(a) बूढ़ा (b) अमर

(a) आँगन

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52. 'वह घर से बाहर गया'- इस वाक्य में 'से' कौन-सा कारक है?**

(a) कर्त्ता (b) कर्म

(c) करण

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53. 'जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**

(a) अजेय (b) शत्रुजयी

(c) अजातशत्रु

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54. जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है, लिंग, वचन प्रायः कर्ता के अनुसार होते हैं, वे वाक्य ........... कहलाते हैं।**

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य

(c) भाववाच्य

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55. भूतकाल के .......... भेद होते हैं।**

(a) 4 (b) 2

(c) 8

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56. 'डिब्बा' किस शब्द का एकवचन है?**
(a) डिब्बे (b) डिबियाँ
(c) डिब्बा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57. निम्नलिखित में पुल्लिंग शब्द नहीं है–**
(a) रत्न (b) मोती
(c) नकल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58. उसे धीरे-धीरे लिखने की आदत है। रेखांकित शब्द क्या है?**
(a) क्रिया-विशेषण (b) क्रिया
(c) सर्वनाम
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59. 'वह ऐसा दौड़ा कि सब पीछे रह गये' वाक्य में 'ऐसा' है**
(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) संज्ञा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60. 'अब पढ़कर क्या होगा'-इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है?**
(a) प्रेरणार्थक क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61. कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं?**
(a) तीन (b) चार
(c) छह
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62. 'धुँधला' शब्द में विशेषण है –**
(a) संख्यावाचक विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63. 'अग्नि' का विशेषण होगा?**
(a) आगिक (b) आग्नेय
(c) आग्निक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64. 'कोई सज्जन आपको बुला रहा है', इस वाक्य में किस सर्वनाम का प्रयोग किया गया है?**
(a) निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
(b) पुरुषवाचक सार्वनामिक विशेषण
(c) अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65. निम्नलिखित में सर्वनाम है–**
(a) यह (b) सभा
(c) मनुष्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66. जलेबी में मिठास अधिक है। रेखांकित शब्द का विशेषण बताइए।**
(a) मिठाई (b) मीठापन
(c) मीठा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67. निम्नलिखित प्रश्न में संज्ञा शब्द पहचानिए।**
(a) मीठा (b) मधुर
(c) चतुर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –**
(a) जीजीवीषा (b) जीजिविषा
(c) जिजीविषा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**
(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70. दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच कौन-सा विराम चिह्न लगता है?**
(a) उद्धरण चिह्न (b) योजक चिह्न
(c) विस्मयादिबोधक चिह्न
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71. विराम-चिह्न की दृष्टि से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**
(a) नहीं कल मैं तुम्हारे घर नहीं आ सकूँगा।
(b) मैं क्या कहता?
(c) महक, रागिनी, श्वेता आदि भी आई हैं; ये सब अब गाना गाएँगी।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72. निम्न में से कौन-सा व्यंजन संघर्षी है?**
(a) ह (b) म
(c) झ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73. मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74. 'य' का उच्चारण स्थान है–**

(a) ओष्ठ्य (b) दाँत
(c) मूर्धा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75. गीता में कितने श्लोक हैं?**

(a) 700 श्लोक (b) 1100 श्लोक
(c) 1800 श्लोक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76. 'शेखर एक जीवनी' किस विधा की रचना है?**

(a) जीवनी (b) कहानी
(c) उपन्यास
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77. नागार्जुन का वास्तविक नाम था–**

(a) वैद्यनाथ मिश्र (b) वैद्यदन्त मिश्रा
(c) गजानन माधव
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78. 'मसि कागद छुयौ नहीं, कलम गह्यो नहिं हाथ' पंक्ति किसने लिखी है?**

(a) सूरदास (b) तुलसीदास
(c) कबीरदास
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79. हिरामन सूआ का उल्लेख आता है**

(a) कबीर ग्रंथावली (b) पद्मावत
(c) सूरसागर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80. अमीर खुसरो का वास्तविक नाम क्या था?**

(a) अब्दुल राही (b) शिवप्रसाद
(c) अबुल हसन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (81-83) : दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**आनंद और खुशी की खोज में हम सारा जीवन लगे रहते हैं। बाह्य शिष्टाचारों से खुशी तो प्राप्त होती है किन्तु वह क्षणिक होती है। आत्मिक खुशी तो हमें अपने अन्दर ही तलाशनी होती है। हमारे अंत:करण में आनंद का सरोवर और खुशी का खजाना सदैव विद्यमान रहता है। ये यादों और अनुभूतियों का वह भंडार घर है, जहाँ हमारा अंत:करण आज तक की सभी यादों और अनुभूतियों को संगृहीत करके रखता है। यह बहुत बुद्धिमान और चतुर है। यह आपका आज्ञाकारी दास भी हैं इसके विशाल संग्रह में से आत्मिक आनंद को प्राप्त करना है तो इसे उसी दिशा में निर्देशित करना होगा। बाह्य मन को कुछ देर के लिए शांत, स्थिर और गतिहीन कीजिए और अन्तर्मन को निर्देश दीजिये कि वह अपने संग्रह में से नकारात्मक यादों-अनुभूतियों को मिटा कर आपके लिए आनंद के अनमोल सच्चे मोती निकाल कर लाये। निरंतर अपने अंत:करण को यही आज्ञा देते रहिये और धीरे-धीरे वह कब आपको आत्मिक आनन्द और जीवन-स्फूर्ति से सराबोर कर देगा, आपको पता भी नहीं चलेगा।**

**81. उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए:**

(a) आनंद की खोज
(b) अन्तर्मन–यादों का भंडार घर
(c) अन्तर्मन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82. उपर्युक्त गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए?**

**प्रश्न: अन्तर्मन से आत्मिक आनंद कैसे मिलता है?**

(a) अन्तर्मन समझता है कि हमें आनंद चाहिए।
(b) अन्तर्मन नकारात्मक को मिटाकर सकारात्मकता से मन को शांत कर देता है जिससे आत्मिक आनंद मिलता है।
(c) अन्तर्मन में केवल अच्छी यादें संगृहीत रहती है, उन्हीं को वापस कर देता है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83. उपरोक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसका सही सारांश बताइए:**

(a) जब अन्तर्मन को प्रतिदिन शांत, स्थिर और खुश रहने का निर्देश मिलता है तो वह एक आज्ञाकारी किन्तु समझदार सेवक की तरह मन की सारी नकारात्मक गतिविधियों को हटाता जाता है और अच्छी सुखद अनुभूतियों को प्रवाहित करने लगता हैं। मन शांत होने से आनंद का अनुभव होने लगता है और धीरे-धीरे यही आनंद भाव स्थायी हो जाता है।
(b) जब अन्तर्मन को प्रतिदिन शांत, स्थिर और खुश रहने का निर्देश मिलता है तो वह एक अज्ञाकारी किन्तु समझदार सेवक की तरह मन में आनंद भर देता है।
(c) अन्तर्मन को निर्देश मिलने से मन शांत हो जाता है और आनंद का अनुभव होने लगता है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

84. 'संलग्न' का अंग्रेजी रूपान्तरण है
(a) ENDORSEMENT (b) STATEMENT
(c) ENCLOSED
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. 'कब बबा मरही त कब बरा चुरही' का अर्थ है –
(a) किसी के लिए अपशगुन शब्द कहना
(b) कार्य का अनिश्चित होना
(c) प्रसन्नता व्यक्त करना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. ''आये थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास'' कहावत का अर्थ कौन से विकल्प में बताया है?
(a) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना।
(b) ईश्वर भक्ति को छोड़ व्यापार में लग जाना।
(c) हरिभक्ति का मार्ग कठिन होता है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

87. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' का अर्थ है–
(a) एक चना किसी काम का नहीं
(b) एक चना शक्तिहीन होता है
(c) अकेला व्यक्ति शक्तिशाली नहीं होता
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. ''खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई, चल गई''- पंक्ति में अलंकार है
(a) उपमा (b) अनुप्रास
(c) संभावना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. 'सजना है मुझे सजना के लिए' में कौन-सा अलंकार है?
(a) अनुप्रास (b) रूपक
(c) यमक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रहीं हैं जल-थल में' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) अन्योक्ति
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

91. किस छन्द में चार से अधिक चरण होते हैं?
(a) रोला (b) बरवै
(c) छप्पय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. हास्य रस का स्थायी भाव है–
(a) हास (b) रति
(c) रौद्र
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. निम्नलिखित में से कौन भरतमुनि के रस सूत्र का एक व्याख्याकार नहीं है?
(a) भट्ट लोलट (b) क्षेमेन्द्र
(c) शंकुक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. निम्नलिखित वाक्यों में एक अशुद्ध है–
(a) उसने अपने प्राण की बाजी लगा दी थी।
(b) राम, सीता और लक्ष्मण वन को गये।
(c) उसकी आँखों से आँसू निकल पड़े।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. निम्न में कौन सा वाक्य मिश्र वाक्य है?
(a) जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए।
(b) अच्छा लड़का माता–पिता की आज्ञा मानता है।
(c) वह पुस्तक राम की थी।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

96. निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित करे। ''अतिथि आये और कार्यक्रम शुरू हुआ''
(a) अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हुआ
(b) अतिथि आये, कार्यक्रम शुरू हुआ
(c) अतिथि के आने पर ही कार्यक्रम शुरू हो पाया
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. जिस समास में दोनों पद समान रूप से प्रधान हों, उसे क्या कहते हैं?
(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. ऋणमुक्त में कौन-सा समास है?
(a) करण तत्पुरुष समास (b) अपादान तत्पुरुष समास
(c) अधिकरण तत्पुरुष समास
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. जिस समास का पहला पद अव्यय हो तथा प्रथम पद प्रधान हो, उसे कौन-सा समास कहते हैं?
(a) बहुव्रीहि (b) अव्ययीभाव
(c) द्वंद्व
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. जो पहले कभी न हुआ हो –
(a) अद्भुत (b) अभूतपूर्व
(c) अपूर्व
(d)उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e)उपर्युक्त में से कोई नहीं

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 11. (a) | 21. (c) | 31.(a) | 41.(c) | 51.(c) | 61.(e) | 71.(a) | 81.(a) | 91.(c) |
| 2. (c) | 12. (c) | 22. (c) | 32.(a) | 42.(c) | 52.(e) | 62.(b) | 72.(a) | 82.(b) | 92.(a) |
| 3. (a) | 13. (a) | 23. (c) | 33.(e) | 43.(c) | 53.(c) | 63.(b) | 73.(b) | 83.(a) | 93.(b) |
| 4. (c) | 14. (b) | 24. (b) | 34.(b) | 44.(e) | 54.(b) | 64.(c) | 74.(e) | 84.(c) | 94.(c) |
| 5. (c) | 15. (c) | 25. (a) | 35.(a) | 45.(b) | 55.(e) | 65.(a) | 75.(a) | 85.(b) | 95.(a) |
| 6. (a) | 16. (b) | 26. (a) | 36.(a) | 46.(c) | 56.(a) | 66.(c) | 76.(c) | 86.(a) | 96.(a) |
| 7. (c) | 17. (b) | 27. (b) | 37.(a) | 47.(c) | 57.(c) | 67.(e) | 77.(a) | 87.(c) | 97.(e) |
| 8. (c) | 18. (c) | 28. (a) | 38.(a) | 48.(a) | 58.(a) | 68.(c) | 78.(c) | 88.(a) | 98.(b) |
| 9. (a) | 19. (b) | 29. (a) | 39.(b) | 49.(b) | 59.(e) | 69.(b) | 79.(b) | 89.(c) | 99.(b) |
| 10. (c) | 20. (a) | 30. (c) | 40.(b) | 50.(b) | 60.(c) | 70.(b) | 80.(c) | 90.(e) | 100.(b) |

## SOLUTION

### Part-I : English Language

**1. (b)**
According to the passage ITPO stands for "India Trade Promotion Organisation."

**2. (c)**
According to the passage "Conferences, seminars, live product demonstrations and presentations" are the regular features of such trade fairs.

**3. (a)**
According to the passage the trade fair is an effective way of promoting products because "It brings together the maximum number of manufacturers, suppliers and buyers in a single place."

**4. (c)**
The idiom, 'Under the same roof' means option (c) "at one place.

**5. (c)**
According to the passage the main purpose of organizing trade fair is "sales promotion.

**6. (a)**
'Many a battle was' will be used because 'battle' is not used in plural sense.

**Sturcture –**

many a + singular noun + singular verb

**Correct sentence –**

Many a battle was fought on the soil of India.

**7. (c)**
If two clauses are connected with relative pronouns, verb is used according to the antecedent of relative pronoun.
Here, the antecedent of the relative pronoun (that) is 'matters' (plural) then plural verb (disturb) will be used.

**Correct Sentence -**
This is one of the matters that disturb me the most.

**8. (c)**
Modal verb 'I used to' will be used. 'Used to' refers to talking about something that happened in the past or existed in the past but is no longer true.

**Correct Sentence**
when I was in 5th grade I used to ride on my red bicycle.

**9. (a)**
'became popular in' will be used because '20th century' makes it clear that the sentence is in past tense.

**Correct Sentence** –
In India, processed foods became popular in the 20th century.

**10. (c)**
'Disapproval' (noun) would be appropriate instead of 'disapprove' (verb) because Noun form (disapproval) is required here.

**Correct sentence -**
The man turned to him with a look of disapproval.

**11. (a)**
'committed many mistakes' will be used because 'commit' is used with mistake and 'many' is used as a plural countable noun.

**Correct sentence** –
He committed many mistakes.

**12. (c)**
'Themselves' is appropriate because the subject (children) is plural therefore plural possessive adjective (their) and plural reflexive pronoun, (themselves) will be used.

**Correct sentence**–
You should tell these children to complete their projects themselves.

**13. (a)**
"has been steadily" will be used because adverb (steadily) is needed here to modify verb (increasing), not steady (adjective).

**Correct Sentence** –
The number of woman working outside homes has been steadily increasing.

**14. (b)**
'smartest' will be used because superlative degree (smartest) is used after 'The' while making comparison.
Correct Sentence –
He claims to be the smartest kid in the school.
**15. (c)**
Bountiful (Abundant) - Synonym – Generous (Copious)
Meaning of other words–
Pretty - Lovely, Religious - Devout, Spiritual - Religious
**16. (b)**
Kinship (Consanguinity), Synonym - Relationship (Connection)
Meaning of the other options-
Incompatibility – Inconsistency
Partnership– Sharing
Viewership – Audience
**17. (b)**
An is used with vowel sounds (Indian). Though European begins with vowel (E), it starts with a consonant sound (you). So 'a European' will be the correct structure.
**Correct Sentence-**
She is an Indian artist married to a European engineer.
**18. (c)**
'than' will be used because co-relative conjunction 'than' is used with No-sooner'
**Rule-** No sooner did $\rightarrow V_{1st}$........... than
No sooner had $\rightarrow V_{3rd}$........... than
but-
Hardly had $\rightarrow V_{3rd}$........... when
Scarcely had $\rightarrow V_{3rd}$........... when
As soon as $\rightarrow V_{3rd}$..........., (comma)
All these rules are used in the same sense.
**Correct sentence :-**
No sooner did he see the tiger than he ran as fast as he could.
**19. (b)**
Babble (Foolish) - Antonym - Sense (Wisdom)
Meaning of other word-
Gibberish - Nonsense, unintelligible
Jargon - Lingo
**20. (a)**
Nadir (the lowest point) - Antonym - 'Climax' (the highest point)
Meaning of other word-
Bottom – Base, Surface
Base – Foundation
**21. (c)**
'Since five O'clock' will be used.
**use of for -** to show a period of time. Ex- Two hours, two years etc.
**use of since -** to refer to a point of time. Ex- 15 August, March, 1988 etc.
**Correct Sentence -**
Ritu was really annoyed as she had been waiting for me at the metro station since five O'clock.
**22. (c)**
Preposition 'against' will be used. Here Against means – 'To protect yourself from somebody/ something.
**Correct Sentence -**
It is wise to insure one's home against fire.
**23. (c)**
'than' will be used because following structure is used.

| |
|---|
| No sooner + did + sub + verb$_1$.........than |
| No sooner + had + sub+verb$_3$.........than |
| Hardly / Scarcely + had + sub + verb$_3$.........when |

**Correct Sentence :-**
No sooner did the dark clouds gather in the sky than the electricity was switched off.
**24. (b)**
'whether' would be used because 'not' is used with 'whether' (whether is a subordinating conjunction to select one of the two item).
**Correct sentence–**
Whether or not you allow me, I am going to the fair.
**25. (a)**
Correct spelling is 'Abbreviations' – (Summarization).
The other words are -
Fluttering - Flitter
Notoriety - Disrepute / Infamy
**26. (a)**
This sentence is 'Active Voice' of present continuous tense.
**Rules to make Passive Voice-**
A.V.- Subject + is/am/are + $v_1$ + ing + object.
P.V.- Object + is/am/are + being + VIII + by + Subject.
**Correct Passive Form**–
The charity function is being organized tomorrow.
**27. (b)**
Reported speech of the direct sentence is past indefinite tense.
**Rules to make Indirect Speech-**
1. Conjunction 'that' will be used in place of comma and inverted comma.
2. According to narration rule tense and pronoun will be changed.
**Correct Sentence -**
He said that he had bought that book for his brother.
**28.** (a)
The idiom "At the drop of a hat" means option (a) 'instantly'.
**29. (a)**
One word for the expression 'Study of human being and their ancestors through time' is option (a) 'Anthropology'.
Meaning of other options –
Biology – the scientific study of living things

Ethnology – the scientific study and comparison of Human races.
Physiology – the scientific study of living things function.

**30. (c)**
'A government run by a king or a queen' is called- 'Monarchy'.
Meaning of other options –
Oligarchy – A political system governed by a few people.
Aristocracy – A privileged class holding hereditary titles.
Plutocracy – A Political system governed by the wealthy people.

## Part-II : हिन्दी भाषा

**31.(a)**
'उद्योग' का संधि विच्छेद 'उत्+योग' होगा। इसमें व्यंजन संधि है। जब किसी वर्ग का पहला वर्ण (क्, च्, त्, ट्, प्) का मेल किसी स्वर अथवा किसी वर्ग के तीसरे वर्ण (ग, ज, ड, द, ब) या चौथे वर्ण (घ, झ, ढ, ध, भ) अथवा अन्तःस्थ व्यंजन (य, र, ल, व) के किसी वर्ण से होने पर वर्ग का पहला वर्ण अपने ही वर्ग के तीसरे वर्ण (ग्, ज्, ड्, द्, ब्) में परिवर्तित हो जाता है, जैसे – सत् + भावना = सद्भावना।

**32. (a)**
'देव्यागम' का संधि-विच्छेद **'देवी + आगम'** होगा। यह **यण् संधि** का उदाहरण है। यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आए, तो 'इ-ई' का 'य्', 'उ-ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है, **जैसे-** अति + आवश्यक = अत्यावश्यक।

**33. (e)**
- संधि का मुख्य गुण वर्णो के मेल से नए शब्द का निर्माण करना है।
- संधि सार्थक वर्णो को मिलाकर सार्थक शब्द बनाती है, निरर्थक नहीं।
- संधि में समास नहीं होता, संधि वर्णो का मेल है जबकि समास शब्दों का।
- संधि का अर्थ मेल है, अलगाव नहीं।

**34. (b)**
'अन्यमनस्क' शब्द का आशय है - जिसका मन किसी दूसरी ओर हो।

**35. (a)**
श्रुतिसम शब्द युग्म 'कुल-कूल' हैं। कुल का अर्थ 'खानदान' तथा कूल का अर्थ 'किनारा' होता है।

**36.(a)**
'अभय-उभय' शब्द युग्म का सही अर्थ 'निर्भय-दोनों', होगा' जबकि 'हवा-अग्नि' शब्द युग्म का सही अर्थ वाला युग्म शब्द 'अनिल-अनल' होता है।

**37. (a)**
'लक्ष्य' के अनेकार्थी शब्द- निशाना, उद्देश्य, ध्येय, गन्तव्य इत्यादि हैं।

**38.(a)**
दिये गये शब्दों में 'अर्थ' अनेकार्थी शब्द है। इसका अन्य अर्थ – धन, अभिप्राय, इन्द्रिय विषयक, मतलब, करना आदि है।

**39.(b)**
हिरण्यगर्भ का पर्यायवाची शब्द ब्रह्मा है। ब्रह्मा के अन्य पर्यायवाची शब्द है – पितामह, स्वयंभू, चतुरानन, स्रष्टा, प्रजापति, कमलासन, आत्मभू। **विष्णु** के पर्याय अच्युत, जनार्दन, चक्रपाणि, मुकुन्द, नारायण, गरुड़ध्वज आदि है। **महेश** के पर्याय शिव, उमापति, महादेव, त्रिपुरारि, देवाधिदेव, मदनारि, चन्द्रमौलि आदि है। **गणेश** का पर्याय हेरम्ब, विघ्नविनाशक, गणपति, लम्बोदर, एकदन्त, विनायक, गजानन आदि हैं।

**40.(b)**
पाटल का अर्थ **'गुलाब'** है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**41.(c)**
गंगा का पर्यायवाची शब्द- भागीरथी, मंदाकिनी, सुरसरि, विष्णुपदी, देवनदी, जाह्नवी, सुरसरिता आदि है, जबकि अवतरणी गंगा का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

**42.(c)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| महात्मा | – | दुरात्मा |
| दुर्जन | – | सज्जन |

**43.(c)**
'कुटिल' का विलोम ऋजु/सरल होता है। जबकि वक्र का ऋजु, जटिल का विलोम सरल तथा रूढ़ का विलोम 'अरूढ़' शब्द होगा।

**44.(e)**
स्पृश्य का विलोम **अस्पृश्य** होता है।

**45.(b)**
'प्रत्यय' उस शब्दांश को कहते है, जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन उत्पन्न करते हैं। 'दर्शिका' शब्द में 'इका' प्रत्यय है। इका प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द- नायिका, गायिका आदि।

**46.(c)**
'प्रत्याशा' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है। प्रति (उपसर्ग)+ आशा (मूल शब्द)। प्रति का अर्थ–विरोध, प्रत्येक, हर एक आदि है।

**47.(c)**
'असुरक्षित' शब्द में 'अ' और 'सु' दोनों उपसर्ग लगे हैं। मूलधातु 'रक्ष्' होती है जिसका अर्थ है- रक्षा करना। जिसमें 'अ' एवं 'सु' उपसर्ग एवं 'इत' प्रत्यय लगाने से शब्द बनता है- असुरक्षित।

**48.(a)**
खिचड़ी 'देशज' शब्द है। देशज शब्द ऐसे शब्द हैं, जिनकी उत्पत्ति का कोई पता नहीं है। ये शब्द स्थानीय लोगों द्वारा आवश्यकतानुसार समय–समय पर गढ़ लिये गये हैं।

**49.(b)**
'विदेशज/विदेशी/आगत– 'विदेशज' (विदेश + ज) शब्द का अर्थ है- 'विदेश में जन्मा'/'आगत' शब्द का अर्थ है- आया हुआ।
दिए हुए विकल्पों में से कमर व कमेटी विदेशी शब्द है, जबकि 'कान' विदेशी शब्द नहीं है अपितु कान तद्भव शब्द है।

**50.(b)**
अन्य देश की भाषा से आये हुए शब्द विदेशज शब्द कहलाते हैं, जैसे – अमीर, आर्डर, लालटेन, हॉस्पिटल, आलमारी इत्यादि।

**51.(c)**
'द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी' में रेखांकित शब्द 'अजिर' का आशय 'आँगन' होता है।

**52.(e)**
'वह घर से बाहर गया' वाक्य में अपादान कारक है, जहाँ अलगाव का भाव होता है वहाँ अपादान कारक होता है। अलगाव के अलावा कारण, तुलना, भिन्नता, आरम्भ, सीमा आदि में भी अपादान कारक होता है।

**53.(c)**
वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

| **शब्द** | **वाक्यांश** |
|---|---|
| अजातशत्रु | जिसका कोई शत्रु नहीं जन्मा है। |
| अजेय | जिसे जीता न जा सके। |
| शत्रुजयी | जिसने शत्रु को जीत लिया हो। |

**54.(b)**
जिस वाक्य में कर्ता की प्रधानता होती है तथा लिंग, वचन प्रायः कर्ता के अनुसार होते हैं, वे वाक्य 'कर्तृवाच्य' कहलाते हैं; जैसे- 1. राम पुस्तक पढ़ता है।
2. प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर गये।
इन उदाहरणों में क्रिया कर्ता की प्रधानता को व्यक्त कर रहा है। कर्तृवाच्य, सकर्मक और अकर्मक दोनों क्रियाओं में होता है।

**55.(e)**
क्रिया के जिस रूप से, कार्य की समाप्ति के समय का बोध होता है, उसे 'भूतकाल' कहते हैं। भूतकाल के 6 भेद हैं–

1. सामान्य भूत – मैंने खाया।
2. आसन्न भूत – उसने पूजा की है।
3. पूर्ण भूत – मैं सोया था।
4. अपूर्ण भूत – तुम लेख लिख रहे थे।
5. संदिग्ध भूत – उसने खाना खा लिया होगा।
6. हेतुहेतुमद् भूत – यदि बारिश होती तो सूखा न पड़ता।

**56.(a)**
प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर **डिब्बा** शब्द 'डिब्बे' का एकवचन है।

**57.(c)**
रत्न तथा मोती शब्द पुल्लिंग के रूप में प्रयुक्त होते हैं, जबकि 'नकल' शब्द पुल्लिंग के रूप में न प्रयुक्त होकर स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त होता है।

**58.(a)**
जिस शब्द से क्रिया, की विशेषता प्रकट हो उसे 'क्रिया-विशेषण' कहते हैं।
रेखांकित भाग 'धीरे-धीरे' क्रिया विशेषण है, क्योंकि यह 'लिखने' (क्रिया) की विशेषता बता रहा है।

**59.(e)**
'वह ऐसा दौड़ा कि सब पीछे रह गये' वाक्य में 'ऐसा' 'रीतिवाचक **अव्यय**' है। ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार (परिवर्तन) नहीं आता, अव्यय कहलाते हैं। ये शब्द सदैव अपरिवर्तित, अविकारी एवं अव्यय रहते हैं। इनका मूल रूप स्थिर रहता है, कभी बदलता नहीं। **जैसे**- आज, किन्तु, परन्तु, तब, जरा इत्यादि।

**60.(c)**
'अब पढ़कर क्या होगा' वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया है। जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर दूसरी क्रिया प्रारम्भ करता है तब पहली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया होती है। जैसे–उसने नहाकर भोजन किया। इसमें नहाकर पूर्वकालिक क्रिया है; क्योंकि इसमें नहाने की क्रिया की समाप्ति के बाद ही भोजन करने की क्रिया का बोध होता है।

**61. (e)**
कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं। पहला सकर्मक, दूसरा अकर्मक। जिन क्रियाओं के प्रयोग में कर्म की आवश्यकता नहीं होती है उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं तथा जिनमें कर्म की अपेक्षा रहती है। उन्हें सकर्मक क्रिया कहते हैं।

**उदाहरण–**

| **अकर्मक क्रिया** | **सकर्मक क्रिया** |
|---|---|
| वह खेल रहा है। | वह फुटबॉल खेल रहा है। |

**62.(b)**
दिये गये विकल्पों में 'धुँधला' गुणवाचक विशेषण हैं। विशेषण में गुणवाचक विशेषणों की संख्या सर्वाधिक है। काल, स्थान, आकार, रंग, दशा तथा गुण के आधार पर गुणवाचक विशेषण को वर्गीकृत किया जाता है।

**63.(b)**
'अग्नि' का विशेषण '**आग्नेय**' है। शेष विकल्प असंगत है।

**64.(c)**
**अनिश्चयवाचक सर्वनाम-** जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु का बोध न हो उसे अनिश्चियवाचक सर्वनाम कहते हैं। **जैसे-** कोई, कुछ इस वाक्य में अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग हुआ है। अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण में 'कोई', 'कुछ'। निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण में 'यह', 'वह' और प्रश्नवाचक सार्वनामिक विशेषण के अन्तर्गत 'कौन', 'क्या' आता है।

**65.(a)**
दिये गये विकल्पों में 'यह' सर्वनाम है, जबकि सभा, मनुष्य तथा हिमालय संज्ञा हैं। 'सभा' समूहवाचक, 'मनुष्य' जातिवाचक एवं 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

**66.(c)**
प्रश्नगत वाक्य 'जलेबी में मिठास अधिक है' में रेखांकित शब्द 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है। इसका विशेषण 'मीठा' होगा।

**67.(e)**
दिये गये तीनों विकल्प (मीठा, मधुर, चतुर) विशेषण शब्द हैं। इनसे निर्मित संज्ञा इस प्रकार है–मिठास, मधुरता एवं चतुराई।

**68.(c)**
प्रश्न में दिए गए शब्दों में से '**जिजीविषा**' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है शेष शब्द जीजीविषा, जीजिविषा वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**69.(b)**
वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द **अनुगृहीत** है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**70.(b)**
दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच 'योजक चिह्न' (–) लगता है। विराम का शाब्दिक अर्थ रूकना होता है। पाठक के भावबोध को सरल और सुबोध बनाने के लिए विराम चिह्नों का प्रयोग होता है। जब एक ही शब्द दोहराया जाता है अथवा दोनों शब्द पृथक दिखाना होता है वहाँ योजक चिह्न (–) का प्रयोग किया जाता है।
दिये गये विराम चिह्नों का विवरण इस प्रकार है–
उद्धरण चिह्न –
एकल उद्धरण – ' '
दोहरा उद्धरण – " "
विस्मयादिबोधक चिह्न – !
प्रश्नवाचक चिह्न – ?

**71.(a)**
'नहीं' के बाद अल्पविराम चिह्न लगना चाहिए। यथा- नहीं, कल मैं तुम्हारे घर नहीं आ सकूँगा। अतः विराम चिह्न की दृष्टि से विकल्प (a) गलत है।

**72.(a)**
दिए गए विकल्पों में 'ह' व्यंजन संघर्षी जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का न तो स्पर्श ध्वनियों के समान पूर्ण अवरोध होता है, न स्वरों के समान निर्बाध प्रवाह तथा वायु का निर्गमन घर्षण के साथ होता है, उन्हें 'संघर्षी व्यंजन' कहा जाता है; जैसे– श, ष, स, ह। इन्हें ही 'ऊष्म संघर्षी' व्यंजन भी कहते हैं।

**73.(b)**
उच्चारण में लगने वाला समय 'मात्रा' कहलाता है। इसी मात्रा के आधार पर स्वरों के तीन भेद हैं–

**(1) ह्रस्व स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है, उन्हें 'ह्रस्व स्वर' कहते हैं। अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व स्वर हैं। इन्हें 'एक मात्रिक स्वर' भी कहते हैं।

**(2) दीर्घ स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है, वे 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। इन्हें 'द्विमात्रिक स्वर' भी कहते हैं। ये हैं– आ,ई,ऊ,ए,ऐ,ओ,औ।

**(3) प्लुत स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में तीन मात्रा का समय लगे, उसे 'प्लुत स्वर' कहते हैं। (३) अंक इसका चिह्न होता है। संस्कृत व्याकरण में प्लुत स्वरों की संकल्पना प्राप्त होती है। हिन्दी में इसका प्रयोग नहीं किया जाता है।

**74.(e)**
'य' वर्ण का उच्चारण स्थान 'तालु' है। य, व, र, ल 'अन्तःस्थ' वर्ण हैं।

**75.(a)**
'गीता' में भगवान कृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र में अर्जुन को दिया गया उपदेश संकलित हैं। इसमें 700 श्लोक हैं। यह वेदव्यास द्वारा लिपिबद्ध किया गया है।

**76.(c)**
'शेखर एक जीवनी' **उपन्यास** विधा की रचना है। इसके लेखक सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' जी हैं। इनके अन्य उपन्यास- नदी के द्वीप, अपने-अपने अजनबी हैं।

**77.(a)**
नागार्जुन का वास्तविक नाम **वैद्यनाथ मिश्र** था। इनको 'पत्रहीन नग्न गाछ' नामक मैथिली रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**78.(c)**
'मसि कागद छुयौ नहीं, कलम गह्यो नहिं हाथ' पंक्ति **कबीरदास** जी ने लिखी हैं। अन्य पंक्ति व रचयिता हैं–

| पंक्ति | रचयिता |
|---|---|
| ऊधौ! तुम अपनो जतन करो | सूरदास |
| सुरतिय, नरतिय, नागतिय, सब चाहत अस होय | तुलसीदास |

**79.(b)**
जायसी द्वारा रचित **पद्मावत** में हीरामन सूआ का उल्लेख है जो कि गुरु का प्रतीक है इसके अन्य पात्र और प्रतीकार्थ इस प्रकार हैं-

| पात्र | | प्रतीकार्थ |
|---|---|---|
| 1. पद्मावती | – | श्रद्धा या सात्विक बुद्धि (परमात्मा) |
| 2. रत्नसेन | – | मन (आत्मा) |
| 3. सिंहल द्वीप | – | हृदय |
| 4. नागमती | – | दुनिया धन्धा या सांसारिक बुद्धि |
| 5. राघवचेतन | – | शैतान |
| 6. अलाउद्दीन | – | माया |

**80.(c)**
अमीर खुसरो का वास्तविक नाम **अबुल हसन** था। ये निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। इन्हें 'तूती-ए-हिंद' भी कहा जाता है।

**81.(a)**
दिए गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'आनंद की खोज' होगा। मनुष्य मृत्युपर्यन्त आनंद की खोज में प्रयत्नशील रहता है। सच्चे या आत्मिक आनंद की अनुभूति मनुष्य को कैसे होगी, इसी का विश्लेषण उपर्युक्त गद्यांश में किया गया है।

**82.(b)**
आत्मिक आनंद चिरस्थायी होता है, जो मनुष्य को उसके अन्तर्मन से प्राप्त होता है। मनुष्य का अन्तर्मन नकारात्मकता को मिटाकर सकारात्मकता से मन को शांत कर देता है, जिससे मनुष्य को आत्मिक आनंद की अनुभूति होती है।

**83.(a)**
प्रश्नगत गद्यांश का उपयुक्त सारांश विकल्प (a) है, यथा- जब अन्तर्मन को प्रतिदिन शांत, स्थिर और खुश रहने का निर्देश मिलता है तो वह एक आज्ञाकारी किन्तु समझदार सेवक की तरह मन की सारी नकारात्मक गतिविधियों को हटाता जाता है और अच्छी व सुखद अनुभूतियों को प्रवाहित करने लगता हैं। मन शांत होने से आनंद का अनुभव होने लगता है और धीरे-धीरे यही आनंद भाव स्थायी हो जाता है।

**84.(c)**
'संलग्न' का अंग्रेजी रूपान्तरण ENCLOSED है। शेष निम्नलिखित प्रकार से हैं-

ENDORSEMENT – अनुमोदन

STATEMENT – कथन

NOTIFICATION – अधिसूचना

**85.(b)**
'कब बबा मरहीं त कब बरा चुरही' का आशय 'कार्य का अनिश्चित होना' होता है। अन्य विकल्प लोकोक्ति के आशय से त्रुटिपूर्ण है।

**86.(a)**
''आये थे हरिभजन को, ओटन लगे कपास'' कहावत का अर्थ है– 'किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना'।

**87.(c)**
'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' मुहावरे के सही अर्थ 'अकेला व्यक्ति शक्तिशाली नहीं होता' है।

**88.(a)**
'खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई चल गई– पंक्ति में उपमा अलंकार है। जब एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाए' तो उसे **उपमा अलंकार** कहा जाता है। तुलना प्रकट करने वाले शब्द, सा, सी, से, सरिस, समान आदि जबकि जहाँ वर्णों की आवृत्ति बार-बार हो **अनुप्रास अलंकार** कहा जाता है। जैसे - 'चारु चंद की चंचल किरणें' पंक्ति में 'च' वर्ण कई बार आया है।

**उत्प्रेक्षा अलंकार** ''जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना की जाए'' सम्भावना करने वाले शब्द जनु, जानों, मनु, मानों, मनुहुँ, जनहुँ इत्यादि।

**89.(c)**
'सजना है मुझे सजना के लिए' पंक्ति में यमक अलंकार है।

यमक का अर्थ है– युग्म या जोड़ा, जहाँ एक शब्द अथवा शब्द समूह का एक से अधिक प्रयोग हो, उसका अर्थ हर बार अलग हो। **जैसे** : उधौ जोग जोग हम नाहीं इत्यादि।

**90. (e)**

'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रहीं हैं जल-थल में' इस पंक्ति में **अनुप्रास अलंकार** है। जहाँ किसी पंक्ति के शब्दों में एक ही वर्ण एक से अधिक बार आता है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। **जैसे** - चारु चन्द्र की चंचल किरणें। यहाँ 'च' वर्ण की आवृत्ति एक से अधिक बार हुई है।

**अन्योक्ति** - जब अप्रस्तुत के वर्णन द्वारा प्रस्तुत का बोध कराया जाता है तो उसे अन्योक्ति अलंकार कहते हैं। **जैसे-**

नहिं पराग नहिं मधुर मधु, नहिं विकास इहि काल।
अली कली ही सों बिध्यों, आगे कौन हवाल।।

**91.(c)**

'छप्पय' में चार से अधिक चरण होते हैं। यह विषम मात्रिक और संयुक्त छन्द है जैसा इसके नाम से स्पष्ट है, इस छन्द में छह चरण होते हैं। प्रथम चार चरण रोला के और शेष दो चरण उल्लाला के, प्रथम-द्वितीय और तृतीय-चतुर्थ के योग होते हैं। छप्पय में उल्लाला के सम-विषम (प्रथम-द्वितीय और तृतीय-चतुर्थ) चरण का योग 15 + 13 = 28 मात्राओं वाला ही अधिक प्रचलित है।

**92.(a)**

'**हास्य**' रस का स्थायी भाव '**हास**' होगा। हिन्दी में स्थायी भावों की संख्या नौ है, जो इस प्रकार है–

| रस | स्थायी भाव |
|---|---|
| श्रृंगार रस | रति |
| हास्य रस | हास |
| करुण रस | शोक |
| रौद्र रस | क्रोध |
| वीर रस | उत्साह |
| भयानक रस | भय |
| वीभत्स रस | जुगुप्सा |
| अद्भुत रस | आश्चर्य |
| शांत रस | निर्वेद |

**93.(b)**

'नाट्यशास्त्र' के प्रणेता आचार्य भरतमुनि के प्रसिद्ध रस सूत्र **'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः'** के प्रमुख व्याख्याकार भट्ट लोल्लट (नौवीं सदी), भट्टशंकुक (नौवीं सदी), भट्टनायक (ग्यारहवीं सदी) तथा अभिनवगुप्त (ग्यारहवीं सदी) हैं। भट्टलोल्लट का रस सिद्धान्त 'उत्पत्तिवाद', भट्टशंकुक का रस सिद्धान्त 'अनुमितिवाद', भट्टनायक का रस सिद्धान्त 'भुक्तिवाद' तथा अभिनव गुप्त का रस सिद्धान्त 'अभिव्यक्तिवाद' कहलाता है; जबकि आचार्य **क्षेमेन्द्र** औचित्य सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं और इनके काव्यशास्त्रीय ग्रंथ का नाम **औचित्यविचारचर्चा** है।

**94.(c)**

दिये गये वाक्यों में 'उसकी आँखों से आँसू निकल पड़े' अशुद्ध वाक्य है, जिसका शुद्ध रूप है 'उसकी आँख से आँसू निकल पड़े'। अन्य सभी वाक्य शुद्ध हैं।

**95.(a)**

दिये गये वाक्यों में 'जब सवेरा हुआ, तब हम लोग बाहर गए' मिश्र वाक्य है। इस प्रकार के वाक्यों में एक प्रधान (मुख्य) वाक्य तथा अन्य आश्रित उपवाक्य (गौण) होते हैं तथा दोनों आपस में– कि, जो, वह, जितना, उतना आदि से जुड़े होते है। शेष सभी साधारण वाक्य हैं।

**96.(a)**

'अतिथि आये और कार्यक्रम शुरू हुआ' एक संयुक्त वाक्य है। इसका सरल वाक्य 'अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हुआ', होगा।

रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं।

(1) **सरल वाक्य–**जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है, उन्हें सरल वाक्य या साधारण वाक्य कहते हैं। **जैसे–** (1) राम पढ़ता है। (2) मीरा विद्यालय जा रही है।

(2) **संयुक्त वाक्य–**जब दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (और, तथा, एवं, या, अतः, ....) से जुड़े हों, तो उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं। **जैसे–** मोहन खाना खाया और सो गया।

(3) **मिश्र वाक्य–**जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हो, जो आपस में 'की', क्योंकि, जो, जितना, उतना, जैसा, वैसा, जब, तब, जहाँ, वहाँ, आदि से मिश्रित हों, उन्हें मिश्रित वाक्य कहते हैं। **जैसे–** वह लड़का जो खाना खा रहा है, वह मेरा भाई है।

**97.(e)**

जिस समास में दोनों पद समान रूप से प्रधान हों, उसे द्वन्द्व समास कहते हैं। **जैसे-** राम-श्याम, राम और श्याम

| समास | परिभाषा/पहचान |
|---|---|
| द्विगु समास | जिसका पहला पद संख्यावाची होता है। |
| अव्ययीभाव समास | जिसका पहला पद अव्यय हो तथा दूसरा पद संज्ञा हो वहाँ पर अव्ययीभाव समास होता है। |
| बहुव्रीहि समास | जिसके दोनों पद प्रधान नहीं होते हैं। इसमें अन्य पद की प्रधानता होती है। |

**98.(b)**

ऋणमुक्त में अपादान तत्पुरुष है। अपादान तत्पुरुष (पंचमी तत्पुरुष) में अपादान कारक की विभक्ति 'से' (अलग होने का भाव) लुप्त हो जाता है। जैसे-

- ऋण से मुक्त → ऋणमुक्त
- धन से हीन → धनहीन
- पथ से भ्रष्ट → पथभ्रष्ट

**99.(b)**

जिस समास का पहला पद अव्यय हो तथा वह प्रधान हो, उसे 'अव्ययीभाव समास' कहते हैं। जैसे- यथासम्भव, प्रतिदिन, बार-बार, भरपेट, प्रत्यक्ष, आजीवन आदि।

**100.(b)**

जो पहले कभी नहीं हुआ इसका एक शब्द - अभूतपूर्व होगा। जबकि अद्भुत का अर्थ है 'जिसके विषय में आश्चर्य प्रकट हो।' अनुपम का अर्थ है 'जिसकी कोई उपमा न हो।' अपूर्व का अर्थ है 'जो पहले न हुआ हो।'

# PRACTICE SET - 3

## Part-I : English Language

**Comprehension:**

**Read the passage carefully and choose the best answer to each question out of the four alternatives.**

Doing an internship at the University of Lille in France, I almost always found myself stuck whenever I had to speak to non-Indians about India or on anything 'Indian'. This was more because of the subtle differences in the way the French understood India in comparison to what I thought was 'Indian'. For instance, when I, or any Indian for that matter, say 'Hindi' is an Indian language, what it means is that it is one of the languages widely spoken in India. This need not be similar to the understanding that the French would have when they hear of 'Hindi' as an Indian language. Because for them Hindi then becomes the only language spoken in India. This is a natural inference that the French, Germans, Italians and many other European nationals would tend to make, because that is generally how it is in their own respective countries. The risk of such inappropriate generalisations made about 'Indian' is not restricted to language alone but also for India's landscape, cuisine, movies, music, climate, economic development and even political ideologies. The magnitude of diversity of one European country can be easily compared to that of one of the Indian State, isn't it? Can they imagine that India is one country whose diversity can be equated to that of the entire European continent? The onus is upon us to go ahead and clarify the nuances in 'Indianness' while we converse. But why should one do so? How does it even matter to clarify?

**1. Why do some French people think that Hindi is the only Indian language?**

(a) Because that is the way in most European countries
(b) That is what is being taught to them
(c) They know India is also called as Hindustan so people there must speak only Hindi
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**2. The writer was working at a university in which country?**

(a) France (b) Germany
(c) Italy
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**3. What wrong with respect to India are the Europeans responsible for?**

(a) Their hatred towards Indian culture
(b) Their complete lack of knowledge regarding India's past
(c) Their inappropriate generalizations
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**4. The writer compares diversity of one European country to the diversity of ____________.**

(a) One major city in India
(b) One Indian State
(c) The whole continent of Asia
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**5. According to the writer the responsibility of explaining the facts about India to Europeans rests with?**

(a) Europeans
(b) Indians
(c) Rest of the world
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**6. Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**

**I wish I <u>were listening</u> to my parents.**

(a) have listened
(b) had listened
(c) No substitution required
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**7. Select the most appropriate word to fill in the blank.**

**These apples _____ Rs. 100 per kg. Do you think they are expensive?**

(a) cost (b) is costing
(c) has cost
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**8. Identify the segment in the sentence which contains the grammatical error. If there is no error, select 'No error'**

**We watched the workmen to repair the tiles of the kitchen.**

(a) of the kitchen
(b) We watched the workmen
(c) to repair the tiles
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**9. Select the option that will improve the underlined part of the sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**

**My father <u>is wishing</u> me to give all my time to studies now.**

(a) No improvement required
(b) has wished
(c) wishes
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**10. Identify the segment in the sentence, which contains the grammatical error.**
**The chart papers were distributed between all the childrens.**
(a) The chart papers (b) between all
(c) the childrens
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**11. Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No improvement',**
**The Delhi Birla International School <u>alumnus occupy</u> leading positions in different areas of profession and service.**
(a) alumnus occupies (b) alumni occupy
(c) No improvement
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**12. Identify the segment in the sentence which contains a grammatical error.**
**I will come to yours house in the evening to play chess.**
(a) I will come to yours house
(b) in the evening
(c) to play chess
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**13. Select the options that will improve the underlined part of the sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement'.**
**But what of the young people <u>whom are part of the cricket crowds, some of who are presumably born in England</u>?**
(a) who are part of the cricket crowds, some of who are presumably born in England
(b) No improvement
(c) who are part of the cricket crowds, some of whom are presumably born in England
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**14. Fill in the blank with the most appropriate word.**
**The man ______ book you are reading is my father.**
(a) that (b) whose
(c) who
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**15. Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Colloquial**
(a) Lexical (b) Conversational
(c) Prosodic
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**16. Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Lacuna**
(a) Apathy (b) Misfortune
(c) Hiatus
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**17. The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**he is / struggling to make / a honest living .**
(a) Struggling to make (b) he is
(c) a honest living
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**18. Identify the segment in the given sentence which contains the grammatical error.**
**If India will win this match they will win the series.**
(a) the series
(b) they will win
(c) if India will win this match
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**19. Choose the word that is opposite in meaning to the given word.**
**'Cupidity'**
(a) Largesse (b) Hatred
(c) Greed
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**20. Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**OFFBEAT**
(a) conventional (b) weird
(c) unique
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**21. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**The river / flowed beside / the hillock / in our village.**
(a) The river (b) In our village
(c) flowed besides
(d) More than one of the above
(e) None of the above

**22. Select the options that will improve the underlined part of the sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement'.**
**It includes a (<u>decision of the status</u>) of British and EU migrants resident in their respective territories**
(a) decision to the status
(b) decision on the status

# बिहार लोक सेवा आयोग
# सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी
# सामान्य अध्ययन

# BPSC AEDO
# प्रैक्टिस बुक

**प्रधान सम्पादक**
Anand K. Mahajan

**सम्पादन एवं संकलन**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**
**© All Rights Reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP Youth Prime BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

Free PDF & Notes - Click NOW

# विषय-सूची


■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-1 ........ 3-15
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-2 ........ 16-27
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-3 ........ 28-39
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-4 ........ 40-51
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-5 ........ 52-63
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-6 ........ 64-75
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-7 ........ 76-87
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-8 ........ 88-99
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-9 ........ 100-111
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-10 ........ 112-123
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-11 ........ 124-135
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-12 ........ 136-147
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-13 ........ 148-159
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-14 ........ 160-171
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-15 ........ 172-183
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-16 ........ 184-195
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-17 ........ 196-207
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-18 ........ 208-219
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-19 ........ 220-231
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-20 ........ 232-243
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-21 ........ 244-256
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-22 ........ 257-268
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-23 ........ 269-280
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-24 ........ 281-292
■ बिहार (AEDO) प्रैक्टिस सेट-25 ........ 293-304


## पाठ्यक्रम

लिखित परीक्षा के विषय, पत्र, परीक्षा की प्रकृति, प्रश्नों की संख्या, परीक्षा की अवधि एवं कुल अंक निम्नांकित होंगे–

| पत्र सं. | विषय | परीक्षा की प्रकृति | प्रश्नों की संख्या | अवध | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य अध्ययन | वस्तुनिष्ठ | 100 | 2 घंटा | 100 |

**सामान्य अध्ययन–** सामान्य विज्ञान, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की समसामयिक घटनाएं, भारत का इतिहास तथा बिहार के इतिहास की प्रमुख विशेषताएं, सामान्य भूगोल, बिहार के प्रमुख भौगोलिक प्रभाग तथा यहाँ की महत्वपूर्ण नदियां, भारत की राज्य व्यवस्था और आर्थिक व्यवस्था, आजादी के पश्चात् बिहार की अर्थ-व्यवस्था के प्रमुख परिवर्तन, भारत का राष्ट्रीय आन्दोलन तथा इसमें बिहार का योगदान को जांचने वाले प्रश्न होंगे।



Free PDF & Notes - Click NOW

# PRACTICE SET-01

**1. कुम्हार स्थल संबंधित है, प्राचीन**

(a) पाटलिपुत्र से (b) चम्पा से
(c) अंग से (d) राजगीर से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**2. भारत में सरकार का वित्तीय वर्ष चलता है**

(a) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक
(b) 1 मार्च से 28/29 फरवरी
(c) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक
(d) 1 फरवरी से 31 जनवरी तक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**3. भारतीय संविधान में संशोधन करके शिक्षा का अधिकार कब जोड़ा गया?**

(a) 1 अप्रैल, 2010 (b) 1 अगस्त, 2010
(c) 1 अक्टूबर, 2010 (d) 1 दिसम्बर, 2010
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**4. किस अनुच्छेद के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'राष्ट्रीय आपातकाल' की घोषणा की जा सकती है?**

(a) अनुच्छेद 352 (b) अनुच्छेद 370
(c) अनुच्छेद 371 (d) अनुच्छेद 395
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**5. जिस तारामण्डल के तारे ध्रुव तारे की ओर संकेत करते हैं वह है-**

(a) सप्तऋषि (b) मृग
(c) वृश्चिक (d) वृष
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**6. क्षेत्रफल के क्रम में भारत के तीन बड़े राज्य हैं–**

(a) राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र
(b) मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र
(c) महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश
(d) मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**7. ''भारत का प्रारंभिक इतिहास'' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) जेम्स मिल
(b) जॉन की
(c) आर. सी. मजूमदार
(d) वी. ए. स्मिथ
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**8. बिहार प्रदेश में तेजी से विकास करने वाला उद्योग है**

(a) खाद्य प्रसंस्करण (b) दुग्ध
(c) चीनी (d) निर्माण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**9. बिहार में 1937 में गठित प्रथम भारतीय मंत्रिमंडल का नेतृत्व किसने किया?**

(a) श्रीकृष्ण सिंह (b) मुहम्मद युनूस
(c) जी. एस. लाल (d) वहाब अली
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**10. पटना लॉन का गाँधी मैदान के रूप में नामकरण कब किया गया?**

(a) भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान
(b) साइमन आयोग-विरोधी रैली के दौरान
(c) चम्पारण सत्याग्रह के दौरान
(d) भारत के स्वतंत्रता के अवसर पर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**11. बिरसा को सोते हुए पकड़ा गया :**

(a) 1 फरवरी, 1900 (b) 2 फरवरी, 1900
(c) 3 फरवरी, 1900 (d) 4 फरवरी, 1900
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/ उपरोक्त में से एक से अधिक

**12. बिहार के चिरांद नामक पुरास्थल की प्राचीनतम संस्कृति है-**

(a) पुरापाषाणिक संस्कृति (b) मध्य-पाषाणिक संस्कृति
(c) नव-पाषाणिक संस्कृति (d) ताम्र-पाषाणिक संस्कृति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**13. ज्ञान दीपक नामक पुस्तक की रचना किस महान संत ने की थी?**

(a) सालार मसूद ग़ाज़ी (b) दरिया साहेब
(c) इमाम शाह फक़ीह (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14. बिहार में तुर्क सत्ता का वास्तविक संस्थापक कौन था?**

(a) मलिक हुसामुद्दीन (b) इब्न बख्तियार खिलजी
(c) इब्राहिम (d) दरिया खाँ नूहानी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**15. भारत की पहली स्वदेशी रूप से निर्मित हाइड्रोजन ईंधन सेल फ़ेरी बोट, जिसका उद्घाटन मार्च 2024 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया, किसके द्वारा विकसित की गई थी?**

(a) हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड
(b) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
(c) वेस्टर्न इंडिया शिपयार्ड लिमिटेड
(d) मज़गांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16. उत्तर भारत का पहला मानव डीएनए बैंक 30 जनवरी 2024 को कहाँ स्थापित किया गया?**

(a) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(b) किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी
(c) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
(d) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

**17. वह एंजाइम, जो हमारे मुँह में भोजन के साथ मिलता है/हैं–**
(a) पेप्सिन (b) परऑक्सीडेस
(c) एमाइलेज (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18. लीची का खाद्य भाग है**
(a) एरिल (b) थैलेमस
(c) बीज कोट (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19. पौधों में प्रदीप्तिकालिता की खोज करने वाले हैं**
(a) गार्नर और एलार्ड (b) स्टीवर्ड और सैलिसबरी
(c) थीमैन और स्कूग (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20. स्टोमेटा पत्तियों की सतह पर छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, जिनके द्वारा पौधे ग्रहण करते हैं**
(a) नाइट्रोजन (b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) पानी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21. सैरोलॉजी निम्न का अध्ययन है–**
(a) छिपकलियों का (b) मच्छरों का
(c) कॉकरोचों का (d) चमगादड़ का
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**22. यदि एक जीवाण्विक कोशिका प्रत्येक 15 मिनट में विभक्त होती है तब 2 घंटे में कितने जीवाण्विक निर्मित होंगे?**
(a) 16 (b) 8
(c) 64 (d) 256
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23. पौधों एवं पशु कोशिकाओं में अन्तर निम्न में किस संरचना से स्पष्ट होता है?**
(a) नाभिक (b) एंजाइम
(c) कोशिका भित्ति (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24. कोल्ड कंडीशन्स में स्थिर (नॉन-डीकम्पोजेबल) रहने वाला आर्टीफिशियल स्वीटनर निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) सैकरिन (b) सुक्रोज
(c) एस्पार्टेम (d) एलिटेम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**25. कमरे के ताप पर द्रव स्थिति में रहने वाली धातु का नाम बताइए।**
(a) पारा (b) ब्रोमीन
(c) सोडियम (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26. लोहे का विशुद्धतम रूप है–**
(a) स्टील (b) कच्चा लोहा
(c) ढलवां लोहा (d) पिटवां लोहा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**27. ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक नाम क्या है?**
(a) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
(b) कैल्शियम मोनोसल्फेट
(c) कैल्शियम टेट्राक्लोराइड
(d) सोडियम क्लोराइड
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**28. निम्नलिखित में से किस तत्त्व की परमाणु त्रिज्या सबसे बड़ी है?**
(a) लिथियम (b) बेरिलियम
(c) बोरॉन (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29. फलों को जबरदस्ती पकाने के लिए निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग किया जाता है?**
(a) ईथेन (b) एथिलीन
(c) मेथिलीन (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30. सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया से सोडियम क्लोराइड और जल बनते है। यह कौन-सी अभिक्रिया है?**
(a) उदासीनीकरण (b) विघटन
(c) संयोजन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31. सभी चुम्बकीय पदार्थ अपने चुम्बकीय गुण खो देते हैं, जब**
(a) जब पानी में डुबोए जाते हैं
(b) जब तेल में डुबोए जाते हैं
(c) लौह के टुकड़ों के निकट लाए जाते हैं
(d) जब गर्म किए जाते हैं
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**32. $50^0$C का मान फारेनहाइट स्केल में है?**
(a) $104^0$F (b) $122^0$F
(c) $100^0$F (d) $75^0$F
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**33. 40 डिग्री सेल्सियस का मान फारेनहाइट स्केल में है।**
(a) 104 $^0$F (b) 100 $^0$F
(c) 102 $^0$F (d) 75 $^0$F
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**34. संघनन क्या है?**
(a) गैस का ठोस में परिवर्तन
(b) ठोस का द्रव में परिवर्तन
(c) वाष्प का द्रव में परिवर्तन
(d) ऊष्मीय ऊर्जा का ठंडी ऊर्जा में परिवर्तन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**35. सोनार तकनीक का प्रयोग होता है–**
(a) पानी के नीचे पहाड़ियों का पता लगाने में
(b) हिम-शैल का पता लगाने में
(c) समुद्र की गहराई का पता लगाने में


Free PDF & Notes - Click NOW

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. चुंबकीय क्षेत्र है**
(a) अदिश राशि (b) सदिश राशि
(c) आयाम-रहित राशि (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37. हवा में नमी मापने के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?**
(a) एयरोमीटर (b) हाइड्रोमीटर
(c) हाइग्रोमीटर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38. हरित क्रांति की सफलता निम्नलिखित की उपलब्धता पर निर्भर है-**
(a) बीजों की उच्च पैदावार किस्म
(b) पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं
(c) रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक
(d) इनमें से सभी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**39. बिहार राज्य की शिशु-मरणांक दर है–**
(a) झारखण्ड से अधिक (b) झारखण्ड के बराबर
(c) झारखण्ड से कम (d) अखिल भारतीय स्तर पर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**40. बिहार के इतिहास में पहली बार राज्य का आर्थिक-सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया–**
(a) नीतीश कुमार के द्वारा (b) लालू प्रसाद के द्वारा
(c) सुशील मोदी के द्वारा (d) इनमें से किसी के द्वारा नहीं
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**41. राष्ट्रीय नियोजन में ''रोलिंग प्लान'' की अवधारणा लागू की गयी थी–**
(a) इंदिरा गांधी के द्वारा (b) राष्ट्रीय फ्रंट सरकार के द्वारा
(c) जनता सरकार के द्वारा (d) राजीव गाँधी के द्वारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**42. गरीबी का अंतर दर्शाता है**
(a) विकसित देशों और विकासशील देशों के बीच बुनियादी सुविधाओं में अंतर
(b) गरीबी रेखा और उस रेखा से नीचे रहने वाले सभी लोगों की वास्तविक आय स्तर के बीच का अंतर
(c) विकसित देशों और विकासशील देशों के बीच अंतर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43. नीति आयोग के अनुसार, वर्ष 2021-22 में, निम्न राज्यों में से किस एक में मल्टीडाइमेन्शनल पावर्टी इन्डेक्स ( एमपीआई ) सबसे निम्न था?**
(a) मध्य प्रदेश
(b) उत्तर प्रदेश
(c) मेघालय
(d) बिहार
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**44. गरीबी रेखा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?**
(a) NSSO द्वारा समय-समय पर इसका अनुमान लगाया जाता है।
(b) भारत में स्वीकृत औसत कैलोरी आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 2400 कैलोरी है।
(c) इसका अनुमान आमतौर पर हर पाँच साल में लगाया जाता है
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45. यदि किसी राज्य की विधान सभा का अध्यक्ष (स्पीकर) पद त्यागना चाहे तो उसे अपना त्यागपत्र देना चाहिए -**
(a) मुख्यमंत्री को (b) राज्यपाल को
(c) उपाध्यक्ष को (d) भारत के राष्ट्रपति को
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**46. विधान परिषद् के सदस्यों की न्यूनतम संख्या होती है-**
(a) 20 (b) 40
(c) 30 (d) 96
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**47. उच्च न्यायायल में न्यायाधीशों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार निम्नलिखित में से किसके पास है?**
(a) राष्ट्रपति (b) राज्य के मुख्यमंत्री
(c) प्रधानमंत्री (d) संसद
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**48. सरकार की संसदीय व्यवस्था के विषय में निम्नलिखित में से कौन–सा वक्तव्य सही है?**
(a) विधायिका, न्यायपालिका के प्रति जवाबदेह है।
(b) विधायिका, कार्यपालिका के प्रति जवाबदेह है।
(c) विधायिका एवं कार्यपालिका दोनों स्वतंत्र हैं।
(d) राष्ट्रपति, न्यायपलिका के प्रति जवाबदेह है।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**49. भारत के राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति है**
(a) विधायी शक्ति (b) कार्यकारी शक्ति
(c) अर्ध-न्यायिक शक्ति (d) न्यायिक शक्ति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**50. संसद को राज्य सूची में किसी मामले के सम्बन्ध में कानून बनाने की शक्ति है, बशर्ते यह है**
(a) सार्वजनिक हित में
(b) राष्ट्रीय हित में
(c) केन्द्रीय हित में
(d) क्षेत्रीय हित में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

**51. उच्चतम न्यायालय की व्यवस्था अनुसार निजी भवनों के ऊपर राष्ट्रीय झंडे को फहराना..........के तहत हर नागरिक का मौलिक अधिकार है।**

(a) संविधान का अनुच्छेद 14
(b) संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (a)
(c) संविधान का अनुच्छेद 21
(d) संविधान का अनुच्छेद 25
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**52. निम्नलिखित में से कौन सा एक मानव अधिकार भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक अधिकार भी है?**

(a) सूचना का अधिकार (Right to Information)
(b) काम का अधिकार (Right to Work)
(c) शिक्षा का अधिकार (Right to Education)
(d) मकान का अधिकार (Right to Housing)
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**53. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद प्रेस की स्वतंत्रता से सम्बन्धित है?**

(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 20
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 22
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**54. भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद देवनागरी लिपि में हिन्दी को संघ के सरकारी भाषा के रूप में मान्यता देता है?**

(a) 341 (b) 342
(c) 343 (d) 346
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**55. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संवैधानिक प्रावधानों की संघीय संसद/राज्य विधान पालिकाओं द्वारा बनाए गए नियमों/कानूनों पर प्राथमिकता प्रदान करता है?**

(a) 13 (b) 32
(c) 245 (d) 326
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**56. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में वर्णित है–**

(a) शहरी स्वशासन के बारे में
(b) पंचायत व्यवस्था के बारे में
(c) राजनीतिक दल-बदल के बारे में
(d) भाषाओं के बारे में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**57. ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार गैस है**

(a) $CH_4$ (b) $O_2$
(c) $SO_2$ (d) $CO_2$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**58. निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

(a) बलपकरम : मेघालय
(b) पन्ना : बिहार
(c) गुइंडी : तमिलनाडु
(d) मोल्लेम : गोवा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**59. निम्नलिखित संघ राज्य क्षेत्रों में से किसमें सबसे कम क्षेत्र वनाच्छादित है?**

(a) चण्डीगढ़
(b) पुदुचेरी
(c) दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव
(d) लक्षद्वीप
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**60. उल्टे एवं सीधे दोनों प्रकार के पारिस्थितिक पिरामिड किसमें पाये जाते हैं?**

(a) संख्या की पिरामिड
(b) जीवभार का पिरामिड
(c) ऊर्जा का पिरामिड
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) /उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री जैव विविधता के दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे समृद्ध क्षेत्र है, जिसमें ज्वारनदमुख, समुद्र तट, निकट-तटीय पर्यावरण के जंगल, समुद्री घास, प्रवाह भित्तियाँ, नमक दलदल और मैंग्रोव के साथ इक्कीस द्वीप शामिल हैं?**

(a) मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व
(b) नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व
(c) सुंदरबन बायोस्फीयर रिजर्व
(d) नीलगिरी बायोस्फीयर रिजर्व
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**62. सुर्खियाँ बटोरने वाली 'लिस्बन घोषणा' किस इकाई के संरक्षण से सम्बन्धित है?**

(a) वायु
(b) पर्वत
(c) महासागर
(d) मीठे पानी के ग्लेशियर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?**

(a) 2011 की जनगणना के अनुसार, सिक्किम की जनसंख्या 6 लाख है।
(b) क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है।
(c) भारत का क्षेत्रफल विश्व के क्षेत्रफल का 2.6 प्रतिशत है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64. भारत में 2001-2011 में दशकीय महिला जनसंख्या वृद्धि दर थी**

(a) 21.44% (b) 18.12%
(c) 23.18% (d) 17.64%
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

**65. कुल जनसंख्या एवं कुल क्षेत्रफल के अनुपात को क्या कहते हैं?**
(a) लिंगानुपात
(b) साक्षरता दर
(c) जनसंख्या घनत्व
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66. इंग्लैण्ड में स्थित पीनाईन नामक पर्वत श्रेणी के विस्तार की दिशा है**
(a) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम
(b) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर से दक्षिण
(d) पूर्व से पश्चिम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67. निम्नलिखित में से कौन-सा जंगल/झाड़ी दावानल भूमध्य सागरीय जलवायु के प्रकार का नहीं है?**
(a) कैलिफोर्निया (b) तुर्की
(c) विक्टोरिया (d) साइबेरिया
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**68. निम्नलिखित में से कौन-सा एक क्षेत्र भूमध्यसागरीय प्रकार की जलवायु का नहीं है?**
(a) मध्य कैलिफोर्निया (b) उत्तरी न्यूजीलैण्ड
(c) मध्य चिली (d) अफ्रीका का दक्षिणी छोर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**69. निम्न में से किस क्षेत्र में भूमध्यसागरीय जलवायु प्रचलित नहीं है?**
(a) मध्य चिली (b) केप टाउन
(c) एडिलेड (d) पम्पाज़
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**70. खगोल वैज्ञानिकों द्वारा खोजे गए अत्यधिक ऊर्जा वाले पार्टिकल अमैतरासू (Amaterasu) का नामकरण निम्न आधार पर किया गया**
(a) अमेरिकन चंद्रा देवी (b) इटालियन सूर्य देव
(c) जापानी सूर्य देवी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71. चंद्रमा सदृश्य ग्रह कौन-सा है?**
(a) मंगल (b) बुध
(c) पृथ्वी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72. पृथ्वी एवं सूर्य के बीच अधिकतम दूरी होती है**
(a) अपसौर में (b) उपसौर में
(c) ग्रीष्म संक्रांति में (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73. निम्नलिखित लौह अयस्कों में से बैलाडिला में किसका खनन होता है?**
(a) हेमेटाइट (b) सिडेराइट
(c) लिमोनाइट (d) मैग्नेटाइट
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**74. शीत ऋतु में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा होने का कारण है**
(a) लौटते हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून
(b) दक्षिण-पश्चिम मानसून
(c) पश्चिमी विक्षोभ
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75. हैदराबाद में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की सामान्य तिथि क्या है?**
(a) 1 अक्टूबर (b) 15 अक्टूबर
(c) 1 नवम्बर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76. ट्रिवार्था के अनुसार भारत की जलवायु किस प्रकार की है?**
(a) सवाना प्रकार (b) उपोष्ण मानसूनी जलवायु
(c) भूमध्यसागरीय प्रकार (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77. किस रेखांश पर भारतीय मानक समय अपनाया जाता है?**
(a) 78.5° पूर्व (b) 82.5° पूर्व (East)
(c) 87.5° पूर्व (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78. भारतीय उपमहाद्वीप पूर्व में मूलतः एक भाग था-**
(a) टेथिस का (b) गोण्डवाना लैण्ड का
(c) पैंजिया का (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79. ग्रीनविच माध्य समय (जी.एस.टी.) से भारतीय मानक समय (आई.एस.टी.) कितना आगे रहता है?**
(a) $05\frac{1}{2}$ घंटे (b) 06 घंटे
(c) 05 घंटे (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80. 1815 में प्रकाशित राजा राममोहन राय की पहली पुस्तक का नाम क्या था?**
(a) वेदांत ग्रंथ (b) तुहफत-उल-मुवाह्हीदीन
(c) भारतीय विलास (d) शाकुंतलम्
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**81. दक्कन एजूकेशन सोसाइटी के संस्थापक कौन थे?**
(a) ज्योतिबा फुले (b) फिरोज शाह मेहता
(c) एम.जी. रानाडे (d) बाल गंगाधर तिलक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**82. अबुल कलाम आजाद के द्वारा किस पत्रिका को संपादित किया गया था?**
(a) जमींदार (b) कॉमरेड
(c) अल-हिलाल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83. इनमें से कौन 'वन्दे मातरम्' समाचार-पत्र के संपादक थे?**
(a) बंकिम चन्द्र चटर्जी (b) अरविन्द घोष
(c) विपिन चन्द्र पाल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं


Free PDF & Notes - Click NOW

**84. किस वर्ष लॉर्ड लिटन ने भाषाई आधार पर प्रेस की स्वतंत्रता को प्रतिबन्धित कर दिया?**
(a) 1878 ई. (b) 1872 ई.
(c) 1877 ई. (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85. 1857 ई. के विद्रोह के एक नेता कुँवर सिंह किस स्थान से संबंधित थे?**
(a) ग्वालियर (b) जगदीशपुर
(c) झाँसी (d) मेरठ
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**86. 1857 के विद्रोह के समय दिल्ली का प्रभारी अंग्रेज अधिकारी कौन था?**
(a) जेनरल हेविट (b) लेफ्टिनेन्ट हडसन
(c) लेफ्टिनेन्ट विलोगबाई (d) जॉन निकोलसन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**87. इनमें से किसने 1857 में विद्रोहियों को धोखा दिया था?**
(a) गणपत पांडे (b) ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव
(c) जमादार माधो सिंह (d) विश्वनाथ दूबे
(e) उपर्युक्त में से कोई नही/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**88. शेरशाह की भू-लगान व्यवस्था की निम्नलिखित में से किससे तुलना की जा सकती है?**
(a) जमीन्दारी व्यवस्था (b) महलवारी व्यवस्था
(c) रैय्यतवाड़ी व्यवस्था (d) इक्तेदारी व्यवस्था
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**89. फतेहपुर सीकरी स्थित प्रसिद्ध बुलंद दरवाजा जामी मस्जिद का कौन-सा प्रवेश द्वार है?**
(a) पश्चिमी (b) पूर्वी
(c) दक्षिणी (d) उत्तरी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**90. भारत के किस नगर को मध्यकाल में 'शिराज-ए-मशरिक' (पूरब का शिराज) कहा जाता था?**
(a) आगरा (b) दिल्ली
(c) लखनऊ (d) जौनपुर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**91. दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान को 'लाख बख्श' कहा जाता था?**
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) बलबन
(c) रजिया (d) अलाउद्दीन खलजी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**92. इनमें से किस दिल्ली सल्तनत के शासक ने कुतुबमीनार के पास 'हौज-ए-शम्सी' का निर्माण करवाया था?**
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) इल्तुतमिश
(c) बलबन (d) फिरोज शाह तुगलक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**93. विग्रहराज IV ने अजमेर की 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' नामक मस्जिद के पहले किसका निर्माण किया था?**
(a) कॉलेज (b) मंदिर
(c) गरीबखाना (d) धर्मशाला
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**94. ऐहोल में 'दुर्गा मंदिर' का निर्माण हुआ था-**
(a) चोल काल में (b) चालुक्य काल में
(c) पल्लव काल में (d) सातवाहन काल में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**95. सिंधु घाटी के लोग थे :**
(a) शाकाहारी
(b) मांसाहारी
(c) शाकाहारी और मांसाहारी दोनों
(d) गाय का मांस नहीं खाने वाले
(e)उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**96. चन्हूदड़ों, हड़प्पा-संस्कृति से संबंधित एक स्थल है, जो स्थित है-**
(a) सिंध में (b) पंजाब में
(c) गुजरात में (d) बहावलपुर में
(e)उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**97. पुरुषार्थ कितने हैं?**
(a) दो (b) चार
(c) छः (d) सोलह
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**98. प्रथम मानव जीवाश्म भारत की किस नदी घाटी से प्राप्त हुआ था?**
(a) गंगा घाटी (b) यमुना घाटी
(c) नर्मदा घाटी (d) ताप्ती घाटी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**99. भारत में पशुपालन एवं कृषि के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।**
(a) अंजिरा से (b) दम्ब सदात से
(c) किली गुल मोहम्मद से (d) मेहरगढ़ से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**100. निम्न कथनों में से कौन-से कथन सही है?**
I. हड़प्पा का उत्खनन 1921 में किया गया था।
II. वर्तमान में, हड़प्पा पाकिस्तान में है।
III. हड़प्पा व्यास नदी के किनारे था।
IV. हड़प्पा के उत्खननकर्ता आर0डी0 बनर्जी थे।
V. छत्र वाला ताम्र-रथ हड़प्पा से मिला है।
(a) केवल I और II (b) केवल I, II और V
(c) केवल II और IV (d) केवल I, III और IV
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

# Solution : Practice Set-01

## Answer Key

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1. (a)** | **11. (e)** | **21. (a)** | **31. (d)** | **41. (c)** | **51. (b)** | **61. (a)** | **71. (b)** | **81. (d)** | **91. (a)** |
| **2. (c)** | **12. (c)** | **22. (d)** | **32. (b)** | **42. (b)** | **52. (c)** | **62. (c)** | **72. (a)** | **82. (c)** | **92. (b)** |
| **3. (a)** | **13. (b)** | **23. (c)** | **33. (a)** | **43. (d)** | **53. (a)** | **63. (a)** | **73. (a)** | **83. (b)** | **93. (a)** |
| **4. (a)** | **14. (b)** | **24. (c)** | **34. (c)** | **44. (e)** | **54. (c)** | **64. (b)** | **74. (e)** | **84. (a)** | **94. (b)** |
| **5. (a)** | **15. (b)** | **25. (a)** | **35. (d)** | **45. (c)** | **55. (c)** | **65. (c)** | **75. (b)** | **85. (b)** | **95. (c)** |
| **6. (a)** | **16. (d)** | **26. (d)** | **36. (b)** | **46. (b)** | **56. (d)** | **66. (c)** | **76. (b)** | **86. (e)** | **96. (a)** |
| **7. (d)** | **17. (c)** | **27. (a)** | **37. (c)** | **47. (a)** | **57. (d)** | **67. (d)** | **77. (b)** | **87. (d)** | **97. (b)** |
| **8. (e)** | **18. (a)** | **28. (a)** | **38. (d)** | **48. (e)** | **58. (b)** | **68. (b)** | **78. (b)** | **88. (c)** | **98. (c)** |
| **9. (b)** | **19. (a)** | **29. (b)** | **39. (a)** | **49. (a)** | **59. (a)** | **69. (d)** | **79. (a)** | **89. (c)** | **99. (d)** |
| **10. (d)** | **20. (b)** | **30. (a)** | **40. (c)** | **50. (b)** | **60. (b)** | **70. (c)** | **80. (b)** | **90. (d)** | **100. (a)** |

## Solution

**1. (a)**
कुम्हार स्थल प्राचीन पाटलिपुत्र से संबंधित स्थल है। यहां की खुदाई से मौर्यकाल के भग्नावशेष प्राप्त हुए हैं। यहां अवशेषों की खुदाई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 1913 से शुरु की गई थी। यह पटना रेलवे स्टेशन से 5 किमी. पूर्व में स्थित है।

**2. (c)**
"भारत सरकार का वित्तीय वर्ष" 01 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 31 मार्च के मध्य होता है।

**3. (a)**
86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया गया। संविधान में अनुच्छेद 21क अंतःस्थापित कर यह व्यवस्था की गई कि राज्य 6 से 14 वर्ष के आयु के समस्त बच्चों को, ऐसे ढंग से जैसा कि राज्य, विधि द्वारा अवधारित करें, निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करायेगा। उपर्युक्त प्रावधानों के परिपालन हेतु 'निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा विधेयक-2009' को संसद द्वारा 4 अगस्त, 2009 को मंजूरी प्रदान करने के पश्चात 1 अप्रैल, 2010 लागू हुआ।

**4. (a)**
अनुच्छेद 352 यह घोषणा करता है कि 1. युद्ध, 2. बाह्य आक्रमण और 3. सशस्त्र विद्रोह की स्थिति में राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपात की घोषणा की जाती है। राष्ट्रीय आपात की घोषणा राष्ट्रपति मंत्रिमण्डल की लिखित सिफारिश पर करता है। 44वें संविधान संशोधन द्वारा अनु. 352 के अधीन उद्घोषणा सम्पूर्ण भारत में अथवा उसके किसी भाग में की जा सकती है।

**5. (a)**
सप्तऋषि तारामण्डल के तारे ध्रुव तारे की ओर संकेत करते हैं जिससे ध्रुव तारे की पहचान करने में सहायता मिलती है। इसकी किरणें पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव पर $90^o$ का कोण बनाती हैं। ध्यातव्य है कि ध्रुव तारा के किरणों के पृथ्वी के धरातल पर आपतन कोण के आधार पर पृथ्वी के अक्षांशों का निर्धारण किया जाता है। यह तारा पृथ्वी से 434 प्रकाश वर्ष दूर उर्सा माइनर या लिटिल डिपर तारा समूह का सदस्य है। उत्तरी गोलार्द्ध के किसी स्थान से 24 घंटे इस तारा को आकाश में एक ही स्थान पर देखा जा सकता है।

**6. (a)**
क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के तीन बड़े राज्य क्रमशः राजस्थान, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र हैं।

**7. (d)**
"भारत का प्रारम्भिक इतिहास" पुस्तक के लेखक विन्सेन्ट आर्थर स्मिथ है। ये साम्राज्यवादी विचार धारा से प्रभावित इतिहासकार थे। 1904 ई. में प्रकाशित उनकी यह पुस्तक (अर्लीहिस्ट्री ऑफ इंडिया) प्राचीन भारत का पहला व्यवस्थित इतिहास है।

**8. (e)**
बिहार राज्य की लगभग 80% जनसंख्या कृषि कार्य में लगी है। वर्तमान में बिहार राज्य खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी में, चीनी उत्पादन, विनिर्माण तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। अतः उपर्युक्त सभी विकल्प सही है।

**9. (b)**
1935 के भारत परिषद अधिनियम के अन्तर्गत देश भर में जनवरी 1937 में चुनाव कराये गये। बिहार में कांग्रेस को प्रभावशाली बहुमत प्राप्त हुआ। कुल 152 स्थानों में 107 पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा और 98 स्थानों पर उसे विजय मिली। 24 मार्च 1937 को बिहार के तत्कालीन राज्यपाल एम. जी. हैलेट ने कांग्रेस विधायक दल के नेता श्री कृष्ण सिंह को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया, श्री कृष्ण सिंह ने सरकार बनाने से इंकार कर दिया तत्पश्चात राज्यपाल ने बिहार इन्डिपेन्डेन्ट मुस्लिम पार्टी के नेता मुहम्मद यूनुस को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया। मोहम्मद यूनुस बिहार के पहले प्रधानमंत्री बने। 1 अप्रैल 1937 को मोहम्मद युनूस के नेतृत्व में पहला मंत्रिमंडल बिहार में गठित हुआ। इसके अन्य सदस्य वहाब अली, कुमार अजीत प्रसाद सिंह और गुरूसहाय लाल थे। कांग्रेस ने इसका विरोध किया इसी बीच वायसराय ने आश्वासन दिया कि भारतीय मंत्रियों के वैधानिक कार्यो में राज्यपाल हस्तक्षेप नहीं करेंगे। 7 जुलाई 1937 को कांग्रेस की कार्यकारिणी ने सरकार के गठन का फैसला किया। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने त्यागपत्र दिया और 20 जुलाई को श्रीकृष्ण सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के मंत्रिमंडल का गठन हुआ।

**10. (d)**
भारत का पहला सिविल नाफरमानी का संघर्ष शुरू करने के बाद बापू की विशाल जनसभा जनवरी 1918 में पटना लॉन मैदान में आयोजित हुई। तभी से इसका नाम गांधी मैदान पड़ा। आधुनिक पटना की स्थापना 16वीं सदी में शेरशाह सूरी के प्राचीनकालीन पाटलिपुत्र नगरी के स्थल पर किया गया है। गंगा, सोन, गंडक, और पुनपुन नदियों के बीच बसा यह शहर विश्व के प्राचीनतम


Free PDF & Notes - Click NOW

शहरों में से एक है। इसे पाटलिपुत्र, कुसुमपुर, पुष्पपुर, अजीमाबाद आदि नामों से भी पुकारा गया। पटना में अनेक दर्शनीय स्थल है। उनमें से एक पश्चिमी पटना में स्थित पटना लॉन है, जिसे गांधी मैदान के नाम से भी जाना जाता है। इसका यह नामकरण भारत के स्वंतत्रता के अवसर पर किया गया।

**11. (e)**
प्रश्नगत कोई भी विकल्प सत्य नहीं है क्योंकि बिरसा मुंडा को बंगाल के जामकोपाई वन में सोते समय 3 मार्च, 1900 को गिरफ्तार किया गया था। बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक नेता और लोक नायक थे जो मुंडा जनजाति के थे। उन्होने एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आन्दोलन का नेतृत्व किया।

**12. (c)**
छपरा से 11 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित चिरांद सारण जिला का सबसे महत्वपूर्ण पुरातत्व स्थल नव पाषाण काल से सम्बंधित है। घाघरा नदी के किनारे बने स्तूपनुमा भराव को हिन्दू, बौद्ध तथा मुस्लिम प्रभाव के उतार-चढ़ाव से जोड़कर देखा जाता है। भारत में यह नव पाषाणकाल का पहला ज्ञात स्थल है। चिरांद के नव पाषाणकाल की प्रमुख विशेषता यहाँ से हड्डियों के औजार का पाया जाना है।

**13. (b)**
ज्ञान दीपक नामक पुस्तक की रचना महान संत दरिया साहेब ने की थी। इन्हें दरिया दास या बिहार वाले के नाम से भी जाना जाता है। ये भोजपुरी कवि और दरियादासी सम्प्रदाय के संस्थापक थे। इन्हें कबीर का अवतार माना जाता है। इन्होंने 20 से अधिक पुस्तके लिखी है, जिनमें से ''ज्ञान दीपक'' और ''दरिया साहेब'' प्रमुख है। ध्यातव्य है कि 'दरिया साहेब' उनकी आत्मकथा है।

**14. (b)**
बिहार में तुर्क सत्ता की स्थापना का वास्तविक श्रेय इब्ने बख्तियार खिलजी को जाता है। वह बनारस तथा अवध क्षेत्र के सेनापति मलिक हुसामुद्दीन का सहायक था। उसने 12वीं -13वीं शताब्दी में बिहार में कर्मनासा नदी के पूर्वी ओर सैनिक अभियान किया। उस समय वहाँ पर सेन वंश शासक लक्ष्मणसेन था और पाल की पहली महत्वपूर्ण सफलता ओदन्तपुरी (बिहार शरीफ) की विजय थी जो 1198 ई. में सम्पन्न हुई। बख्तियार खिलजी ने ऐबक की सम्प्रभुता औपचारिक रूप से स्वीकार की, मगर व्यवहार में वह अपने विजित क्षेत्रों का शासक बना रहा। उसने अपनी राजधानी लखनौती को बनाया था।

**15. (b)**
भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल चालित नौका का निर्माण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। इस नौका की क्षमता 50 यात्रियों की है। यह फेरी हरित नौका पहल का हिस्सा है। इस फेरी को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में गंगा नदी में चलाया जायेगा। यह पर्यावरण के अनुकूल, ऊर्जा कुशल एवं न्यूनतम आवाज वाली फेरी है। इसे दहन जहाजों की तुलना में कम रख-रखाव की जरूरत पड़ती है।

**16. (d)**
उत्तर भारत का पहला DNA बैंक बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के जूलॉजी डिपार्टमेंट में 30 जनवरी, 2024 को स्थापित किया गया। इसमें 'मेक इन इण्डिया' के तहत निर्मित मशीनों को लगाया गया है। वर्ष 1953 में वॉटसन एवं क्रिक ने DNA की द्विकुंडलित संरचना मॉडल प्रतिपादित किया, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1962 में नोबेल पुरस्कार मिला, DNA सभा आनुवांशिकी क्रियाओं का संचालन करता है। जीन इसकी इकाई है एवं यह प्रोटीन संश्लेषण को नियंत्रित करता है।

**17. (c)**
एमाइलेज पहला एंजाइम है, जो हमारे मुँह में भोजन के साथ मिश्रित होता है, यह एक लारयुक्त एंजाइम है। मुख में लार ग्रंथियां एमाइलेज एंजाइम को स्रावित करती है। यह भोजन में मौजूद स्टार्च को पचाकर शर्करा बनाता है। स्टार्च कार्बोहाइड्रेट का पाचन मुख में शुरू होता है। एमाइलेज भोजन के साथ क्रिया करने वाला पहला एंजाइम है।

**18. (a)**
लीची एक फल है जिसका वैज्ञानिक नाम 'Litchi Chinensis' है। इसके खाने वाले भाग का नाम एरिल है। इसे रज्जु से विकसित किया जाता है जिसे बीज डंठल के रूप में जाना जाता है। कुछ प्रमुख फल एवं उसके खाने वाले भाग निम्न हैं-

| **फल** | **-** | **खाद्य भाग** |
|---|---|---|
| आम | - | मध्यफल भित्ति |
| नारियल | - | भ्रूणपोष |
| सेब | - | मांसल पुष्पासन |

**19. (a)**
पौधो में प्रदीप्तिकालिता की खोज गार्नर और एलार्ड ने सन् 1920 में की थी। कुछ पौधों में फूल खिलने के लिए निश्चित मात्रा में प्रकाश की आवश्यकता होती है, इसे ही पौधों की प्रदीप्तिकालिता (Photopriodism) कहते है। यह पौधों पर नहीं बल्कि जानवरों पर भी लागू होता है। प्रदीप्तिकालिता के आधार पर पौधों को तीन वर्गों में बाँटा गया है, जो निम्न है–

**लंबे दिन वाले पौधे–** जिन पौधों को प्रकाश की अधिक आवश्यकता होती है वे पौधे अधिक लंबे दिन वाले पौधे (LDP) होते है। जैसे– मूली, पालक, चुकन्दर आदि।

**छोटे दिन वाले पौधे–** जिन पौधों को प्रकाश की कम आवश्यकता होती है, उन्हें छोटे दिन वाले पौधें (SDP) कहा जाता है। जैसे- सूरजमुखी, चावल, सोयाबीन, तंबाकू आदि।

**दिन तटस्थ पौधे–** वे पौधे जिनमें दिन की लंबाई की परवाह किए बिना फूल आते है, दिन तटस्थ पौधे (DNP) कहलाते है। जैसे– गुलाब, टमाटर, ककड़ी आदि।

**20. (b)**
स्टोमेटा पत्तियों की सतह पर मौजूद छोटे छिद्र है; जिनके जरिए पौधे कार्बनडाई ऑक्साइड ग्रहण करते है एवं ऑक्सीजन छोड़ते हैं।

**21. (a)**
सैरोलॉजी में छिपकलियों का (Lizards) अध्ययन किया ाता है। छिपकली संघ कॉर्डेटा से संबंधित है।

सॉंपों का अध्ययन – ओफियोलॉजी (Ophiology)
उभयचर एवं सरीसृप का अध्ययन – हर्पेटोलॉजी (Herpetology)

**22. (d)**
जीवाणु कोशिका 15 मि. में 2 भागों में विभक्त होती है तो 120 मि. में जीवाण्विक कोशिका से 256 जीवाण्विक निर्मित होंगे।

**23. (c)**
पौधे (पादप) एवं पशु (जन्तु) कोशिकाओं में अन्तर मुख्यतः कोशिका भित्ति से ही स्पष्ट होती है। कोशिका भित्ति पादप कोशिका के चारों ओर एक मोटा और कड़ा आवरण होती है। यह भित्ति मुख्यतः सेल्यूलोज की बनी होती है। यह पारगम्य होती है।

**24. (c)**
ठंडे पेय पदार्थों में कृत्रिम मिठास के लिए सर्वाधिक उपयोग किया जाने वाला पदार्थ 'एस्पार्टेम' है, जो चीनी से भी अधिक मीठा होता है।


Free PDF & Notes - Click NOW

**25. (a)**
धातुओं में पारा सामान्य ताप (कमरे के ताप पर) पर द्रव है। पारा का प्रयोग थर्मामीटर, अमलगम आदि बनाने में किया जाता है। प्रकृति में पारे को छोड़कर लगभग सभी धातुएं ठोस अवस्था में पायी जाती हैं। पारा सामान्य ताप पर द्रव है। विभिन्न क्षारीय धातु के सिलिकेटों के अक्रिस्टलीय मिश्रण को कांच (शीशा) कहते हैं। साधारण कांच बनाने में सिलिका, विरंजक पदार्थ, क्षारीय धातु के ऑक्साइड, कैल्शियम ऑक्साइड आदि पदार्थों की आवश्यकता पड़ती हैं। वनस्पति तेलों से कृत्रिम घी बनाने में निकेल उत्प्रेरक का काम करता है। टिन से रांगा प्राप्त किया जाता है।

**26. (d)**
लोहा एक संक्रमण धातु है। भू-गर्भिक तत्वों में लोहे का चौथा स्थान है। प्रकृति में लोहा मुक्त अवस्था में नहीं पाया जाता है। पिटवां लोहा शुद्ध लोहा होता है। यह आघातवर्ध्य और तन्य होता है। इसमें कार्बन की मात्रा सबसे कम होती है जबकि ढलवां लोहा में कार्बन की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक होती है। इसी कारण यह कठोर और भंगुर होता है।

**27. (a)**
ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक नाम कैल्सियम ऑक्सीक्लोराइड है तथा इसका रासायनिक सूत्र $CaOCl_2$ है। ब्लीचिंग पाउडर एक अकार्बनिक रसायन है।

**28. (a)**
किसी परमाणु के नाभिक से उसके बाहरी इलेक्ट्रॉन कक्षा के बीच की दूरी को परमाणु त्रिज्या कहते है। हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता सिद्धांत त्रिज्या का एक सटीक माप प्रस्तुत करता है, जिसके अनुसार दो बंधित परमाणुओं के नाभिक के बीच की दूरी के आधार पर त्रिज्या का निर्धारण करते है। बंधन के आधार पर परमाणु की अलग-अलग त्रिज्या होगी इसलिए परमाणु का कोई निश्चित दायरा नहीं होता है। इसलिए परमाणु की कोई भी त्रिज्या उनके द्वारा बनाये गए बंधो पर निर्धारित की जाती है। उपर्युक्त विकल्प में लिथियम की परमाणु त्रिज्या (167 pm) सर्वाधिक है। अन्य विकल्पों बेरिलियम तथा बोरॉन की परमाणु त्रिज्या क्रमशः 112 pm तथा 87 pm है।

**नोट :** फ्रांसियम की परमाणु त्रिज्या सर्वाधिक (348 पिकोमीटर) तथा हीलियम की परमाणु त्रिज्या न्यूनतम (0.208 nm) है।

**29. (b)**
फलों को जबरदस्ती पकाने के लिए एथिलीन गैस का उपयोग किया जाता है। एथिलीन एक रंगहीन गैस है, जिसका रासायनिक सूत्र $C_2H_4$ होता है। इसके सम्पर्क में आने पर फल पक जाते हैं क्योंकि एथिलीन हवा में ऑक्सीजन गैस के साथ प्रतिक्रिया करके कार्बन डाईऑक्साइड और पानी बनाती है। ये उत्पाद फलों के पकने की प्रक्रिया को तेज करने में मदद करती है।

**30. (a)**
सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया से सोडियम क्लोराइड और जल बनता है। यह अभिक्रिया उदासीनीकरण अभिक्रिया है, जिसमें अम्ल और क्षार क्रिया करके एक लवण और जल का निर्माण करते हैं।

$$NaOH + HCl \quad NaCl + H_2O$$

**31. (d)**
सभी चुम्बकीय पदार्थ अपने चुम्बकीय गुण, गर्म किए जाने पर खो देते हैं चुम्बक को गर्म करने पर चुम्बक धीरे-धीरे अपनी चुम्बकीय शक्ति खोते चले जाते हैं और अंततः अपनी पूर्ण चुम्बकीय शक्ति खो देते हैं। पुनः ठण्डा करने पर भी वे अपनी चुम्बकीय शक्ति वापस नहीं पा सकते हैं।

**32. (b)**
$37^0$ सेण्टीग्रेड = $98.6^0$ फारेनहाइट होता है। जबकि $50^0$ सेण्टीग्रेड = $122^0$ फारेनहाइट होता है–

$$\frac{C \quad 0}{100} \quad \frac{F \quad 32}{180}$$

$$\frac{50}{100} \quad \frac{F \quad 32}{180}$$

$$F - 32 = 90$$

$$F = 90 + 32 = 122^0 F$$

**33. (a)**

$$T_C = \frac{5}{9}(T_F \quad 32)$$

$$\frac{9}{5} \quad 40 \quad T_F \quad 32$$

$$T_F = 72 + 32$$

$$T_F = 104^oC$$

**34. (c)**
वाष्प का द्रव में परिवर्तन संघनन कहलाता है। गैस के ठोस में परिवर्तित होने की परिघटना को निक्षेपण कहते हैं तथा ठोस के द्रव में परिवर्तित होने को मेल्टिंग कहते हैं।

**35. (d)**
सोनार एक ऐसी तकनीक है जिसमें ध्वनि संचरण का उपयोग पानी की सतह पर या उसके नीचे की वस्तुओं का पता लगाने के लिए किया जाता है। सोनार प्रतिध्वनि के सिद्धांत पर आधारित है। यह अल्ट्रासोनिक तरंगें उत्पन्न करता है, यह तरंगें समुद्र तल पर या समुद्र में कहीं भी स्थित वस्तु तक पहुँचती हैं और परिवर्तित होकर डिटेक्टर द्वारा महसूस की जाती है। इस प्रकार सोनार तकनीकी का उपयोग समुद्र की गहराई निर्धारित करने, पानी के नीचे की पहाड़ियों, पनडुब्बियों, घाटियों, हिमखण्डों आदि का पता लगाने हेतु किया जाता है।

**36. (b)**
चुम्बकीय क्षेत्र एक सदिश राशि है। वैसी भौतिक राशियाँ जिनमें परिमाण के साथ-साथ दिशा दोनो निर्दिष्ट होते है और जो योग के निश्चित नियमों के अनुसार जोड़ी जाती है उन्हें सदिश राशि कहते हैं; **जैसे–** विस्थापन, त्वरण आदि।

चुम्बकीय क्षेत्र विद्युत धाराओं और चुंबकीय सामग्री का चुंबकीय प्रभाव है। चुम्बकीय क्षेत्र की इकाई टेस्ला है। एक टेस्ला एक वेबर प्रति वर्ग मीटर के बराबर होता है।

**37. (c)**
हवा में नमी (आर्द्रता) मापने के लिए हाइग्रोमीटर (आर्द्रतामापी) का उपयोग किया जाता है।

हाइड्रोमीटर – किसी द्रव का आपेक्षिक घनत्व मापता है।

एयरोमीटर – वायु या अन्य गैसों का वजन एवं घनत्व आदि मापने का उपकरण।

**38. (d)**
अमेरिकी विद्वान डॉ. विलियम गॉड ने सर्वप्रथम हरित क्रांति शब्द का प्रयोग करते हुए अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रयोग का उल्लेख किया था। भारत में 1960 के दशक में कृषि में हरित क्रांति आई जिसके परिणामस्वरूप खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता आई। भारत के संदर्भ में हरित क्रांति का तात्पर्य सातवें दशक के मध्य में कृषि उत्पादन में उस तीव्र वृद्धि से है जो ऊँची उपज वाले बीजों एवं रासायनिक खादों व नई तकनीक के प्रयोग के फलस्वरूप हुई। इसमें डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का विशेष योगदान था।


Free PDF & Notes - Click NOW

**39. (a)**
वर्ष 2007 में बिहार में राज्य की शिशु मृत्यु दर (प्रति हजार जीवित जन्म) 58 थी, झारखण्ड राज्य की 48 तथा सम्पूर्ण भारत की 55 थी। सितम्बर, 2022 में जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में बिहार राज्य की शिशु मृत्यु दर 27 तथा सम्पूर्ण भारत की 28 है।

**40. (c)**
बिहार के इतिहास में सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2006−07 में राज्य का आर्थिक-सर्वेक्षण उप मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री सुशील मोदी द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

**41. (c)**
गुन्नार मिर्डल द्वारा प्रस्तुत रोलिंग प्लान अथवा चल योजना को भारत में प्रथम बार जनता सरकार द्वारा 1978 में लागू की गई थी। यह एक वर्षीय योजना, पंचवर्षीय योजना तथा 'अनवरत योजना' सभी होती है।

**42. (b)**
गरीबी का अंतर किसी देश में गरीबी की तीव्रता को दर्शाता है, जो गरीबी रेखा से कुल जनसंख्या की औसत कमी को दर्शाता है गरीबी अंतर विश्व बैंक द्वारा निर्मित एक संकेतक है, जो प्रति व्यक्ति आय और घरो में खपत देखकर गरीबी को मापता है।

**43. (d)**
नीति आयोग के अनुसार, वर्ष 2021-22 में, बिहार की स्थिति, मल्टीडाइमेंशनल पावर्टी इन्डेक्स में सबसे निम्न थी। केरल की स्थिति सबसे उच्च थी। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान रखते हुए, व्यापक तरीके से गरीबी को मापने के लिए भारत सरकार की एक पहल है।

**44. (e)**
गरीबी रेखा का आकलन समय-समय पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (NSSO) द्वारा किया जाता है। इसका अनुमान आमतौर पर हर पाँच वर्ष में लगाया जाता है। भारत में स्वीकृत कैलोरी आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन है एवं नगरीय क्षेत्रों में 2100 कैलोरी प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन है। इस प्रकार सभी विकल्प सही हैं, तो विकल्प (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं उत्तर होगा।

**45. (c)**
संविधान के अनुच्छेद−179 के अंतर्गत विधान सभा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों ही एक दूसरे को सम्बोधित पत्र द्वारा अपने पद से त्याग-पत्र दे सकते हैं।

**46. (b)**
विधान परिषद, राज्य विधान मण्डल का उच्च सदन होता है। विधान परिषद के कुल सदस्यों की संख्या उस राज्य की विधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या के एक तिहाई से अधिक नहीं हो सकती, किन्तु किसी भी अवस्था में विधान परिषद के सदस्यों की कुल संख्या 40 से कम नहीं हो सकती - अनु0 [171(1), 171(2),]

**47. (a)**
उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। अनुच्छेद-217 के अनुसार उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश तथा संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श से की जायेगी। जबकि सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या संसद द्वारा निर्धारित की जाती है।

**48. (e)**
भारत में संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाया गया है। संसदीय प्रणाली में विधायिका और कार्यपालिका का अलग-अलग होना सम्भव नहीं है। क्योंकि संसदीय शासन प्रणाली उत्तरदायित्व के सिद्धान्त के आधार पर काम करती है। सरकार का कोई भी अंग निरंकुश न हो जाय इसीलिए संविधान में रोकथाम (Check and Balance) की व्यवस्था की गयी है। इसी उद्देश्य से कार्यपालिका को व्यवस्थापिका के प्रति उत्तरदायी बनाया गया है। अर्थात विधायिका और कार्यपालिका एक दूसरे से स्वतन्त्र नहीं है। इसके अतिरिक्त विधायिका तथा कार्यपालिका के मनमानी पूर्ण कृत्यों के ऊपर नियंत्रण के लिए, न्यायपालिका को यह शक्ति दी गयी है कि वह इनके संविधान के विरूद्ध कार्यों को अविधिमान्य घोषित करके उन्हें अपनी सीमा में कार्य करने के लिए बाध्य करे। **नोट-** संविधान के अनु0 79 में संसद के गठन की बात की गयी है जिसके तीन अंग है। (1) राष्ट्रपति, (2) लोकसभा, (3) राज्यसभा

**49. (a)**
भारतीय संविधान के अनुच्छेद 123 के अनुसार (1) उस समय को छोड़कर जब संसद के दोनों सदन सत्र में है, यदि किसी समय राष्ट्रपति को यह समाधान हो जाता है कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान है, जिनके अन्तर्गत तुरन्त कार्यवाही करना उसके लिए आवश्यक हो गया है तो वह ऐसे अध्यादेश प्रख्यापित कर सकेगा जो उन परिस्थितियों में अपेक्षित प्रतीत हो (2) इस अनुच्छेद के अधीन प्रख्यापित आदेश का वही बल और प्रभाव होगा जो संसद के अधिनियम का होता है।

**50. (b)**
संविधान के अनुच्छेद 249(1) के अनुसार जब राज्यसभा ने इस आशय का संकल्प दो तिहाई बहुमत से पारित किया हो कि राष्ट्रीय हित में ऐसा करना आवश्यक है तब संसद राज्यसूची के विषयों पर कानून बना सकेगी। ऐसा कानून अधिकतम एक वर्ष तक प्रभावी रह सकेगा।

**51. (b)**
भारत संघ बनाम नवीन जिन्दल के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि अपने मकान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का प्रत्येक नागरिक का अनुच्छेद 19(1)(a) के अधीन एक मूल अधिकार है। किन्तु यह अधिकार आत्यन्तिक (Absolute) नहीं है। इस पर अनुच्छेद 19(1)(a) के खण्ड (2) के अन्तर्गत युक्तियुक्त निर्बन्धन लगाए जा सकते हैं। इस मामले के प्रत्यर्थी नवीन जिंदल ने अपने कारखाने के परिसर में स्थित आफिस पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया था। इसे सरकार ने इसलिए रोक दिया था क्योंकि यह भारत के झंडा संहिता के अन्तर्गत वर्जित था। न्यायालय ने निर्णय दिया कि अपने मकान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना अनुच्छेद 19(1)(a) के अधीन एक मूल अधिकार है क्योंकि इसके माध्यम से वह राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं और वफादारी के भाव का प्रकटीकरण करता है।

**52. (c)**
86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया गया। संविधान में अनुच्छेद 21क अंतःस्थापित कर यह व्यवस्था की गई कि राज्य 6 से 14 वर्ष के आयु के समस्त बच्चों को, ऐसे ढंग से जैसा कि राज्य, विधि द्वारा अवधारित करें, निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करायेगा। उपरोक्त प्रावधानों के परिपालन हेतु 'निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा विधेयक-2009' को संसद ने 4 अगस्त, 2009 को मंजूरी प्रदान करने के पश्चात 1 अप्रैल, 2010 से लागू किया।

**53. (a)**
भारतीय संविधान में प्रेस के लिए स्वतन्त्रता का उल्लेख अलग से नहीं किया गया है, बल्कि वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता में अनुच्छेद 19 (i) (a) के अंतर्गत प्रेस की स्वतन्त्रता भी समाहित है। अनुच्छेद 21 का सम्बन्ध, जीवन तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता के


Free PDF & Notes - Click NOW

संरक्षण से तथा अनुच्छेद 22 का सम्बन्ध कुछ मामलों में गिरफ्तारी तथा निरोध के संरक्षण से है।

**54. (c)**
संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी है तथा संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप (1,2,3) होगा।

**55. (c)**
अनुच्छेद 245-255 में संघ तथा राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण का वर्णन है। अनुच्छेद 245 के अनुसार संसद द्वारा बनाये गये कानूनों के बारे में राज्य क्षेत्रीय प्रवर्तन के आधार पर आपत्ति नहीं की जा सकती।

**56. (d)**

| विषय | अनुसूची |
|---|---|
| भाषाओं के बारे में | – 8वीं |
| कुछ अधिनियमों और विनियमों का विधिमान्यकरण | – 9वीं |
| राजनीतिक दल-बदल के बारे में | – 10वीं |
| पंचायतों की शक्तियाँ, प्राधिकार और उत्तरदायित्व | – 11वीं |
| नगरपालिकाओं, आदि की शक्तियाँ प्राधिकार और उत्तरदायित्व | – 12वीं |

**57. (d)**
ग्लोबल वार्मिंग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार गैस $CO_2$ (कार्बन डाइऑक्साइड) है। जब वायुमण्डल में ग्रीन हाउस गैसों का सांद्रण बढ़ता है तो इन गैसों द्वारा अधिक उष्मा का अवशोषण किया जाता है जिससे पृथ्वी सामान्य की अपेक्षा अधिक गर्म हो जाती है। जिसे ग्लोबल वार्मिंग (भूमंडलीय तापन) कहते हैं।

**58. (b)**
**सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–**

| | | |
|---|---|---|
| बलपकरम | : | मेघालय |
| पन्ना | : | मध्य प्रदेश |
| गुइंडी | : | तमिलनाडु |
| मोल्लेम | : | गोवा |

अतः विकल्प (b) सही सुमेलित नहीं है।

**59. (a)**
वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, केन्द्रशासित प्रदेशों में सबसे कम वनाच्छादित क्षेत्र चण्डीगढ़ (22.88 वर्ग किमी.) है। लक्षद्वीप में वनाच्छादित क्षेत्र 27.10 वर्ग किमी है। पुदुचेरी में वनाच्छादित क्षेत्र 53.30 वर्ग किमी. है तथा दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में वनाच्छादित क्षेत्र 227.75 वर्ग किमी. है।

**60. (b)**
जीवभार का पिरामिड, प्रत्येक ट्रॉफिक स्तर पर ऊर्जा हस्तांतरण की दक्षता को दर्शाता है। यह सीधा या उल्टा हो सकता है। समुद्री परिस्थितिकी तंत्र में उल्टे जीवभार पिरामिड दिखते हैं वहीं घास स्थल पारिस्थितिकी तंत्र में जीवभार का पिरामिड सीधा होता है।

**61. (a)**
मन्नार की खाड़ी बायोस्फीयर रिजर्व, समुद्री जैव विविधता के दृष्टिकोण से दुनिया का सबसे समृद्ध क्षेत्र है। इस जीवमंडल का क्षेत्र श्रीलंका से आगे भारत के दक्षिण-पूर्वी तट पर 1,050,000 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैला हुआ है। जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र में 21 द्वीपों के साथ, नदमुखों, समुद्री शैवाल युक्त समुदाय, समुद्री घटक, समुद्री घास, प्रवाल भित्तियाँ, खारे दलदल और मैंग्रोव वन शामिल है। खाडी के 3600 पौधों और जानवरों की प्रजातियों में विश्व स्तर पर लुप्तप्राय समुद्री गाय (डुगॉन्ग) और छह मैंगोव प्रजातियाँ प्रायद्वीपीय भारत में स्थानिक है।

**62. (c)**
सुर्खियाँ बटोरने वाली ''लिस्बन घोषणा'' महासागरों के संरक्षण से सम्बन्धित है। संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन 2022 लिस्बन घोषणा ''हमारा महासागर, हमारा भविष्य, हमारी जिम्मेदारी'' को सर्वसम्मति से अपनाने के साथ सम्पन्न हुआ। 150 से अधिक देश समुद्री आपातकाल से निपटने के लिए विज्ञान आधारित और नवीन कार्यों को बढ़ाने पर सहमत हुए।

**63. (a)**
भारत का कुल क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किमी. है, जो विश्व के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.4% है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह क्रमशः रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया के बाद सातवाँ सबसे बड़ा देश है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े राज्य क्रमशः राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश है। अतः क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का देश के राज्यों में चौथा स्थान है। ध्यातव्य है देश के राज्यों में जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। जनगणना, 2011 के अनुसार सिक्किम की जनसंख्या 6.10 लाख है।

**64. (b)**
जनगणना 2011 के अनुसार भारत में 2001-2011 में दशकीय महिला जनसंख्या वृद्धि दर 18.12% थी और पुरुषों की दशकीय वृद्धि दर 17.19% जबकि भारत में 2001 से 11 के दौरान जनसंख्या दशकीय वृद्धि दर 17.64% थी।

**65. (c)**
कुल जनसंख्या एवं कुल क्षेत्रफल के अनुपात को जनसंख्या घनत्व कहते हैं। जनसंख्या घनत्व को प्रति वर्ग किमी. के आधार पर व्यक्त किया जाता है।

**66. (c)**
पेनाइन्स पर्वत श्रेणी का विस्तार उत्तर से दक्षिण की ओर है, यह उत्तर पश्चिम इंग्लैण्ड को यॉर्कशायर और उत्तर-पूर्वी इंग्लैण्ड से अलग करती है। पेनाइन्स पर्वत श्रेणी को इंग्लैण्ड की रीढ़ कहा जाता है।

**67. (d)**
साइबेरिया, भूमध्य सागरीय जलवायु क्षेत्र में नहीं आता बल्कि यह ध्रुवीय जलवायु प्रदेश में है। भूमध्य सागरीय प्रदेश का विस्तार तुर्की, मिस्र, इजराइल, दक्षिणी अफ्रीकी क्षेत्र, चिली व कैलीफोर्निया तथा दक्षिणी ऑस्ट्रेलियाई भागों तक है।

**68. (b)**
भूमध्य सागरीय जलवायु का विस्तार भूमध्य रेखा के दोनों ओर लगभग $30^o$ से $40^o$ अक्षांशों के बीच मध्य महाद्वीपों के पश्चिमी भाग में पाया जाता है। इस जलवायु के अन्तर्गत फ्रांस, दक्षिण इटली, यूनान, तुर्किये, सीरिया, पश्चिमी इजराइल, दक्षिणी कैलिफोर्निया, मध्य चिली एवं दक्षिणी-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया शामिल है।
जबकि उत्तरी न्यूजीलैण्ड में शीतोष्ण प्रकार की जलवायु पायी जाती है।

**69. (d)**
भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्र में मध्य चिली, केपटाउन तथा एडिलेड आते हैं। जबकि पम्पास दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप का भाग है जो दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित समशीतोष्ण घास भूमि है। भूमध्य सागरीय जलवायु की विशेषता है कि इसमें ग्रीष्म ऋतु शुष्क होती है, आसमान साफ व तापमान अधिक होता है, परंतु शीत ऋतु में वर्षा होती है।

**70. (c)**
खगोल वैज्ञानिकों द्वारा खोजे गये अत्यधिक ऊर्जा वाले पार्टिकल 'अमाटेरासू (Amaterasu)' का नामकरण 'जापानी सूर्य देवी' के आधार पर किया गया। 'अमाटेरासू' जापानी भाषा (स्वर्ग को प्रकाशित करने वाली महान आकाशीय सूर्य देवी,) जिनसे जापानी शाही परिवार का वंश होने का दावा है, और यह शिंटो (जापान का मूल विश्वास/धर्म प्रणाली) धर्म के अनुसार महत्वपूर्ण देवी है।


Free PDF & Notes - Click NOW

**71. (b)**
ग्रहों में मात्र बुध तथा शुक्र की दिखने वाली कलाएँ होती हैं। इसी प्रकार की कलाएँ चंद्रमा में भी पायी जाती हैं।
अतः दिए गए विकल्पों में चंद्रमा सदृश्य ग्रह बुध है।

**72. (a)**
पृथ्वी जब सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है, तो उसे अपसौर कहते हैं। यह स्थिति प्रत्येक वर्ष 4 जुलाई को होती है। जब पृथ्वी सूर्य के अत्यधिक पास होती है तो उस स्थिति को उपसौर कहते हैं। यह स्थिति प्रत्येक वर्ष 3 जनवरी को आती है। अतः 3 जनवरी को पृथ्वी सूर्य के सबसे निकट होती है।

**73. (a)**
छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित बैलाडिला खान से उत्तम कोटि के हेमेटाइट लौह अयस्क का खनन होता है। बैलाडिला खान छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में अवस्थित है। यह भारत में सबसे बड़ी मशीनीकृत खान है। यहाँ से उत्पादित लौह अयस्क को विशाखापत्तनम बंदरगाह से जापान को निर्यात किया जाता है। बैलाडिला की खान से मुख्यतः हेमेटाइट का खनन होता है।

**74. (e)**
शीत ऋतु में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा उत्तर-पूर्व मानसून के कारण होती है। तमिलनाडु पश्चिमी घाट के पर्वत वृष्टि छाया क्षेत्र में पड़ता है। अतः यहाँ दक्षिण-पश्चिम मानसून द्वारा बहुत ही कम वर्षा होती है। शीत ऋतु को मानसून प्रत्यावर्तन का काल कहा जाता है। इस ऋतु में बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर में उष्ण-कटिबंधीय चक्रवातों की उत्पत्ति होती है। इन चक्रवातों से पूर्वी तटीय क्षेत्रों में मुख्यतः ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश तथा पश्चिमी तटीय क्षेत्र में वर्षा होती है। प्रत्यावर्ती मानसून से सबसे अधिक वर्षा तमिलनाडु में होती है।

**75. (b)**
दक्षिण-पश्चिम मानसून एक प्रकार की मौसमी हवाएँ है, जो हिन्द महासागर और अरब सागर की ओर से भारत के दक्षिण–पश्चिमी तट की ओर बढ़ते हुए भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश में जून से सितम्बर के बीच बारिश कराती हैं। यह मानसून अक्टूबर व नवम्बर माह के बीच वापस लौटता है, जिसे मानसून का निवर्तन कहा जाता है। हैदराबाद में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की सामान्य तिथि 15 अक्टूबर है।

**76. (b)**
ट्रिवार्था के अनुसार भारत की जलवायु उपोष्ण मानसूनी प्रकार की है। भूमध्य रेखा के दोनों ओर 30 -45  अक्षांशों के मध्य भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्र विद्यमान है। इसका विस्तार महाद्वीपों के पश्चिमी क्षेत्रों में पाया जाता है। इस प्रकार की जलवायु में ग्रीष्म ऋतु में वर्षा होती है। यहाँ रसेदार प्रकृति के फलों का उत्पादन होता है।

**77. (b)**
भारतीय मानक समय के रूप में 82.5° पूर्व देशांतर रेखांश को अपनाया गया है। यह 5 राज्यों उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा एवं आंध्रप्रदेश से होकर गुजरती है। ज्ञातव्य है कि भारतीय मानक समय ग्रीनविच समय से $5\frac{1}{2}$ घंटे आगे है।

**78. (b)**
पूर्व में भारतीय उपमहाद्वीप (प्रायद्वीपीय भारत) गोण्डवाना लैंड का भू-भाग था। भूगर्भीय रूप से, भारतीय उपमहाद्वीप उस भू-भाग से संबंधित है जो क्रेटेशियस के दौरान सुपर-कॉन्टिनेंट गोंडवाना लैंड से अलग होकर लगभग 55 मिलियन वर्ष पूर्व यूरेशिया से जुड़ा था।

**79. (a)**
भारतीय मानक समय (IST) 82° 30' पूर्वी देशांतर से लिया जाता है। यह देशांतर रेखा प्रयागराज, मिर्जापुर आदि स्थानों से होकर गुजरती है। भारतीय मानक समय (I.S.T.) ग्रीनविच माध्य (G.M.T.) से 5 घण्टा 30 मिनट आगे है। भारत के वृहद देशांतरीय विस्तार के कारण गुजरात से अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय समय लगभग 2 घंटे का अंतर पाया जाता है।

**80. (b)**
राजा राममोहन राय को भारतीय राष्ट्रवाद का जनक और 'आधुनिक भारत का पिता' कहा जाता है। 1809 में राममोहन की फारसी भाषा की पुस्तक 'तुहफात उल मुवाह्हीदीन' का प्रकाशन हुआ जो इनकी प्रथम पुस्तक थी।

**81. (d)**
दक्कन एजूकेशनल सोसायटी की स्थापना 24 अक्टूबर 1884 ई. में बालगंगाधर तिलक, विष्णुशास्त्री चिपणुलकर, गोपाल, गणेश आगरकर, महादेव बल्लाल नामजोशी एवं वामन शिवराम आप्टे द्वारा की गई थी। 13 अगस्त, 1885 को यह सोसायटी, सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट XXI के अंतर्गत पंजीकृत कराई गई थी, इसका मुख्यालय पुणे में है। इन्होंने इस संस्था की स्थापना शिक्षा का प्रसार करने के लिए किया था।

**82. (c)**

| **पत्रिका** | **सम्पादक** |
|---|---|
| अल-हिलाल | अबुल कलाम |
| कॉमरेड | मोहम्मद अली जौहर |
| जमींदार | मौलाना जफर अली खान |
| बंगाल गजट | गंगाधार भट्टाचार्य |

**83. (b)**
वन्दे मातरम् समाचार पत्र का संपादन श्री अरविन्द घोष ने किया था। 6 अगस्त, 1906 को इस समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था। यह अंग्रेजी भाषा में एक साप्ताहिक समाचार पत्र था। इस समाचार पत्र की स्थापना 1905 ई. में विपिन चन्द्र पाल ने की थे। इसे 'द न्यूज पेपर एक्ट, 1908 के तहत बंद कर दिया गया था।

**84. (a)**
1878 ई. में लार्ड लिटन ने भाषाई आधार पर प्रेस की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित कर दिया था। 1857 ई. के विद्रोह के बाद प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति रवैया बदल गया। क्रुद्ध अंग्रेजों ने 'देशी प्रेस' का मुँह बंद करने के लिए आइरिश प्रेस कानून के तर्ज पर 1878 ई. में वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट लागू कर दिया। इससे सरकार को देशी भाषाई प्रेस में छपी रपट तथा सम्पादक को प्रतिबंन्धित करने का व्यापक हक मिल गया।

**85. (b)**
1857 ई. के विद्रोह के प्रसिद्ध नेता कुँवर सिंह बिहार के तत्कालीन शाहाबाद जिले (वर्तमान भोजपुर जिले) के जगदीशपुर से संबंधित थे। कुँवर सिंह के नेतृत्व में विद्रोहियों ने कई बार ब्रिटिश सेना को पराजित किया।
उल्लेखनीय है कि 1857 के महान विद्रोह का आरंभ मेरठ के सैनिकों द्वारा किया गया। झांसी में विद्रोह का नेतृत्व झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने किया था।

**86. (e)**
1857 के क्रांति की औपचारिक शुरूआत 10 मई 1857 को मेरठ से हुई। क्रांतिकारियों ने 12 मई को दिल्ली पर अधिकार कर लिया और बहादुरशाह जफर को सम्राट घोषित किया।
उस समय दिल्ली के प्रभारी ब्रिटिश अधिकारी लेफ्टिनेंट हडसन और जॉन निकोलसन थे। अतः विकल्प (e) सही है। 1857 की क्रांति के समय विद्रोह का केन्द्र एवं ब्रिटिश अधिकारी :–
**लखनऊ –** कैंपबेल, हेनरी लारेंस
**कानपुर –** कैंपबेल
**इलाहाबाद –** कर्नल नील


Free PDF & Notes - Click NOW

**झाँसी –** ह्यूरोज
**बरेली –** कैंपबेल
**दिल्ली –** निकोलसन और हडसन।
**दिल्ली में राजनीतिक एजेंट-** साइमन फ्रेजर

**87. (d)**
10 मई, 1857 ई. को मेरठ में प्रज्वलित हुई क्रांति की आग झारखण्ड (तब बिहार में अन्तर्गत) तक पहुँच गई थी। विश्वनाथ दूबे ने विद्रोहियों को धोखा देकर उनको गिरफ्तार करवा दिया, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को पकड़वाने में विश्वनाथ दूबे की प्रमुख भूमिका थी। विश्वनाथ शाहदेव के सेनापति पाण्डेय गनपतराय को जमींदार महेश नारायण शाही ने धोखा देकर अंग्रेजों से गिरफ्तार करवा दिया था। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को अंग्रेजों ने 16 अप्रैल, 1858 को तथा उनके सेनापति पाण्डेय गनपतराय को 21 अप्रैल, 1858 को फाँसी दे दी गई।

**88. (c)**
शेरशाह ने भूमि की माप करवाकर लगान को निश्चित किया तथा लगान सीधे कृषकों के साथ निश्चित किया जाता था। इसलिए यह व्यवस्था रैय्यतवाड़ी व्यवस्था के समान थी।

**89. (c)**
अकबर ने गुजरात विजय की स्मृति में जामा मस्जिद के दक्षिणी द्वार पर 134 फीट ऊँचा एक बुलंद दरवाजा बनवाया। इसमें लाल बलुआ पत्थर का प्रयोग हुआ था, यह ईरानी 'अर्द्ध गुम्बदीय शैली' में बना है। बुलंद दरवाजा की दक्षिण दिशा 'अकबर के दक्षिण विजय और गुजरात विजय का प्रतीक माना जाता है। इसके निर्माण में लाल व काले बलुआ पत्थर का प्रयोग हुआ है।

**90. (d)**
पूर्व के शिराज के नाम से प्रसिद्ध शहर जौनपुर की स्थापना फिरोजशाह तुगलक ने अपने भाई जौना खाँ (मु. बिन तुगलक) की याद में की थी। यह उ.प्र. राज्य में स्थित है।

**91. (a)**
भारत में गुलाम वंश के संस्थापक कुतुबुद्दीन ऐबक को बड़े पैमाने पर लाखों का दान देने के कारण लाख बख्श कहा जाता है। ऐबक दिल्ली सल्तनत का पहला शासक माना जाता है। वह गुलाम वंश का प्रथम शासक था जिसने लाहौर को राजधानी बना कर शासन किया। भारत में मुहम्मद गोरी ने कुतुबुद्दीन ऐबक को प्रथम इक्ता प्रदान किया था।

**92. (b)**
कुतुबमीनार के पास **'हौज-ए-शम्सी'** का निर्माण **इल्तुतमिश** ने करवाया था।
'हौज-ए शम्सी' एक तालाब है, जिसे दिल्ली के सुल्तान इल्तुतमिश द्वारा बनवाया गया था। इल्तुतमिश के शम्सी परिवार के होने के कारण ही इस तालाब को हौज-ए-शम्सी नाम मिला था। दिल्ली की गद्दी पर बैठने वाला पहला तुर्क इल्तुतमिश ही था।
इल्तुतमिश गुलाम वंश का शासक था। इल्तुतमिश ने इक्तेदारी प्रथा को प्रारम्भ किया था। इसने कुतुबमीनार के निर्माण को पूर्ण करवाया तथा दिल्ली में पहला मदरसा 'मदरसा-ए-मुइज्जी' की स्थापना की। इसके साम्राज्य को दारुल-इस्लाम का एक भाग माना जाता था। इल्तुतमिश ने बिहार में अपना प्रथम सूबेदार मलिक जानी को नियुक्त किया था।

**93. (a)**
अर्णोराज का पुत्र विग्रहराज IV अथवा वीसलदेव चौहान वंश का सबसे प्रतापी राजा था। इसने ही अजमेर में एक संस्कृत कॉलेज की स्थापना की थी। जिसे कुतुब-उद्-दीन ऐबक द्वारा एक मस्जिद में परिवर्तित करा दिया गया। माना जाता हैं कि इस मस्जिद का निर्माण अढ़ाई दिन में किया गया और इस कारण इसका नाम 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' मस्जिद पड़ गया।

**94. (b)**
चालुक्यों की मूल शाखा का उदय स्थल वातापी (आधुनिक बादामी) बीजापुर जिले के कर्नाटक में था। बादामी के चालुक्य वंश का संस्थापक पुलकेशिन प्रथम था। ऐहोल से रविकीर्ति द्वारा रचित जो अभिलेख मिला है उसमें कवि ने कालिदास और भारवि से अपनी तुलना की है। इस मंदिर में चालुक्य काल और द्रविड़ शैली के तत्वों की वास्तुकला दिखाई देती है। एहोल के प्राचीन रॉक कट मंदिरों में सबसे खास यहाँ स्थित दुर्गा मंदिर माना जाता है। रहोल को हिन्दू रॉक वास्तुकला का उद्गम स्थल कहा जाता है। माता दुर्गा को समर्पित इस मंदिर का निर्माण चालुक्य काल में द्रविड़ शैली में किया गया था।

**95. (c)**
सिंधु सभ्यता के निवासी शाकाहारी और मांसाहारी दोनों थे। इनके भोज्य पदार्थ में गेहूँ, जौ, मटर, तिल सरसों, सुअर, बकरी का मांस आदि प्रमुख रूप से खाए जाते थे।

**96. (a)**
चन्हूदड़ों वर्तमान में पाकिस्तान के सिन्ध प्रांत में स्थित है। यह सिन्धु नदी के बाएं तट पर स्थित है। इसका उत्खनन 1934 ई. में एन.जी. मजूमदार ने की। यहाँ से प्रमुख रूप से मनके बनाने का कारखाना, कांस्य गाड़ी, वक्राकार ईंट, लिपिस्टिक, बिल्ली का पीछा करते हुए कुत्ते का साक्ष्य प्राप्त हुआ है। चन्हूदड़ों एकमात्र ऐसा स्थल है जहाँ पर मिट्टी की पकी हुई पाइपनुमा नालियों का प्रयोग किया गया है।

**97. (b)**
हिन्दू धर्म में चार पुरुषार्थों अर्थात पुरुषार्थ चतुष्टयं की मान्यता प्राप्त है। ये चार पुरुषार्थ हैं- धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। हिन्दू धर्म में मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक भौतिक और नैतिक रूप से उन्नति करने हेतु पुरुषार्थ की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

**98. (c)**
भारत का प्रथम मानव जीवाश्म नर्मदा नदी घाटी से प्राप्त हुआ है। 1982 में अरूण सोनकिया ने होशंगाबाद जिले के नर्मदा घाटी के हथनोरा स्थल से मानव कपाल तथा हाथियों का जीवाश्म प्राप्त किया। हथनोरा से प्राप्त जीवाश्म भारत में प्राप्त प्रथम मानव जीवाश्म है।

**99. (d)**
भारत में पशुपालन एवं कृषि के प्राचीनतम साक्ष्य मेहरगढ़ से प्राप्त हुए हैं। वर्तमान में मेहरगढ़ बलूचिस्तान में बेलन नदी के किनारे स्थित है। यह एक नवपाषाणिक स्थल है। यहाँ से 7000 ई.पू. पशुपालन व खेती के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इस स्थल पर गेहूँ, जौ तथा खजूर की खेती होती थी तथा भेड़, बकरियाँ तथा मवेशी पाले जाते थे। कालांतर में यहाँ हड़प्पा के शहरीकरण के पूर्ववर्ती काल में, मेहरगढ़ के निवासियों ने एक उपनगर बसाया था।

**100. (a)**
सन् 1921 ई0 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक सर जॉन मार्शल के निर्देशन में राय बहादुर दयाराम साहनी ने सर्वप्रथम हड़प्पा स्थल का उत्खनन कराया। यह स्थल पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में स्थित माण्टगोमरी जिले में रावी नदी के बायें तट पर अवस्थित है। जबकि राखल दास बनर्जी ने मोहजोदड़ो स्थल के उत्खनन का कार्य सन् 1922 ई. में कराया। महाराष्ट्र के दैमाबाद में हड़प्पा काल के छत्र वाला ताम्र-रथ मिला है।


Free PDF & Notes - Click NOW

# PRACTICE SET-02

1. **13वीं शताब्दी में, बंगाल के प्रांतपति गियासुद्दीन ने युद्ध किया था-**
   (a) तिरहूत के राजा से (b) सारण के राजा से
   (c) चेरो सरदारों से (d) उज्जैनिया सरदारों से
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
2. **राजकोषीय घाटा है–**
   (a) कुल व्यय – कुल प्राप्तियाँ
   (b) राजस्व व्यय – राजस्व प्राप्तियाँ
   (c) पूँजीगत व्यय – पूँजीगत प्राप्तियाँ – बाजार ऋण
   (d) बजटीय घाटे का योग और सरकार का बाजार ऋण तथा दायित्व
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
3. **भारतीय संविधान के लिए प्रथम संशोधन (Amendment Act) विधेयक लाया गया–**
   (a) 1950 में(b) 1951 में (c) 1955 में (d) 1958 में
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
4. **प्रथमतः आपातस्थिति की घोषणा कितने समयकाल के लिए सीमित की जा सकती है?**
   (a) 3 महीना (b) 15 दिन
   (c) 6 महीना (d) 1 साल
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
5. **निकोलस कॉपरनिकस प्रसिद्ध है?**
   (a) दूरबीन के आविष्कार के लिए
   (b) यह बताने के लिए कि ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं न कि पृथ्वी के
   (c) कैलकुलस (Calculus) की खोज के लिए
   (d) मानव शरीर को शल्य क्रिया का अध्ययन करने के लिए
   (e)उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
6. **उत्तराखण्ड का कौन-सा जिला तिब्बत सीमा से नहीं लगा है?**
   (a) उत्तरकाशी (b) चमोली
   (c) अल्मोड़ा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
7. **बिरसा मुण्डा का कार्य क्षेत्र कौन सा था–**
   (a) चम्पारन (b) राँची
   (c) बलिया (d) अलीपुर
8. **बिहार का डालमिया नगर किसके लिए प्रसिद्ध है?**
   (a) रेशम (b) जूट (c) चमड़ा (d) सीमेन्ट
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
9. **बिहार के किस वकील ने असहयोग आन्दोलन के समय अपनी लाभप्रद वकालत छोड़ दी थी?**
   (a) जय प्रकाश नारायण (b) राजेन्द्र प्रसाद
   (c) सहजानन्द सरस्वती (d) राजकुमार शुक्ल
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं/ उपरोक्त में से एक से अधिक
10. **बिहार राज्य का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल है**
   (a) 94200 वर्ग किमी. (b) 94316 वर्ग किमी.
   (c) 94163 वर्ग किमी. (d) 94526 वर्ग किमी.
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
11. **भौगोलिक क्षेत्र (वर्ग कि.मी.) की दृष्टि से बिहार का निम्नलिखित में से कौन-सा जिला सबसे छोटा है?**
   (a) शिवहर (b) अरवल
   (c) जहानाबाद (d) शेखपुरा
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
12. **1530 में दक्षिण बिहार का वास्तविक शासक कौन बना?**
   (a) बहार खाँ लोहानी (b) जलाल खाँ
   (c) शेर खाँ (d) नारिस खाँ लोहानी
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
13. **पंचेत की जागीर बिहार में एक भाग के रूप में निश्चित ही वर्णित है**
   (a) जहाँगीरनामा में (b) तारिखे शेरशाही में
   (c) पादशाहनामा में (d) आइने अकबरी में
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
14. **शेरशाह का मकबरा कहाँ स्थित है?**
   (a) सासाराम (b) मनेर
   (c) सीतामढ़ी (d) पावापुरी
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
15. **2023 में किस देश के सर्जनों ने दुनिया का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर का हृदय मानव में सफलतापूर्वक प्रत्योरोपित किया?**
   (a) जापान (b) फ्रांस
   (c) यूएसए (d) यूके
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
16. **क्रिप्टोकरेंसी के पीछे की तकनीक को कैसे जाना जाता है?**
   (a) बाथवॉटर (b) फिनटेक
   (c) इन्वेस्टोपीडिया (d) ब्लॉकचेन
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
17. **रक्त में त्रुटिपूर्ण हेमोग्लोबिन निम्न में किसमें दिखता है?**
   (a) दात्र कोशिका अरक्तता
   (b) रक्तगुल्म
   (c) हेमोफीलिया
   (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
18. **किसी पेड़ की उम्र की गणना की जा सकती है**
   (a) शाखाओं की संख्या की गणना से
   (b) जमीन से 1 मीटर ऊपर तने के घेरे की माप से
   (c) पेड़ की ऊँचाई की माप से
   (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
19. **पौधे का तना पौधे के सभी हिस्सों में भोजन वितरित करने में तथा _________ में भी मदद करता है।**
   (a) भोजन के भंडारण (b) पौधे को आकार देने
   (c) श्वसन (d) प्रकाश-संश्लेषण
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
20. **कीटभक्षी पौधे मिट्टी में किसकी कमी से उगते हैं?**
   (a) पानी (b) मैग्नीशियम
   (c) नाइट्रोजन (d) कैल्शियम
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

**21. ब्रायोफाइट में बीजाणु मातृ कोशिका होती है-**
(a) अगुणित (b) द्विगुणित
(c) त्रिगुणित (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22. ऊर्जा उत्पादन के लिए कोशिका प्रायः किसका उपयोग करती है?**
(a) अमीनो अम्ल (b) ग्लूकोज
(c) वसा अम्ल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23. प्रोटोप्लास्ट क्या है?**
(a) कोशिका-भित्ति + प्लाज्मा झिल्ली
(b) पादप कोशिका – कोशिका-भित्ति
(c) साइटोप्लाज्म + कोशिका-भित्ति
(d) प्लाज्मा झिल्ली – साइटोप्लाज्म
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**24. निम्न में से किसका क्वथनांक सबसे अधिक होता है?**
(a) $H_2O$ (b) $H_2S$ (c) $H_2Sc$ (d) $H_2Te$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**25. दो रंगहीन गैसों को मिश्रित करने पर गहरे भूरे रंग की गैस बनती है। ये गैसें हैं**
(a) $NO_2$ एवं $O_2$ (b) $N_2O$ एवं NO
(c) NO एवं $O_2$ (d) $NH_3$ एवं $HC\ell$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**26. नीलम (रूबी) का रासायनिक सूत्र है-**
(a) $Al_2O_3$ (b) $Al_3O_2$
(c) $N_2O$ (d) $NO_2$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**27. निम्नलिखित में से किसे हँसने वाली गैस कहा जाता है?**
(a) नाइट्रिक ऑक्साइड (b) नाइट्रस ऑक्साइड
(c) नाइट्रोजन पेंटाऑक्साइड (d) नाइट्रोजन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**28. इमली में कौन-सा अम्ल है?**
(a) मेथेनॉइक अम्ल (b) टार्टरिक अम्ल
(c) लैक्टिक अम्ल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29. लोहे के बुरादे में तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डालने से क्या होता है?**
(a) हाइड्रोजन गैस और आयरन क्लोराइड का उत्पादन होता है
(b) क्लोरीन गैस और आयरन हाइड्रॉक्साइड बनते हैं
(c) कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30. निम्नलिखित में से किसका pH, 7 से अधिक है?**
(a) गैस्ट्रिक जूस (b) रक्त प्लाज़्मा
(c) सिरका (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31. शरीर, निम्नलिखित में से किसके वंचित हो जाने से धनावेशित हो जायेगा?**
(a) प्रोटान (b) इलेक्ट्रॉन
(c) $\alpha$ -कण (d) न्यूट्रॉन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**32. किस तापमान पर सेल्सियस और फारेनहाइट पैमाने मेल खाते है?**
(a) $0^0$ (b) $10^0$ (c) $-40^0$ (d) $40^0$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**33. इन्द्रधनुष हमेशा निम्नलिखित में से किस दिशा (स्थिति) में बनता है?**
(a) सूर्य के ऊपर की स्थिति में (b) सूर्य से नीचे की स्थिति में
(c) सूर्य के लेवल पर (d) सूर्य से विपरीत दिशा में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**34. ENT specialist डाक्टर द्वारा निम्न में से किस तरह का दर्पण प्रयोग किया जाता है?**
(a) उत्तल दर्पण (b) अवतल दर्पण
(c) समतलोत्तल दर्पण (d) समतल दर्पण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**35. ध्वनि के मापन की इकाई को कहा जाता है**
(a) वोल्ट (b) वॉट
(c) ऐम्पीयर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. निम्नलिखित में से आपेक्षिक घनत्व के लिए सही इकाई (मात्रक) चुनिए :**
(a) कि.ग्रा./से.मी. (b) मात्रक विहीन
(c) कि.ग्रा./घन मीटर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37. निम्नलिखित में से वह कौन-सा यन्त्र है जिसके द्वारा विद्युत परिपथ में बहने वाली धारा की पहचान होती है?**
(a) गैल्वनोमीटर (b) जेनरेटर
(c) अमीटर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38. भारत की प्रमुख खाद्य फसल है -**
(a) गेहूँ (b) चावल (c) मकई (d) दलहन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**39. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य है–**
(a) निर्धनता का उन्मूलन
(b) समाविष्ट आर्थिक-वृद्धि
(c) सामाजिक न्याय के साथ विकास
(d) अल्प संख्यकों का विकास
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**40. भारत में राष्ट्रीय आय समंकों का आकलन किसके द्वारा किया जाता है?**
(a) योजना आयोग (b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) वित्त मंत्रालय (d) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**41. निम्नलिखित में से भारत की राष्ट्रीय आय का सबसे मुख्य स्त्रोत है-**
(a) सेवा क्षेत्र (b) कृषि क्षेत्र
(c) उद्योग क्षेत्र (d) व्यापार क्षेत्र
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**42. किसी ऐसे व्यक्ति, जिसके पास नौकरी नहीं है और स्पष्ट रूप से बेरोजगार के विपरीत अल्परोज़ारी, जो छिपा हुआ हो, को कहा जाता है?**
(a) अस्थिर रोज़गार (b) छिपा हुआ रोजगार
(c) प्रच्छन बेरोजगारी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43. एन.एस.एस.ओ. के 68वें दौर के आधार पर गरीबी अनुमानों के बारे में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?**
(a) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा को ₹ 27.20 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन परिभाषित किया गया।
(b) शहरी क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा को ₹ 33.33 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन परिभाषित किया गया।


Free PDF & Notes - Click NOW

(c) भारत की 21.9 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रही थी।
(d) भारत की 33.35 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रही थी।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**44. भारतीय अर्थव्यवस्था के आंकड़ों की देखरेख संबंधी सेंटर के अनुसार, बिहार की अक्टूबर 2020 में बेरोजगारी दर क्या थी?**
(a) 9.9% (b) 9.8%
(c) 8.9% (d) 9.7%
(e) इनमें से कोई नहीं/ उपरोक्त दिए गए विकल्पों में एक से अधिक

**45. किन राज्यों ने धारा 348 (2) को प्रयोग से उच्च न्यायालयों में हिन्दी भाषा के प्रयोग को मान्यता दे दी है?**
(a) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान
(b) राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली
(c) हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़
(d) छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**46. उच्च न्यायलय के कार्यक्षेत्र में बदलाव किसके द्वारा किया जा सकता है ?**
(a) केवल संसद द्वारा
(b) केवल राज्य विधानमण्डल द्वारा
(c) संसद और राज्य विधानसभा द्वारा मिलकर
(d) संसद और राज्य विधानसभा द्वारा एक सामूहिक बैठक में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**47. एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र संबोधित करता है–**
(a) राष्ट्रपति
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(c) उसके राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(d) राज्य के राज्यपाल
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**48. लोक सभा का सदस्य चुने जाने के लिए एक व्यक्ति को किस आयु से कम का नहीं होना चाहिए?**
(a) 18 वर्ष (b) 21 वर्ष
(c) 25 वर्ष (d) 30 वर्ष
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**49. भारत का महान्यायवादी जिसके द्वारा नियुक्त किया जाता है?**
(a) विधि मंत्री (b) भारत के राष्ट्रपति
(c) लोक सभा का अध्यक्ष (d) प्रधानमंत्री
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**50. धन विधेयक पेश किया जा सकता है**
(a) केवल लोक सभा में
(b) केवल राज्य सभा में
(c) लोक सभा व राज्य सभा दोनों में
(d) लोक सभा व राज्य सभा दोनों के संयुक्त सत्र में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**51. निम्नलिखित में से भारत में मौलिक-कर्त्तव्य कौन-सा है?**
(a) न्यायपालिका से कार्यपालिका का पृथक्करण
(b) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध-विरासत को संरक्षित करना व महत्व प्रदान करना
(c) बच्चों के लिए मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा
(d) छूआछूत की परम्परा को समाप्त करना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**52. भारत में निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत पंचायती राज प्रणाली की व्यवस्था की गयी है?**
(a) मौलिक अधिकार
(b) मौलिक कर्त्तव्य
(c) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त
(d) चुनाव आयोग अधिनियम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**53. भारतीय संविधान में किस अनुच्छेद के अन्तर्गत नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं?**
(a) अनुच्छेद 112 से 115 (b) अनुच्छेद 12 से 35
(c) अनुच्छेद 222 से 235 (d) इनमें से कोई नहीं
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**54. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**
(a) अनच्छेद 156 - राज्यपाल का पदावधि
(b) अनच्छेद 153 - राज्यपाल का कार्यालय
(c) अनच्छेद 154 - राज्यपाल का कार्यकारी प्राधिकार
(d) अनच्छेद 155 - राज्यपाल का हटाना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**55. भारतीय संविधान का कौन-सा भाग पंचायत राज व्यवस्था से संबंधित है?**
(a) भाग-VI (b) भाग-IX-A
(c) भाग-IX-A (d) भाग-XII
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**56. न्यायिक पुनरावलोकन का आंशिक निरस्तीकरण सिद्धांत भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से संबंधित है?**
(a) अनुच्छेद–13 (b) अनुच्छेद–352
(c) अनुच्छेद–246 (d) अनुच्छेद–32
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**57. निम्नलिखित में से ग्रीनहाउस गैस है**
(a) कार्बन डाइऑक्साइड (b) ओजोन
(c) सी. एफ. सी. (d) मीथेन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**58. जैव मंडल में सभी जीवित जातियाँ रहने के लिए एक-दूसरे से परस्पर सम्बन्धित रहती हैं और एक-दूसरे पर निर्भर होती हैं। इस जीवन-समर्थित तंत्र को कहते हैं**
(a) पारितंत्र (b) पर्वत श्रेणी
(c) जंगल (d) वातावरण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**59. निम्नलिखित में से किसमें जैव विविधता अधिकतम होती है?**
(a) मरूस्थल (b) नदी
(c) ध्रुवीय क्षेत्र (d) उष्णकटिबंधीय क्षेत्र
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**60. दस कैप्टिव-नस्ल एशियाई विशालकाय कछुए (मनौरिया एमिस), मुख्य भूमि एशिया में सबसे बड़ी कछुआ प्रजातियों में से एक, हाल ही में भारत के किस राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए थे?**
(a) नतांगकी राष्ट्रीय उद्यान (b) पेरियार राष्ट्रीय उद्यान
(c) पेंच राष्ट्रीय रद्यान (d) कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

61. लिए राज्य-स्तरीय समिति (एस.एल.सी.वी.सी.) का शुभारंभ किया?
(a) तमिलनाडु (b) सिक्किम
(c) असम (d) मेघालय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

62. केरल की शांत घाटी ( साइलेंट वैली ) संरक्षित है, क्योंकि
(a) इसमें पौधों और जानवरों की बहुत ही दुर्लभ प्रजातियाँ पाई जाती हैं
(b) मिट्टी खनिजों से भरपूर है
(c) कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि के क्षेत्रों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता था
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. सी ए ए के अंतर्गत नागरिकता प्रक्रिया के लिए आवेदन और निष्पादन किसके द्वारा किया जाएगा?
(a) जनगणना विभाग द्वारा
(b) डाक विभाग द्वारा
(c) केंद्रीय सुरक्षा आई.वी. द्वारा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. भारत के किस उत्तर-पूर्वी राज्य में जनजातीय जनसंख्या की अधिकतम सकेन्द्रण है?
(a) नागालैण्ड
(b) मिज़ोरम
(c) मेघालय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. निम्नलिखित में से किस राज्य में नगरीकरण सर्वाधिक है?
(a) गोवा (b) महाराष्ट्र
(c) कर्नाटक (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. 'विश्व की छत' किसे कहा जाता है?
(a) तिब्बत पठार (b) पामीर पठार
(c) माउन्ट एवरेस्ट (d) हिन्दुकश पर्वत
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67. दक्षिण अमेरिका में मध्य अक्षांशीय घास के मैदान का क्या नाम है?
(a) प्रेयरी (b) पम्पास
(c) वेल्ड (d) स्टेपीज
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

68. ब्राजील के पठार के पास के मैदानों को कहते हैं
(a) पम्पास (b) कम्पोज
(c) वेल्ड (d) डाउन्स
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

69. महासागरीय पर्पटी के मुख्य खनिज घटक क्या हैं?
(a) सिलिका और ऐलुमिना
(b) सिलिका और निकल
(c) सिलिका और मैग्नीशियम
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. वायुमण्डल अपनी अधिकतम ऊर्जा प्राप्त करती है
(a) दीर्घ पार्थिक विकिरण तरंगों से
(b) लघु पार्थिव विकिरण तरंगों से
(c) सूर्य से
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प पृथ्वी की सतह से शुरू होकर वायुमंडल की परतों का सही क्रम है?
(a) क्षोभमंडल समतापमंडल मध्यमंडल तापमंडल बहिर्मंडल
(b) क्षोभमंडल मध्यमंडल समतापमंडल तापमंडल बहिर्मंडल
(c) क्षोभमंडल मध्यमंडल तापमंडल समतापमंडल बहिर्मंडल
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. निम्नलिखित में से कौन-सा वृहद् ग्रह नहीं है।
(a) मंगल (b) बृहस्पति
(c) शनि (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. कैमूर पठार किसके लिए प्रसिद्ध है?
(a) ताँबा (b) चूना पत्थर
(c) लीथियम (d) बॉक्साइट
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

74. निम्नलिखित में से कौन-सी मध्यवर्ती गंगा के मैदानी कृषि-जलवायु प्रदेश की विशेषता नहीं है ?
(a) यह गंगा और उसकी सहायक नदियों के अपवाह क्षेत्र में स्थित है
(b) इसका दो से अधिक राज्यों में विस्तार है
(c) यहाँ प्रति वर्ष 100 से.मी. से अधिक वर्षा होती है
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. जी. टी. ट्रिवार्था के अनुसार, भारत में Am प्रकार की जलवायु का क्षेत्र है
(a) मेघालय का पठार (b) पश्चिमी तट
(c) कोरोमण्डल तटीय क्षेत्र (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. ग्रीष्म के अंत में पूर्व-मानसून वर्षा होती है जो केरल और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में एक सामान्य घटना है। इसे स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है?
(a) मैंगो शावर्स (b) ब्लॉसम शावर्स
(c) नॉरवेस्टर्स (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. भारत देश की अधिकतम अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है
(a) पाकिस्तान के साथ (b) नेपाल के साथ
(c) बांग्लादेश के साथ (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. गंगा के ऊपरी मैदान की दक्षिणी सीमारेखा का निर्धारण करती है/हैं
(a) विन्ध्यन पहाड़ियाँ (b) गंगा नदी
(c) यमुना नदी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. चुम्बी घाटी स्थित है
(a) सिक्किम और तिब्बत के मध्य
(b) अरुणाचल प्रदेश और तिब्बत के मध्य
(c) लद्दाख और तिब्बत के मध्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं


Free PDF & Notes - Click NOW

**80. "वेदों की ओर लौटो" - यह नारा किसने दिया?**
(a) राजा राममोहन राय (b) केशव चन्द्र सेन
(c) ईश्वरचन्द्र (d) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**81. इनमें से किस महिला समाज सुधारक को 'पंडित' कहा गया था?**
(a) गंगाबाई (b) रमाबाई
(c) एनी बेसेन्ट (d) सिस्टर सुब्बालक्ष्मी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**82. 'मराठा' और 'केसरी' समाचार-पत्र किसने प्रारम्भ किए?**
(a) चित्तरंजन दास (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) लाला लाजपत राय (d) गोपाल कृष्ण गोखले
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**83. 'वन्दे मातरम्' किस पुस्तक से लिया गया है?**
(a) आनन्दमठ (b) गीतांजलि
(c) 'भारत-भारती' (d) कामायनी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**84. 'सत्यार्थ प्रकाश' किससे सम्बन्धित है?**
(a) आर्य समाज (b) ब्रह्म समाज
(c) प्रार्थना समाज (d) रामकृष्ण मिशन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**85. किस महीने में पीर अली ने घटना में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत की?**
(a) मई 1857 (b) जून 1857
(c) जुलाई 1857 (d) अगस्त 1857
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**86. बिहार में 21 अप्रैल, 1858 को ब्रिगेडियर डगलस के अधीन ब्रिटिश सैन्यदल के विरुद्ध किसने बहादुरी के साथ युद्ध किया?**
(a) जगलाल चौधरी (b) कुँवर सिंह
(c) सुरेन्द्र साही (d) उज्जल साही
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**87. 1857 की क्रान्ति के दौरान पटना डिवीजन का कमिश्नर कौन था?**
(a) विलियम टेलर (b) ब्रिगेडियर डगलस
(c) एच. सी. वेक (d) कैप्टन आर.पी. हैरिसन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**88. मुगल प्रशासन में 'मुहतसिब' था -**
(a) सेना अधिकारी
(b) विदेश विभाग का मुख्य
(c) लोक आचरण अधिकारी
(d) पत्र-व्यवहार विभाग के अधिकारी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**89. 'दास्तान-ए-अमीर हम्जा' का चित्रांकन किसके द्वारा किया गया**
(a) अब्दुस्समद (b) मंसूर
(c) मीर सैयद अली (d) अबुल हसन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**90. निम्नलिखित में से किस मुगल बादशाह ने अंग्रेजों को उनके व्यापार में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण फरमान दिया?**
(a) बहादुर शाह प्रथम (b) फर्रुखसियर
(c) शाह आलम द्वितीय (d) बहादुर शाह द्वितीय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**91. सल्तनतकाल के सिक्के, टंका, शशगनी एवं जीतल किन धातुओं के बने थे?**
(a) चांदी, तांबा (b) सोना, चांदी, तांबा
(c) चांदी, जस्ता, तांबा (d) सोना, जस्ता, तांबा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**92. अपने सद्गुणों के बावजूद रजिया सफल नहीं हुई क्योंकि**
(a) उसने अल्तुनिया से विवाह किया था
(b) वह पुरुष की तरह व्यवहार करती थी
(c) अपने कट्टर-धार्मिक विश्वास के लिए
(d) उच्च-वर्ग को स्त्री-शासन नापसन्द था
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**93. वह प्रथम मुस्लिम शासक कौन था जिसने शासन के सिद्धांत (theory of kingship) को राजाओं के ईश्वरीय अधिकार सिद्धांत (theory of divine right) के समान प्रतिपादित किया था?**
(a) ऐबक (b) इल्तुतमिश
(c) बलबन (d) अलाउद्दीन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**94. प्रथम तराइन युद्ध में पृथ्वीराज चौहान ने किसको पराजित किया?**
(a) मोहम्मद गोरी (b) बलबन
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) फिरोज शाह तुगलक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**95. प्राचीनतम वेद कौन-सा है?**
(a) यजुर्वेद (b) ऋग्वेद
(c) सामवेद (d) अथर्ववेद
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**96. 'ऋग्वेद' में यज्ञ हेतु कितने प्रकार के पुरोहितों (ऋत्विज) का वर्णन मिलता है?**
(a) चार (b) पाँच
(c) छः (d) सात
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**97. 'वेद' कितने प्रकार के है?**
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**98. निम्न में से किस हड़प्पन नगर में जुते हुए खेतों के निशान मिले हैं?**
(a) कालीबंगा (b) धोलावीरा
(c) मोहनजोदड़ों (d) लोथल
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**99. आई.आई.टी., खड़गपुर के अध्ययन दल की रिपोर्ट के अनुसार लगातार कितने वर्षों तक न के बराबर वर्षा का होना सिन्धु घाटी सभ्यता के पतन का कारण रहा था?**
(a) 600 वर्ष (b) 700 वर्ष
(c) 800 वर्ष (d) 900 वर्ष
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**100. सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता क्या है?**
(a) पकी ईंट से बनी इमारत (b) प्रथम असली मेहराब
(c) पूजा-स्थल (d) कला और वास्तुकला
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

# SOLUTION : PRACTICE SET-02

## Answer Key

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1. (a)** | **11. (a)** | **21. (b)** | **31. (b)** | **41. (a)** | **51. (b)** | **61. (a)** | **71. (a)** | **81. (b)** | **91. (a)** |
| **2. (d)** | **12. (c)** | **22. (b)** | **32. (c)** | **42. (c)** | **52. (c)** | **62. (a)** | **72. (a)** | **82. (b)** | **92. (d)** |
| **3. (b)** | **13. (c)** | **23. (b)** | **33. (d)** | **43. (d)** | **53. (b)** | **63. (a)** | **73. (b)** | **83. (a)** | **93. (c)** |
| **4. (c)** | **14. (a)** | **24. (a)** | **34. (d)** | **44. (b)** | **54. (d)** | **64. (b)** | **74. (e)** | **84. (a)** | **94. (a)** |
| **5. (b)** | **15. (c)** | **25. (c)** | **35. (e)** | **45. (a)** | **55. (c)** | **65. (a)** | **75. (b)** | **85. (c)** | **95. (b)** |
| **6. (c)** | **16. (d)** | **26. (a)** | **36. (e)** | **46. (a)** | **56. (a)** | **66. (b)** | **76. (a)** | **86. (b)** | **96. (d)** |
| **7. (b)** | **17. (a)** | **27. (b)** | **37. (c)** | **47. (a)** | **57. (e)** | **67. (b)** | **77. (c)** | **87. (a)** | **97. (d)** |
| **8. (d)** | **18. (b)** | **28. (b)** | **38. (b)** | **48. (c)** | **58. (a)** | **68. (b)** | **78. (c)** | **88. (c)** | **98. (a)** |
| **9. (b)** | **19. (e)** | **29. (a)** | **39. (b)** | **49. (b)** | **59. (d)** | **69. (c)** | **79. (a)** | **89. (c)** | **99. (d)** |
| **10. (c)** | **20. (c)** | **30. (b)** | **40. (d)** | **50. (a)** | **60. (a)** | **70. (a)** | **80. (d)** | **90. (b)** | **100. (a)** |

## Solution

**1. (a)**
13वीं शताब्दी में बंगाल के प्रांतपति गयासुद्दीन ने तिरहूत के राजा से युद्ध किया था। आगे चलकर गयासुद्दीन ने बंगाल विजय कर बंगाल को दिल्ली सल्तनत का भाग बनाया। गयासुद्दीन को भारत में तुगलक वंश का संस्थापक माना जाता है इसने 29 बार मंगोल आक्रमण को विफल किया था।

**2. (d)**
बजटीय घाटा = कुल व्यय - कुल प्राप्तियाँ
राजकोषीय घाटा = बजटीय घाटा + सरकार का ऋण + सरकार की देयताएं
प्राथमिक घाटा = राजकोषीय घाटा - ब्याज अदायगी
राजस्व घाटा = राजस्व प्राप्तियाँ - राजस्व व्यय

**3. (b)**
भारतीय संविधान के लिए प्रथम संशोधन विधेयक, 1951 में लाया गया। इस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 31 क और 31 ख तथा नौवीं अनुसूची को संविधान में शामिल किया गया। इसमें अनुच्छेद 19 – वाक्, अभिव्यक्ति, वृत्ति, जीविका तथा व्यापार करने की स्वतंत्रता पर कुछ प्रतिबन्ध लगाने की भी व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 15(4) जोड़कर सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े लोगों के संबन्ध में कानून निर्माण हेतु राज्य को अधिकार दिया गया।

**4. (c)**
अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रपति आपात काल की घोषणा कर सकता है। संसद द्वारा संकल्पित हो जाने के बाद आपात काल 6 महीने तक लागू रह सकता है। उसे जारी रखने के लिए संसद द्वारा पुनः अनुमोदन आवश्यक है।

**5. (b)**
प्रसिद्ध भूगोलवेत्ता निकोलस कॉपरनिकस के अनुसार ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। इसके पूर्व यह मान्यता दृढ़ हो चुकी थी कि पृथ्वी स्थिर है तथा सूर्य उसके चारों ओर चक्कर लगाता है। 1543 में कॉपरनिकस की किताब Little Commentary प्रकाशित हुई जिसमें उन्होंने बताया की पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती हुई एक दिन में चक्कर पूरा करती है और एक साल में सूर्य का चक्कर पूरा करती है।

**6. (c)**
उत्तरखण्ड का अल्मोड़ा जिला तिब्बत की सीमा से नहीं लगता है। अल्मोड़ा जिला,उत्तराखण्ड, भारत के कुमाऊं प्रभाग का जिला है। इसका मुख्यालय अल्मोड़ा ही है। यह समुद्र तल से 1,638 मीटर ऊँचा हैं। यह पहाड़ की एक घोड़े की नाल के आकार की रिज पर स्थित है।

**7. (b)**
मुण्डा आदिवासियों का विद्रोह 1874 ई. से प्रारम्भ हुआ, परन्तु 1895 ई. के बाद इनका नेतृत्व बिरसा मुण्डा ने किया और यह 1900 ई. तक चलता रहा। इस विद्रोह में मुण्डा महिलाओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण थी। बिरसा मुण्डा को 3 फरवरी 1900 ई. को सिंहभूमि में गिरफ्तार कर रांची जेल में डाल दिया गया। यहीं जून 1900 ई. में हैजा से इनकी मृत्यु हो गई।

**8. (d)**
बिहार का डालमिया नगर सीमेंट उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। भागलपुर रेशम उद्योग और सूती वस्त्र उद्योग का प्रमुख केंद्र है।

**9. (b)**
बिहार के प्रसिद्ध वकील राजेन्द्र प्रसाद ने असहयोग आन्दोलन के समय अपनी लाभप्रद वकालत छोड़ दी थी। उल्लेखनीय है कि राजेन्द्र प्रसाद ने 'इंडिया डिवाइडेड' नामक पुस्तक का लेखन भी किया था।

**10. (c)**
बिहार राज्य का कुल क्षेत्रफल 94163 वर्ग किमी. है। बिहार का क्षेत्र. भारत के क्षेत्रफल का 2.86 प्रतिशत है। क्षेत्रफल के आधार पर बिहार 13वां सबसे बड़ा राज्य है तथा जनसंख्या के आधार पर तीसरा सबसे बड़ा राज्य है।

**11. (a)**
क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार राज्य का सबसे छोटा जिला शिवहर है, जिसका क्षेत्रफल 443 वर्ग किमी. है। अरवल 637 वर्ग किमी. तथा शेखपुरा 689 वर्ग किमी. जहानाबाद 1569 वर्ग किमी. क्षेत्रफल पर है। जबकि बिहार का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला प. चंपारण (5229 वर्ग किमी.)है।

**12. (c)**
दक्षिणी बिहार में (1530 में) नूहानी वंश को समाप्त करके शेरशाह ने अफगान वंश की सूर साम्राज्य की स्थापना की एवं हजरत-ए-आला की उपाधि धारण की और दक्षिणी बिहार का वास्तविक शासक बना। शेरशाह ने मुगल शासक हुमायूँ को दो बार-1539 ई. व 1540 (चौसा का युद्ध) (बिलग्राम का युद्ध) ई. में युद्ध में हराया। इसकी मृत्यु 1545 ई. में हुई थी।


Free PDF & Notes - Click NOW

**13. (c)**
मुगल बादशाह शाहजहाँ के दरबारी इतिहासकार अब्दुल हमिद लाहौरी ने ''पादशाहनामा'' लिखी थी, जिसमें पंचेत की जागीर को बिहार के अधीन एक भाग के रूप में दिखाया गया है।
'पादशाहनामा' को मुगल बादशाह शाहजहाँ के शासन काल का प्रामाणिक इतिहास माना जाता है। इसमें शाहजहाँ का सम्पूर्ण वृतांत लिखा हुआ है।

**14. (a)**
शेरशाह का मकबरा बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में स्थित है। यह मकबरा भारत-इस्लामी वास्तुकला का एक सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है, इसे वास्तुकार मीर मुहम्मद अलीवाल द्वारा डिजाइन किया गया था। यह एक अष्टकोणी मकबरा है जो एक कृत्रिम झील के मध्य में निर्मित है।

**15. (c)**
अमेरिका का मैरीलैण्ड विश्वविद्यालय के डॉक्टरो ने विश्व का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित सूअर का हृदय मानव में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया है। यह प्रत्यारोपण एक 57 वर्षीय मरीज पर किया गया जो हृदय रोग के आखिरी चरण में था। मानव-से-मानव में पहला हृदय प्रत्यारोपण क्रिश्चियन बर्नार्ड द्वारा किया है।

**16. (d)**
क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन तकनीकि पर कार्य करती है। ब्लॉकचेन एक प्रकार का विकेन्द्रीकृत बही-खाता होता है, जिसमें विनिमय से संबंधित जानकारी को कूटबद्ध तरीके से एक ब्लॉक के रूप में सुरक्षित किया जाता है। ब्लॉकचेन में एक बार किसी भी लेन-देन के दर्ज होने पर इसे ना तो वहां से हटाया जा सकता है और ना ही इसमें संशोधन किया जा सका है। वर्तमान में विश्व भर में 1500 से अधिक क्रिप्टोकरेंसी प्रचलित हैं। पिछले दिनों सोशल मीडिया कम्पनी फेसबुक द्वारा घोषित लिब्रा के अतिरिक्त बिटकॉइन, एथरियम आदि क्रिप्टोकरेंसी के कुछ उदाहरण है।

**17. (a)**
रक्त में त्रुटिपूर्ण हेमोग्लोबिन दात्र कोशिका अरक्तता में दिखता है। दात्र कोशिका अरक्तता (सिकल सेल एनीमिया) एक अनुवांशिक विकार है जो बीटा ग्लोबिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता है जो दोषपूर्ण हीमोग्लोबिन प्रोटीन की ओर जाता है जिसे हेमोग्लोबिन एस कहा जाता है।

**18. (b)**
किसी पेड़ की उम्र की गणना जमीन से 1 मीटर ऊपर तने के घेरे की माप से की जाती है। पेड़ पर वलयों की संख्या वर्ष दर वर्ष बढ़ती जाती है।

**19. (e)**
पौधे के तने का मुख्य कार्य पौधे को आकार देना है जिससे कि पानी पत्तियों तक पहुँच सके एवं प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सुचारू रूप से हो सके एवं पौधा दृढ़तापूर्वक खड़ा रह सके। इसके अतिरिक्त तना भोजन को भी संग्रहित करता है एवं मरुस्थलीय पौधों में तो तना प्रकाश संश्लेषण की क्रिया को भी सम्पन्न करता है।

**20. (c)**
कीटभक्षी पौधे मिट्टी में नाइट्रोजन की कमी वाली जगह पर उगते हैं। ये कीटों का भक्षण कर मिट्टी में नाइट्रोजन की कमी को पूरा करते हैं। इनके कुछ उदाहरण पिचर प्लांट, वीनस फ्लाईट्रैप, कोबरा लिली, सनड्यूस आदि हैं।

**21. (b)**
ब्रायोफाइट में बीजाणु मातृ कोशिका द्विगुणित है और बीजाणु अगुणित है। ब्रायोफाइट पौधों का एक समूह है जिसमें संवहनी वाहिकाएँ नहीं होती हैं। ये वे पौधे हैं जो छायादार और नम क्षेत्रों में उगते हैं और आकार में छोटे होते हैं। ब्रायोफाइटा को तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है- हेपेटिकोप्सिडा (लिवरवॉर्ट्स) एंथोसेरोटोप्सिडा (हॉर्नवॉर्ट्स) तथा ब्रायोप्सिडा (मॉसेस)।

**22. (b)**
ऊर्जा उत्पादन के लिए कोशिका प्रायः ग्लूकोज का उपयोग करती है। ग्लूकोज कोशिका के लिए ऊर्जा का सबसे सूक्ष्म स्रोत है। ग्लूकोज का रासायनिक सूत्र $C_6H_{12}O_6$ होता है। यह जल में घुलनशील होता है, इसका स्वाद मीठा होता है।

**23. (b)**
पादप कोशिका के कोशिका भित्ति के अन्दर पाया जाने वाला रवेदार, जालीनुमा व अर्द्धतरल पदार्थ जीवद्रव्य (प्रोटोप्लाज्म) कहलाता है। इसकी संरचना जल तथा कार्बनिक व अकार्बनिक ठोस पदार्थों से हुई है।

**24. (a)**
दिये गये विकल्पों में $H_2O$ का क्वथनांक (100ºC) सर्वाधिक है।
उल्लेखनीय है कि किसी द्रव का क्वथनांक वह ताप है जिस पर द्रव के भीतर वाष्प दाब, द्रव की सतह पर आरोपित वायुमण्डलीय दाब के बराबर होता है। यह वायुदाब के साथ परिवर्तित होता है और वायुदाब के बढ़ने पर द्रव के क्वथन हेतु अधिक उच्च ताप की आवश्यकता होती है।

**25. (c)**
दो रंगहीन गैसों को मिश्रित करने पर गहरे भूरे रंग की गैस बनती है। ये NO और $O_2$ है। ध्यातव्य है कि नाइट्रिक ऑक्साइड (NO) संक्रमण धातुओं के साथ क्रिया करके धातु नाइट्रोसिल देता है।
ऑक्सीजन गैस ($O_2$) भोजन से ऊर्जा प्राप्त करने में सहायक होती है। द्रव ऑक्सीजन तथा कार्बन पेट्रोलियम, इत्यादि का मिश्रण अति विस्फोटक है।

**26. (a)**
नीलम एक रत्न श्रेणी का खनिज है। यह एल्युमिनियम भस्म (ऑक्साइड) है। इसका सूत्र $Al_2O_3$ है। नीलम प्रकृति में भी मिलता है एवं कृत्रिम भी बनाया जाता है। अपनी कठोरता के कारण कई अनुप्रयोगों में प्रयुक्त होता है।
जैसे- दृष्टि सम्बन्धी उपकरण, घड़ी के क्रिस्टल, अर्धचालकों के डिपोजीशन आदि में इसका प्रयोग किया जाता है।

**27. (b)**
गम्भीर अवसाद के शिकार व्यक्तियों के इलाज में प्रयोग किये जाने वाले नाइट्रस ऑक्साइड गैस ($N_2O$) को लाफिंग गैस (हँसने वाली गैस) भी कहा जाता है।

**28. (b)**
इमली में टार्टरिक अम्ल पाया जाता है।
कुछ खाद्य पदार्थ व उसमें पाए जाने वाले अम्ल निम्नलिखित हैं–

| | | |
|---|---|---|
| सिरका | – | एसिटिक अम्ल |
| सेब | – | मैलिक अम्ल |
| दूध | – | लैक्टिक अम्ल |
| नींबू का रस | – | सिट्रिक अम्ल |
| अंगूर | – | टार्टरिक अम्ल |


Free PDF & Notes - Click NOW

**29. (a)**
लोहे के बुरादे में तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल मिलाने पर हाइड्रोजन गैस और आयरन क्लोराइड (फेरिक क्लोराइड) का उत्पादन होता है।

$$Fe + 2HCl \longrightarrow FeCl_2 + H_2\uparrow$$

आयरन   हाइड्रोक्लोरिक अम्ल   आयरन क्लोराइड   हाइड्रोजन गैस

धातु और अम्ल की प्रतिक्रिया कराने पर नमक (आयरन क्लोराइड) और गैस ($H_2$) उत्पन्न होता है।

**30. (b)**
मानव रक्त प्लाज़्मा (Blood Plasma) का pH मान 7 से अधिक है। पानी में घुलनशील पदार्थों की अम्लता या क्षारीयता को मापने का मापक pH मान कहलाता है। pH मान पैमाना 0 से 14 तक निर्धारित होता है। pH मान 7 वाले पदार्थों को उदासीन पदार्थ माना जाता है जबकि 7 से ऊपर के pH मान वाले पदार्थ क्षारीय तथा 7 से कम pH मान वाले पदार्थ अम्लीय प्रकृति के होते हैं।
प्लाज़्मा रक्त का अजीवित तरल भाग होता है। यह रक्त का लगभग 60% भाग होता है। प्लाज्मा भोजन एवं हार्मोन का शरीर में संवहन करता है।

**31. (b)**
किसी वस्तु के धनावेशित होने का आशय यह है कि वस्तु या शरीर पर सामान्य अवस्था से इलेक्ट्रॉनों की कमी होना। अर्थात् जब इलेक्ट्रॉन हटा दिए जाते हैं तो वस्तु/Body/शरीर, धनात्मक रूप से आवेशित हो जाती है।

**32. (c)**
$-40^0$ पर फॉरेनहाइट एवं सेन्टीग्रेड दोनों के मान समान होते हैं।

**33. (d)**
इन्द्रधनुष हमेशा सूर्य के विपरीत दिशा में बनता है, ताकि पानी की बूंदों (प्रिज्म के रूप में कार्य करने वाली) पर पड़ने वाली सूर्य की रोशनी आसानी से अपवर्तित हो सके और फैल सके, और इससे इन्द्रधनुष का निर्माण होता है।

**34. (d)**
ENT विशेषज्ञ (कान, नाक, गला) अवतल दर्पण का उपयोग करते हैं। कान, नाक, गला से संबंधित बीमारी को ENT रोग कहते हैं। ये तीनों अंग आपस में जुड़े होते हैं और किसी एक में समस्या आने पर उसके फैलने की पूरी संभावना होती है। अतः यही कारण है कि किसी एक अंग में समस्या होने पर डॉक्टर इन तीनों अंगों की जाँच करते हैं।

**35. (e)**
ध्वनि की मापक इकाई डेसीबल होती है। जबकि शक्ति के मापन की इकाई वॉट है और एम्पीयर, विद्युत धारा के मापन की इकाई है। वोल्ट, विभवान्तर का मात्रक है।

**36. (e)**
आपेक्षिक घनत्व को किसी पदार्थ के किसी अन्य पदार्थ के सापेक्ष घनत्व के रूप में परिभाषित किया जाता है। इस घनत्व को एक मात्रक के रूप में माना जाता है। आपेक्षिक घनत्व का कोई मात्रक नहीं होता है। यह एक आयामहीन भौतिक मात्रा है।

**37. (c)**
अमीटर ऐसा यन्त्र है जिसके द्वारा विद्युत परिपथ में बहने वाली धारा की तीव्रता को मापा जाता है। विद्युत धारा की इकाई एम्पीयर है। गैल्वेनोमीटर का उपयोग छोटे विद्युत प्रवाह का पता लगाने या उसके परिमाण को मापने में किया जाता है और जेनरेटर यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने का कार्य करता है।

**38. (b)**
भारत में कुल कृषित क्षेत्रफल के लगभग 32% पर धान की ही खेती की जाती है। चावल की मुख्य किस्में-साकेत, गोविन्द, कावेरी, रतना, जया, सरयू, महसूरी, लूनाश्री, पूसा 33 वाला इत्यादि हैं। देश में गेहूं की औसत उपज 34.21 कुन्तल/हेक्टेयर है। गेहूं की नवीनतम विकसित किस्में- VL-829, H.S. 420, H.S. 335, D.W.B-14, NW-2036, M.P. 4010, H.1-1500 इत्यादि हैं। लेग्युम कुल की फसलों को दलहनी फसल की संज्ञा प्रदान की जाती है। ये फसलें तीनों मौसम में उगायी जाती हैं।

**39. (b)**
ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–2012) का मुख्य उद्देश्य समावेशी आर्थिक वृद्धि था। 19 दिसंबर, 2007 को राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) की बैठक में 11वीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 8 प्रतिशत GDP की वृद्धि दर प्राप्त हुयी थी।

**40. (d)**
प्रश्नकाल में राष्ट्रीय आय समंकों का आंकलन केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (CSO) करता था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) तथा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) का विलय करके राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) का गठन किया गया है।

**41. (a)**
भारत की राष्ट्रीय आय में सर्वाधिक योगदान तृतीयक क्षेत्र (सेवा क्षेत्र) का है। आर्थिक समीक्षा, 2021-22 के अनुसार वर्तमान में प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र का सकल मूल्यवर्द्धन (जीवीए) में योगदान क्रमश: 18.8 प्रतिशत, 28.2 प्रतिशत तथा 53 प्रतिशत है।

**42. (c)**
किसी ऐसे व्यक्ति, जिसके पास नौकरी नहीं है और स्पष्ट रूप से बेरोजगार के विपरीत अल्परोजगारी, जो छिपा हुआ हो, उसे प्रच्छन्न बेरोजगारी कहते है। भारत में यह कृषि क्षेत्र में पायी जाती है। मान लीजिए किसी एक किसान के पास चार एकड़ भूखंड है और उसे अपने खेते में विभिन्न प्रकार की क्रियाओं को निष्पादित करने में दो सदस्य की आवश्यकता है, किन्तु यदि वह अपने परिवार के पाँच सदस्यों (पत्नी, बच्चों आदि) को कृषि-कार्य में लगा ले तो यह स्थिति प्रच्छन्न बेरोजगारी मानी जाती है, क्योंकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों की सीमांत उपयोगिता शून्य है।

**43. (d)**
एनएसएसओ सर्वेक्षण के 68वें दौर के रिपोर्ट को आधार बनाकर योजना आयोग (जो अब नीति आयोग) ने 2011-12 के लिए निम्न बातों का उल्लेख किया है–
**(1)** ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 27.20रु. प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन गरीबी को परिभाषित किया है।
**(2)** शहरी क्षेत्रों के लिए 33.33 रु. प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन गरीबी मानक के रूप में परिभाषित किया है।
**(3)** वर्ष 2011-12 में कुल जनसंख्या में गरीबी रेखा से नीचे का अनुपात 2004-05 के 37.2% से घटकर 21.9% रह गया है।
**नोट–** बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (e) दिया गया है।


Free PDF & Notes - Click NOW

**44. (b)**
सेन्टर फॉर मोनेटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के ऑकड़ों के अनुसार अक्टूबर, 2020 में बिहार की बेरोजगारी दर 9.8% थी जबकि यह दिसंबर 2022 में बढ़कर 19.1% हो गई है।

**45. (a)**
उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं राजस्थान ने अनुच्छेद 348 (2) के प्रयोग से उच्च न्यायालयों में हिन्दी भाषा के प्रयोग को मान्यता दे दी है। अनुच्छेद-348 (2) में उपबंध है कि किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति के पूर्व सहमति से उच्च न्यायालय के कार्यवाहियों में हिंदी भाषा या अन्य भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा।

**46. (a)**
उच्च न्यायालय के कार्य क्षेत्र में बदलाव केवल संसद द्वारा किया जा सकता है। संविधान के भाग-6 (अनुच्छेद -214 से अनुच्छेद 232) में उच्च न्यायालय की स्थापना से संबंधी प्रावधान का वर्णन किया गया है। अनुच्छेद -231 के तहत संसद विधि द्वारा दो या दो से अधिक राज्यों अथवा दो या अधिक राज्यों और संघ शासित क्षेत्र के लिए एक ही उच्च न्यायालय की स्थापना कर सकती है।

**47. (a)**
उच्च न्यायालय का न्यायाधीश शपथ लेने के बाद 62 वर्ष की आयु तक अपने पद पर कार्यरत रहता है। अनुच्छेद 217 (1)(क) के अनुसार, वह राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षरयुक्त पत्र द्वारा अपना पद त्याग सकता है । साथ ही उसे सिद्ध कदाचार या असमर्थता के आधार पर संसद के दोनों सदनों द्वारा अलग-अलग अपने कुल बहुमत से जो उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों को दो-तिहाई द्वारा पारित प्रस्ताव से राष्ट्रपति द्वारा पदमुक्त किया जा सकता है।

**48. (c)**
भारत के संविधान के अनुच्छेद 79 के अनुसार, संघ के लिए एक संसद होगी जो राष्ट्रपति और दो सदनों से मिलकर बनेगी जिनके नाम राज्य सभा और लोक सभा होंगे। लोक सभा तथा राज्य सभा का सदस्य होने के लिए अनुच्छेद 84 में प्रावधान है जिसके अनुसार कोई व्यक्ति संसद के किसी स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए अर्हित तभी होगा जब 84(ख) वह राज्य सभा में स्थान के लिए कम से कम तीस वर्ष की आयु और लोक सभा में स्थान के लिए कम से कम पच्चीस वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।

**49. (b)**
संविधान के अनु. 76(1) के अनुसार राष्ट्रपति, उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने की अर्हता रखने वाले किसी व्यक्ति को भारत का महान्यायवादी नियुक्त करेगा। महान्यायवादी का यह कर्त्तव्य होता है कि वह भारत सरकार को विधि संबंधी सलाह दे तथा विधिक स्वरूप के ऐसे अन्य कर्त्तव्यों का पालन करे जो राष्ट्रपति उसे समय-समय पर निर्देशित करें या सौपें। महान्यायवादी को भारत के राज्यक्षेत्र में सभी न्यायालयों में सुनवाई का अधिकार होता है। यह भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है। उसे संसद की कार्यवाहियों में भाग लेने तथा बोलने का अधिकार होता है परन्तु मत देने का अधिकार नहीं होता। (अनुच्छेद-88)

**50. (a)**
संविधान के अनुच्छेद 109 (1) के अनुसार, धन विधेयक राज्यसभा में पुरःस्थापित नहीं किया जायेगा। अतः स्पष्ट है कि धन विधेयक केवल लोकसभा में ही पुरःस्थापित किया जाता है। कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं इसका विनिश्चय लोकसभा अध्यक्ष करता है और उसका विनिश्चय अंतिम होता है। संविधान के अनुच्छेद 110 में 'धन विधेयक' की परिभाषा उल्लिखित है।

**51. (b)**
भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य (अनुच्छेद 51A) डॉ. स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा जोड़े गये। प्रारम्भ में 10 कर्तव्यो को मूल कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया। 86वां संविधान संशोधन 2002 द्वारा 11वां मूल कर्तव्य शामिल किया गया। हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना एवं महत्व प्रदान करना मौलिक कर्तव्य है। यह अनुच्छेद 51क (च) के तहत शामिल किया गया है। भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों की संख्या 11 है इसे सोवियत संघ के संविधान से लिया गया है।

**52. (c)**
भारतीय संविधान में राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त में अनुच्छेद-40 में प्रावधान है कि अनुच्छेद 40 के अनुसार 'राज्य ग्राम पंचायतों के संगठन के लिए कदम उठायेगा तथा इनको स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने के लिए शक्तियां प्रदान करेगा।'

**53. (b)**
भारतीय संविधान के भाग 3 में अनुच्छेद 12 से 35 तक मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। मूल रूप भारतीय संविधान में 7 मूल अधिकार प्रदान किये गये थे। वर्तमान में मूल अधिकारों की संख्या 6 है- समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार। संपत्ति के अधिकार को 44वें संविधान संशोधन, 1978 द्वारा मूल अधिकारों की सूची से हटा दिया गया। इसे संविधान के भाग-12 में अनुच्छेद -300(क) के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया।

**54. (d)**
सही सुमेलन इस प्रकार है-
**अनुच्छेद-153**-राज्यों के राज्यपाल, प्रत्येक राज्य के लिए एक राज्यपाल होगा।
**अनुच्छेद-154**-राज्यपाल का कार्यकारी प्राधिकार
**अनुच्छेद-155**-राज्यपाल की नियुक्ति, राज्य के राज्यपाल को राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा नियुक्त करेगा।
**अनुच्छेद-156**-राज्यपाल की पदावधि, राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पदधारण करेगा। राज्यपाल अपने पद ग्रहण की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि तक पद धारण करेगा।

**55. (c)**
संविधान के भाग-9 (73वें संविधान संशोधन द्वारा स्थापित) में पंचायती राज व्यवस्था का प्रावधान है।

| | | |
|---|---|---|
| भाग-VI | – | राज्य |
| भाग-IX-A | – | नगरपालिकाएँ |
| भाग-XII | – | वित्त, संपत्ति, संविदाएँ और वाद |
| भाग-V | – | संघ |
| भाग-XIX | – | प्रकीर्ण |
| भाग-XVIII | – | आपात उपबंध |

**56. (a)**
न्यायिक पुनरावलोकन का आंशिक निरस्तीकरण सिद्धांत संविधान के अनुच्छेद-13 से संबंधित है। अनुच्छेद-13 घोषित करता है कि मूल अधिकारों से असंगत या उनका अल्पीकरण करने वाली विधियाँ शून्य होगी अर्थात् ये न्यायिक समीक्षा के योग्य है। यह शक्ति अनुच्छेद 32 और 226 से क्रमशः उच्चतम न्यालाय एवं उच्च न्यायालय को प्राप्त है।


Free PDF & Notes - Click NOW

**57. (e)**
कार्बन डाई ऑक्साइड, ओजोन, सी.एफ.सी., मीथेन ये सभी गैसें ग्रीन हाउस गैस के अन्तर्गत शामिल हैं। अतः विकल्प (e) सही उत्तर है। ग्रीन हाउस गैसों के माध्यम से 'ग्रीन हाउस प्रभाव'की प्रक्रिया देखी जाती है जिसमें किसी ग्रह या उपग्रह के तापमान में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि हो जाती है।

**58. (a)**
जैव-मण्डल में सभी जीवित जातियाँ जीवित रहने के लिए एक-दूसरे से परस्पर संबंधित तथा एक-दूसरे पर निर्भर रहती हैं। इस जीवन समर्थित तंत्र को 'पारितंत्र' कहा जाता है।

**59. (d)**
उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में सर्वाधिक जैव-विविधता पायी जाती है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र पृथ्वी के सबसे बड़े बायोमों में से एक होते है। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र वन्य जीवन और वनस्पति की कई प्रजातियों से समृद्ध है। उष्णकटिबंधीय वर्षा वन स्थलीय पृथ्वी पर अभी भी मौजूद सबसे पुराने प्रमुख वनस्पति प्रकार का प्रतिनिधित्व करते है।

**60. (a)**
दस कैप्टिव-नस्ल एशियाई विशालकाय कछुए (मनौरिया एमिस), मुख्य भूमि एशिया में सबसे बड़ी कछुआ प्रजातियों में एक, भारत के नतांगकी राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये है। नतांगकी राष्ट्रीय उद्यान उत्तर पूर्व भारत के नागालैण्ड राज्य का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है। स्थानीय क्षेत्रों में आम लोग इसे 'इंटंकी' कहते है। वर्ष 1975 में नागालैंड राज्य सरकार द्वारा नतांगकी रिजर्व फॉरेस्ट को वन्यजीव अभ्यारण्य का दर्जा दिया गया था। अतः वर्ष 1993 में इसे को राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया।

**61. (a)**
तमिलनाडु राज्य सरकार ने भारत में गिद्धों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय कार्यवाई द्वारा प्रस्तावित गिद्ध संरक्षण के लिए राज्य स्तरीय समिति (एस.एल.सी.वी.सी.) का शुभारम्भ किया। तमिलनाडु राज्य सफेद पीठ वाले गिद्धों, लम्बी चोंच वाले गिद्धों और लाल सिर वाले गिद्धों की मेजबानी करता है, जिन्हें IUCN द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**62. (a)**
केरल की शांत घाटी (साइलेंट वैली) में पौधों और जानवरों की बहुत ही दुर्लभ प्रजातियाँ पाई जाती है। यहाँ पर स्तनधारियों की 41 प्रजातियाँ, पक्षियों की 175 प्रजातियाँ, तितलियों की 164 से अधिक प्रजातियाँ, सरीसृप की 49 तथा उभयचर की 47 तथा पतंगों की 400 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती है। ध्यातव्य है कि यहाँ पर शेर की पूँछ वाला मकाक बंदर पाया जाता है, जो यहाँ की स्थानीय प्रजाति है। इरूलास, कुरूम्बा, मुदुगास और कट्टुनैक्कर यहाँ के प्रमुख जनजातीय समूह है। वर्ष 1914 में साइलेंट वैली क्षेत्र के जंगलों को आरक्षित क्षेत्र तथा 1984 को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।

**63. (a)**
सी ए ए के अन्तर्गत नागरिकता प्रक्रिया के लिए आवेदन और निष्पादन का कार्य जनगणना विभाग द्वारा किया जाता है।

**64. (b)**
भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार पूर्वोत्तर राज्यों में जनजातीय जनसंख्या की अधिकतम संकेन्द्रण मिजोरम (94.4%) है, उसके बाद नागालैण्ड (89.15%) और मेघालय (85.94%) का स्थान आता है।

**65. (a)**
गोवा राज्य में नगरीकरण सर्वाधिक (62.17%) है। एक समान सिविल संहिता लागू करने वाला राज्य भी गोवा है क्षेत्रफल के मामले में गोवा भारत का सबसे छोटा राज्य है एवं यह सबसे छोटी समुद्री तटरेखा वाला राज्य भी है।

**66. (b)**
पामीर के पठार को विश्व की छत के रूप में संबोधित किया जाता है, क्योंकि पामीर का पठार लगभग 5000 मी. ऊँचा है। यह विश्व का सबसे ऊँचा पठार भी है। इसके उत्तर की ओर तियानशान, पूर्व की ओर कुनलुन एवं काराकोरम, दक्षिण-पूर्व की ओर हिमालय एवं पश्चिम की ओर हिंदुकुश पर्वत श्रेणी स्थित है।

**67. (b)**
दक्षिण अमेरिका के अर्जेन्टीना एवं उरूग्वे में मध्य घास के मैदान को पम्पास के नाम से जाना जाता है जबकि उत्तरी अमेरिका के कनाडा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका में विस्तृत शीतोष्ण घास के मैदान को स्थानीय स्तर पर प्रेयरी कहते हैं। वेल्ड अफ्रीका में, स्टेपी यूरोप में एवं डाउन्स ऑस्ट्रेलिया में शीतोष्ण घास के मैदान हैं।

**68. (b)**
ब्राजील के पठार के पास के घास मैदानों को कम्पोज घास मैदान कहते हैं। यह सवाना घास मैदानों का ही एक प्रकार है जो भूमध्यरेखीय वर्षा वनों के उत्तर एवं दक्षिण में पाए जाते हैं। ब्राजील के भूमध्य रेखीय वन जिन्हें सेल्वा वन भी कहा जाता है। जिसके दक्षिण में पायी जाने वाली घास का मैदान कम्पोज कहलाती है जबकि सेल्वा वनों के उत्तर में पायी जाने वाली सवाना तुल्य घास मैदान लानोज कहलाती है।

**69. (c)**
किसी महासागर के ऊपरी परत को ही महासागरीय पर्पटी कहते हैं। महासागरीय पर्पटी में पाए जाने वाले मुख्य खनिज घटक सिलिका और मैग्नीशियम हैं। इसकी मोटाई 5 से 10 किलोमीटर तक पाई जाती है। इसमें कायान्तरित चट्टानों का अभाव है।
इसके विपरीत महाद्वीपीय भूपर्पटी में लावा, राख, चूना पत्थर, बलुआ पत्थर व कायान्तरित चट्टानों की प्रधानता है। इस पर्पटी की मोटाई 30 से 50 कि.मी. तक पाई जाती है।

**70. (a)**
पृथ्वी को अपनी अधिकतम ऊर्जा लघु तरंगों के रूप में प्राप्त होता है। गर्म होने के बाद पृथ्वी एक विकिरण पिंड बन जाती है और यह दीर्घ विकिरण तरंगों के रूप में वायुमण्डल को ऊर्जा प्रदान करती है। अतः वायुमण्डल अपनी अधिकतम ऊर्जा दीर्घ पार्थिक विकिरण तरंगों से प्राप्त होती है।

**71. (a)**
पृथ्वी के वायुमण्डल का पृथ्वी की सतह से ऊपर की ओर क्रमशः क्षोभमण्डल (Troposphere) समतापमण्डल (Stratosphere) मध्यमण्डल (Mesosphere) तापमण्डल/ आयनमण्डल (Ionosphere) बहिर्मंडल (Exosphere) है।
हमारे वायुमण्डल में नाइट्रोजन गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है। इसके पश्चात घटते क्रम में ऑक्सीजन, आर्गन, कार्बन-डाई-ऑक्साइड, निऑन, हीलियम, ओजोन व हाइड्रोजन है।

**72. (a)**
सौरमंडल में आकार (बड़े से छोटे क्रम में) के आधार पर चार बड़े ग्रह बृहस्पति, शनि, अरुण व वरुण है। जबकि मंगल ग्रह आकार में सातवाँ बड़ा ग्रह है जो केवल बुध ग्रह से बड़ा है। इस प्रकार विकल्प (a) सही उत्तर है।


Free PDF & Notes - Click NOW

**73. (b)**
कैमूर पठार मुख्यतः चूना पत्थर के लिए प्रसिद्ध है। कैमूर का पठार, विंध्य पर्वत शृंखला का भाग है।

**74. (e)**
मध्यवर्ती गंगा के मैदानी कृषि-जलवायु प्रदेश के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार (छोटा नागपुर पठार को छोड़कर) के क्षेत्र शामिल हैं। यह एक उपजाऊ जलोढ़ मैदान है, जो गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों द्वारा बनाया गया है। यहाँ प्रतिवर्ष 75 से.मी. से 150 से.मी. की वर्षा होती है। उपरोक्त सभी विकल्प गंगा के मैदानी कृषि जलवायु प्रदेश की विशेषताएँ है, अतः अभीष्ट उत्तर (e) होगा।

**75. (b)**
अमेरिकी भूगोलवेत्ता ग्लेन थॉमस ट्रिवार्था ने वर्ष 1966 में जलवायु वर्गीकरण प्रणाली को प्रस्तुत किया। ट्रिवार्था के अनुसार, दुनियाँ के 6 प्रमुख जलवायु क्षेत्र है। Am प्रकार की जलवायु भारत के पश्चिमी तटीय मैदान के क्षेत्र में पायी जाती है। यह उष्णकटिबंधीय मानसून प्रकार की जलवायु का क्षेत्र है।

**76. (a)**
ग्रीष्म के अंत में होने वाली पूर्व मानसून वर्षा केरल व कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में मैंगो शावर्स (आम्र वर्षा) के नाम से जानी जाती है। असम में इसे 'चाय वर्षा', बंगाल में 'काल वैशाखी' कर्नाटक में 'काफी वर्षा' एवं 'चेरी ब्लॉसम वर्षा' कहा जाता है।

**77. (c)**
भारत की अधिकतम अंतर्राष्ट्रीय सीमा बाग्लादेश के साथ है, इसकी लम्बाई लगभग 4096 किमी. है। भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ लगभग 15100 किमी. लम्बी स्थलीय सीमा तथा 7516.6 किमी. लम्बी (द्वीपों सहित) तट रेखा है।

**78. (c)**
गंगा के ऊपरी मैदान की दक्षिणी सीमारेखा का निर्धारण यमुना नदी द्वारा किया जाता है। यह क्षेत्र यमुना नदी द्वारा पश्चिम एवं दक्षिण में, शिवालिक पहाड़ियों द्वारा उत्तर में तथा 100 मी. की समोच्च रेखा (इलाहाबाद-फैजाबाद रेल लाइन) द्वारा पूरब में सीमांकित है। सूक्ष्म स्तरीय स्थलाकृतिक विशेषताओं के आधार पर ऊपरी गंगा के मैदान को तीन सूक्ष्म स्तरीय इकाइयों-(i) गंगा-यमुना दोआब (ii) रुहेलखण्ड मैदान एवं (iii) अवध मैदान में बाँटा जाता है।

**79. (a)**
चुम्बी घाटी सिक्किम और तिब्बत के मध्य स्थित है। चुम्बी घाटी सिक्किम के जेलेपला से तिब्बत की राजधानी ल्हासा तक पहुंचने का मार्ग प्रदान करती है। कश्मीर घाटी बृहत हिमालय और पीरपंजाल के मध्य स्थित है, यही पर डल झील भी स्थित है। कश्मीर घाटी करेवा (Karewa) के लिए प्रसिद्ध है। भारत में अन्य प्रमुख घाटियाँ दून घाटी, कांगड़ा घाटी, कुल्लू घाटी इत्यादि स्थित है।

**80. (d)**
आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में बम्बई में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने किया था। इन्होंने ही 'वेदों की ओर लौटो' का नारा दिया था। ये कठोर सुधारवादी थे। आर्य समाज ने छुआछूत, जाति व्यवस्था का विरोध किया परन्तु वर्णव्यवस्था का समर्थन किया। स्वामी दयानन्द सरस्वती को ''भारत का मार्टिन लूथर किंग'' कहा जाता है।

**81. (b)**
रमाबाई का जन्म 23 अप्रैल 1858 को संस्कृत के विद्वान अनंत शास्त्री डोंगरे के घर हुआ था। इन्हें पंडिता रमाबाई के नाम से जाना जाता है। ये एक प्रतिष्ठित भारतीय समाज सुधारिका एवं सामाजिक कार्यकत्री थीं। 1882 ई. में इन्होंने 'आर्य महिला सभा' की स्थापना की थी।

**82. (b)**
1881 ई. में बाल गंगाधर तिलक ने दो समाचार पत्र मराठा (अंग्रेजी में) और केसरी (मराठी में) को प्रकाशित किया। यह स्वराज के प्रबल समर्थक थे इन्होंने कहा 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और इसे मैं लेकर रहूँगा'।

**83. (a)**
वन्देमातरम् गीत के रचनाकार बंकिमचन्द्र चट्टोपध्याय थे। यह गीत इनके उपन्यास आनन्द मठ से लिया गया था।

**84. (a)**
'सत्यार्थ प्रकाश' स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा वर्ष 1875 में लिखी गयी पुस्तक है। इसका संबंध आर्य समाज से है।

**85. (c)**
3 जुलाई, 1857 को पटना सिटी में अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष आरंभ हुआ। इसका नेतृत्व गुरहट्टा मोहल्ला के एक पुस्तक-विक्रेता पीर अली द्वारा किया गया। पटना के कमिश्नर टेलर विद्रोह के दमन का कठोरतापूर्वक दमन किया। पीर अली को अंग्रेज अधिकारियों ने बंदी बना लिया। कमिश्नर टेलर के आदेश पर उसे फांसी की सजा हुई। पीर अली के अदम्य उत्साह और धैर्य की प्रशंसा टेलर ने अपनी पुस्तक 'Our Crisis' में की है।

**86. (b)**
डगलस ने 17 अप्रैल 1858 को आजमगढ़ के समीप नघाई नामक स्थान पर कुंवर सिंह पर आक्रमण किया। डगलस के सभी प्रयत्नों को विफल करते हुए कुंवर सिंह नागरा और फिर सिकन्दरपुर पहुँच गये। कुंवर सिंह की बौसडीह (गाजीपुर एवं छपरा के बीच) नामक स्थान पर डगलस के सैनिकों से 21 अप्रैल 1858 को एक तीक्ष्ण झड़प हुई। डगलस और कर्नल कम्बरलेज का कुंवर सिंह को पकड़ने का प्रयत्न विफल रहा। 22 अप्रैल 1858 तक वे जगदीशपुर पहुंच गये।

**87. (a)**
1857 के विद्रोह के समय बिहार में शाहाबाद, पटना और गया जिला विद्रोह के प्रमुख केन्द्र थे। पटना डिवीजन में पीर अली जैसे मुस्लिम नेताओं ने विद्रोह भड़काने में मदद की। विद्रोह के समय पटना डिवीजन का कमिश्नर विलियम टेलर था। टेलर ने पटना के तीन प्रभावशाली मौलवियों मोहम्मद हुसैन, अहमदुल्ला और वजीबुल हक को विचार विमर्श हेतु जून 1859 में बुलाया। विचार-विमर्श के पश्चात वहाबियों की सहायता के आरोप में गिरफ्तार कर नजरबन्द कर दिया।

**88. (c)**
मुगलकाल में मुहतसिब, लोक आचरण अधिकारी था। प्रजा के नैतिक चरित्र की देखभाल करने के लिए और मुख्यतया यह देखने के लिए कि प्रजा इस्लाम के कानूनों के अनुसार आचरण कर रही है अथवा नहीं। जबकि मीरबख्शी सैन्य विभाग का प्रमुख था। प्रजा के आचरण को शुद्ध करने के लिए बादशाह अकबर ने नगरों में मदिरा विक्रय और वेश्यालयों का निवास निषिद्ध कर दिया था। वेश्याओं को नगर से बाहर स्थान दिया गया जिसे 'शैतानपुरी' कहा जाता था।

**89. (c)**
'हम्जानामा' मुगल चित्रकला की प्रथम महत्वपूर्ण कृति है। इसे **'दास्तान-ए-अमीर हम्जा'** भी कहा जाता है। यह कुल 1200 चित्रों का संग्रह है। हम्जानामा को पूर्ण करने के लिए मीर सैय्यद अली को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। हुमायूँ के समय में दो महान कलाकार 'मीर सैयद अली' एवं 'ख्वाजा अब्दुस्समद' थे।


Free PDF & Notes - Click NOW

अब्दुस्समद द्वारा बनाई गयी कुछ कृतियों का संकलन जहांगीर की 'गुलशन चित्रावली' में किया गया है। 'उस्ताद मंसूर' एवं 'अबुल हसन' जहांगीर के श्रेष्ठ कलाकारों में से थे। इन्हें बादशाह ने क्रमशः 'नादिर-उल-अस्र' एवं 'नादिर-उल-जमाँ' की उपाधि प्रदान की थी। उस्ताद मंसूर को दुर्लभ पशुओं और पक्षियों का चितेरा कहा जाता था। इसकी महत्वपूर्ण कृति 'साइबेरिया का बिरला सारस' तथा बंगाल का एक 'पुष्प' है।

**90. (b)**

दरबार में आए एक 'ब्रिटिश शिष्टमण्डल' के डॉक्टर हेमिल्टन द्वारा किए गए इलाज से खुश होकर मुगल बादशाह फर्रुखसियर ने 1717 में अंग्रेजों को उनके व्यापार में मदद करने के लिए एक शाही फरमान दिया था। जिसे ईस्ट इण्डिया कम्पनी का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।

**91. (a)**

सल्तनत काल में टंका चांदी एवं जीतल तांबे का बना होता था, ये दोनों सिक्के इल्तुतमिश द्वारा प्रचलित किए गए थे। शशगनी भी चांदी का सिक्का था, जिसे फिरोजशाह तुगलक ने जारी किया था। टंका एवं जीतल का अनुपात 1:48 का था। वह प्रथम सुल्तान था जिसके सिक्के पश्चिमी देशों के सिक्के के समान थे।

**92. (d)**

रजिया अपने सद्‌गुणों के बावजूद शासिका के रूप में सफल इसलिए नहीं हुई क्योंकि उच्च वर्ग को स्त्री शासन पसन्द नहीं था। रजिया बेगम दिल्ली सल्तनत की प्रथम और अंतिम महिला शासिका थी जिसने शासन की बागडोर संभाली। रजिया सुल्तान इल्तुतमिश की पुत्री थी। अमीर-ए-शिकार की पदवी बलबन को इसी के काल में मिला था।

**93. (c)**

गयासुद्दीन बलबन ने 'शासन के सिद्धांत' को 'ईश्वरीय अधिकार सिद्धांत' के रूप में प्रतिपादित किया। गयासुद्दीन बलबन गुलाम वंश का शासक था जिसने दिल्ली सल्तनत पर 1265 ई. से 1287 ई. तक शासन किया। शासन पद्धति को बलबन ने नवीन साँचे में ढाला और उसको मूलतः लौकिक बनाने का प्रयास किया। उसका कहना था कि ''सुल्तान का हृदय दैवीय अनुकम्पा की एक विशेष निधि है, इस कारण उसका अस्तित्व अद्वितीय है।'' उसने 'सिजदा' एवं 'पैबोस' की परम्परा को लागू किया तथा फारसी त्यौहार 'नौरोज' को प्रारम्भ करवाया। उसकी शासन व्यवस्था को 'रक्त एवं लौह' की नीति कहकर सम्बोधित किया जाता है।

बरनी के अनुसार, बलबन का 'राजत्व का सिद्धान्त' प्रतिष्ठा, शक्ति और न्याय के सिद्धान्तों पर आधारित था। बलबन ने ही चालीस ग्रुप की शक्तियों का दमन किया था। बलबन के ही समय तुगरिल खां का विद्रोह हुआ था।

**94. (a)**

तराईन का प्रथम युद्ध 1191 ई. में हुआ था। इस युद्ध मे पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गोरी को पराजित किया था। यह युद्ध थानेश्वर से 14 मील दूर, सरसिंह किले के पास हरियाणा के तराइन नामक स्थान पर हुआ था। तराइन का द्वितीय युद्ध 1192 ई. में हुआ जिसमें पृथ्वीराज चौहान को मोहम्मद गोरी से पराजय मिली।

**95. (b)**

ऋग्वेद को प्राचीनतम वेद माना जाता है। इसमें कुल 10 मण्डल 1028 सूक्त एवं 10580 ऋचाएं (मंत्र) है। ऋग्वेद का तीसरा मण्डल सूर्य देवता को समर्पित है। इसी में गायत्री मंत्र का उल्लेख किया गया है। नौवें मण्डल में सोम का उल्लेख मिलता हैं। ऋग्वेद के दो ब्राह्मण ग्रंथ हैं- ऐतरेय तथा कौषीतकी।

ऋग्वेद के मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऋषि को होतृ 'या होता' कहा जाता है।

**96. (d)**

'ऋग्वेद' में यज्ञ हेतु सात प्रकार के पुरोहितों का वर्णन मिलता है-

| | |
|---|---|
| 1- अध्वर्यु | 5 - पोता |
| 2- होता | 6 - नेण्टा |
| 3- ब्रह्मा | 7 - प्रशास्ता |
| 4- आग्नीध। | |

**97. (d)**

वेदों की संख्या चार है ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद है। ऋग्वेद में 'होतृ' वर्ग के पुरोहित यज्ञ कुण्ड में अग्नि का आह्वान कर वेद मंत्रों द्वारा देवताओं की स्तुति करते थे। सामवेद-'उद्‌गाता' साम का गायन करते थे। यजुर्वेद – 'अध्वर्यु' याज्ञिक कर्मकाण्ड का वर्णन। अथर्ववेद के पुरोहित को ब्रह्मा कहा जाता है। यह वशीकरण, भूत-प्रेत, जादू-टोना आदि से सम्बन्धित था।

ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद इन तीन वेदों को संयुक्त रूप से वेद त्रयी कहा जाता है।

**98. (a)**

कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में घग्घर नदी के बायें किनारे पर स्थित यह सैन्धव सभ्यता का महत्वपूर्ण स्थल है। 1952 ई. में अमलानन्द घोष के निर्देशन में व्यापक पैमाने पर खुदाई की गई थी। यहाँ से प्राप्त प्राक्-सैन्धव काल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि एक जुते हुए खेत की प्राप्ति है। इसमें आड़ी-तिरछी जुताई की गई है।

**99. (d)**

आई.आई.टी. खड़गपुर के वैज्ञानिकों ने लगभग 4350 साल पहले सिंधु घाटी सभ्यता के खत्म होने की वजह बने सूखे की अवधि का पता लगाया है। वैज्ञानिकों ने उस थ्योरी को भी गलत साबित कर दिया, जिसमें सूखे के 200 साल में खत्म हो जाने की बात कही गई थी। आई.आई.टी. खड़गपुर के भूगर्भशास्त्र और भौगोलिक विभाग के शोधकर्ताओं ने पिछले लगभग 5000 साल के दौरान मानसून के पैटर्न का अध्ययन किया और पाया कि लगभग 900 साल तक उत्तर पश्चिम हिमालय में बारिश न के बराबर हुई। इस कारण सिंधु और इनकी सहायक नदियाँ जो बारिश से साल भर भरी रहती थीं, सूख गई। इन नदियों के किनारे रहने वाले सिन्धु सभ्यता के निवासी नदियों में पानी खत्म होंने से पूर्व और दक्षिण की ओर गंगा-यमुना घाटी की ओर चले गए जहाँ बारिश बेहतर होती थी।

**100. (a)**

सिन्धु घाटी सभ्यता भारतीय संस्कृति की ऐतिहासिक विरासत का प्रारंभिक बिन्दु है। इस सभ्यता को प्रथम नगरीय क्रान्ति भी कहा जाता है क्योंकि भारत में पहली बार नगरों का उदय इसी सभ्यता के समय हुआ। सिंधु सभ्यता के नगर जाल की तरह व्यवस्थित होते थे तथा सड़कें एक दूसरे को प्रायः समकोण पर काटती थी। सामान्यतः भवन निर्माण में पकी हुई ईटों का प्रयोग किया जाता था। यद्यपि सिन्धु सभ्यता के किसी भी पुरास्थल से मंदिर के साक्ष्य नहीं मिले हैं किंतु सूर्य पूजा, अग्नि पूजा, मातृदेवी की उपासना के साक्ष्य अवश्य प्राप्त हुए हैं, सिन्धु सभ्यता से प्राप्त मुहरें, मनके और मृदभाण्ड व लघु कलाएं उनके सौन्दर्य बोध को इंगित करते हैं।


Free PDF & Notes - Click NOW

# PRACTICE SET-03

**1. सन् 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन में बिहार के नेताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा था। बिहार के कौन-से प्रमुख नेता 'बिहार केसरी' के नाम से जाने थे और उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था?**
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) श्रीकृष्ण सिंह
(c) अनुग्रह नारायण सिन्हा (d) राम मनोहर लोहिया
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**2. भारत में सीमान्त कृषि-भूमि जोत का आकार है**
(a) 5 हेक्टेयर से ज्यादा (b) 2 हेक्टेयर से 4 हेक्टेयर
(c) 1 हेक्टेयर से 2 हेक्टेयर (d) 1 हेक्टेयर से कम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**3. 1946 ई. में गठित अन्तरिम सरकार में जगजीवन राम को कौन-सा विभाग सौंपा गया था?**
(a) वित्त (b) श्रम
(c) कानून (d) रक्षा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**4. संघीय सूची के अंतर्गत शामिल है**
(a) कृषि (b) संचार
(c) रक्षा (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5. इनमें से कौन दिखता नहीं है?**
(a) चंद्र (b) मंगल
(c) शुक्र (d) राहु
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**6. किस पठार पर कर्क-रेखा तथा भारतीय मानक समय रेखा एक-दूसरे को काटती हैं?**
(a) बुन्देलखण्ड (b) बघेलखण्ड
(c) मालवा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**7. किसान नेता मोतीलाल तेजावत संबंधित है?**
(a) बिजोलिया आन्दोलन से
(b) मेवाड़ के भील आदिवासी आन्दोलन से
(c) मारवाड़ के किसान आन्दोलन से
(d) यू.पी. के किसान आन्दोलन से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**8. बिहार के निम्नलिखित राष्ट्रीय राजमार्गों में से कौन-सा एक सबसे लम्बा है?**
(a) NH 20 (b) NH 31
(c) NH 120 (d) NH 22
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**9. ब्रह्मयोनि हिल बिहार के किस जिले में स्थित है?**
(a) गया (b) रोहतास
(c) नालन्दा (d) नवादा
(e) ऊपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**10. झारखंड बनाने के लिए बिहार को किस वर्ष विभाजित किया गया था?**
(a) 2000 (b) 2001
(c) 2004 (d) 2005
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**11. झारखंड, बिहार का अभिन्न अंग था**
(a) 1999 में (b) 2003 में
(c) 2001 में (d) 2002 में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**12. मध्यकालीन बिहार में बुनियादी प्रशासनिक इकाई के रूप में 'परगना' को किसने विकसित किया ?**
(a) बख्तियार खलजी (b) इब्राहिम सूरी
(c) शेरशाह सूरी (d) अकबर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं /उपर्युक्त में से एक से अधिक

**13. बिहार में वहाबियों की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र कौन-सा था?**
(a) जगदीशपुर (b) चम्पारण
(c) पटना (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14. 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा (ए.आई.के.एस.) की स्थापना बिहार में किसके नेतृत्व में हुई थी?**
(a) जय प्रकाश नारायण
(b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) स्वामी सहजानंद सरस्वती
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15. भारत के किस राज्य ने रोबोटिक मैनहोल सफाई तकनीक विकसित की है?**
(a) केरल
(b) बिहार
(c) कर्नाटक
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16. आईआईटी मद्रास ने ई मोबिलिटी सिमुलेशन लैब लान्च करने के लिए किसके साथ करार किया है?**
(a) स्टारलिंग (b) अल्टेयर
(c) फार्बर स्पेशलिटी लैब (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17. सूर्य से आने वाले अल्ट्रावायलेट विकिरण निम्नलिखित में से कौन-सा कैन्सर पैदा करते हैं?**
(a) यकृत का कैन्सर (b) फेफड़े का कैन्सर
(c) ब्रेन का कैन्सर (d) त्वचा का कैन्सर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**18. द्विबीजपत्री पौधों के तने में संवहनी बंडल सामान्यतः किस रूप में होते हैं?**
(a) रैडियल (b) एकाग्र
(c) संपार्श्विक (d) सनकी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं /उपर्युक्त में से एक से अधिक

**19. नारियल के फलों का फैलाव होता है**
(a) मेसोकार्प द्वारा (b) एपीकार्प द्वारा
(c) एन्डोकार्प द्वारा (d) घुमावदार हुकों द्वारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं /उपर्युक्त में से एक से अधिक

**20. फूल का ______ फल बनता है।**
(a) बाह्यदल (b) पंखुड़ी
(c) अंडाशय (d) अपरा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW

**21. निम्नलिखित में से ______ आम के पौधे और बंदर दोनों की कोशिकाओं में पाया जाता है।**
(a) क्लोरोप्लास्ट (b) सेंट्रीओल
(c) कोशिका-भित्ति (d) कोशिका-झिल्ली
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**22. लसीका का गैर-कोशिकीय हिस्सा पानी के लगभग ----से बना होता है।**
(a) 90% (b) 95%
(c) 50% (d) 94%
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**23. मानव शरीर के किस अंग में उपकला कोशिका पाई जाती है?**
(a) बाल (b) नाक
(c) फेफड़ा (d) अग्न्याशय
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**24. आधुनिक रसायन शास्त्र का जनक किसे कहा जाता है?**
(a) रदरफोर्ड (b) आइन्स्टीन
(c) लेवोशियर (d) सी.वी. रमन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**25. नीला थोथा रासायनिक रूप से है-**
(a) सोडियम सल्फेट (b) निकल सल्फेट
(c) कॉपर सल्फेट (d) आयरन सल्फेट
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**26. निम्न में से सबसे अच्छा अग्निशामक कौन-सा है?**
(a) मिट्टी (b) जल
(c) ऑक्सीजन (d) कार्बन डाइऑक्साइड
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**27. फुलेरीन अथवा बकीबॉल..............कार्बन परमाणुओं का बना होता है?**
(a) 20 (b) 40
(c) 45 (d) 50
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**28. जलीय विलयन, जिसका pH शून्य है, होगा**
(a) अम्लीय
(b) उभयधर्मी
(c) क्षारीय
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29. रासायनिक गुणों को अपरिवर्तित रखते हुए एक परमाणु के नाभिक में जोड़े जाने वाले कण हैं**
(a) न्यूट्रॉन
(b) इलेक्ट्रॉन
(c) प्रोटॉन
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30. जिन डिब्बों में खाना पैक किया जाता है, उन पर टिन की परत चढ़ी होती है न कि जिंक की, क्योंकि**
(a) टिन, जिंक की तुलना में अधिक प्रतिक्रियाशील है
(b) जिंक, टिन की तुलना में अधिक प्रतिक्रियाशील है
(c) जिंक, टिन से महँगा है
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31. किसी विखण्डनीय द्रव्य का क्रान्तिक द्रव्यमान होगा-**
(a) एक किलोग्राम समतुल्य
(b) शृंखला अभिक्रिया हेतु आवश्यक न्यूनतम द्रव्यमान
(c) $10^{10}$ जूल के समतुल्य विराम द्रव्यमान
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32. किसी शब्दकोष में लिखे छोटे अक्षरों को पढ़ते समय आप निम्न में से कौन-सा लेंस पसंद करेंगे?**
(a) 50 cm फोकस दूरी का अवतल लेंस
(b) 50 cm फोकस दूरी का उत्तल लेंस
(c) 5 cm फोकस दूरी का अवतल लेंस
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33. निम्नलिखित में से किस भाग पर किसी वस्तु का प्रतिबिंब बनाते हैं?**
(a) परितारिका (b) कार्निया
(c) दृष्टि पटल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34. मानव आँख की फोकस दूरी में परिवर्तन निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?**
(a) प्यूपिल
(b) कॉर्निया
(c) सिलियरी मसल्स
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35. केन्द्राभिमुखी बल किसके लिए जिम्मेदार है?**
(a) अंतरिक्ष में वस्तु की स्वतंत्र गति
(b) वस्तु को वृत्ताकार पथ पर गतिमान रखना
(c) वस्तु को सीधी रेखा के साथ उड़ाना
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. सही संबंध कौन-सा है?**
(a) द्रव्यमान = घनत्व/(आयतन)$^3$
(b) आयतन = घनत्व × द्रव्यमान
(c) घनत्व = द्रव्यमान/आयतन
(d) घनत्व = द्रव्यमान × आयतन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**37. 1 फेम्टोमीटर कितने मीटर के बराबर होता है?**
(a) $10^{-12}$ m (b) $10^{-14}$ m
(c) $10^{-15}$ m (d) $10^{-24}$ m
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**38. विभाजन के कारण भारत का कौन-सा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ?**
(a) रूई तथा शक्कर उद्योग
(b) इन्जीनियरिंग तथा सीमेन्ट उद्योग
(c) जूट तथा रूई उद्योग
(d) कागज तथा लोहा उद्योग
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**39. आर्थिक नियोजन विषय है -**
(a) संघ सूची में
(b) राज्य सूची में
(c) समवर्ती सूची में


Free PDF & Notes - Click NOW

(d) किसी विशेष सूची में उल्लिखित नहीं है
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**40. दूसरी पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा किसने तैयार किया था?**
(a) बी. एन. गाडगिल (b) वी.के. आर. वी. राव
(c) पी. सी. महालनोबिस (d) सी. एन. वकील।
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**41. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना की अवधि में की गई थी?**
(a) चौथी (b) पाँचवीं
(c) छठवीं (d) आठवीं
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**42. सामुदायिक विकास का उद्देश्य क्या है?**
(a) आर्थिक विकास (b) मानव पूँजी का निर्माण
(c) पर्यावरण संरक्षण (d) समरस जीवन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**43. इनमें से कौन राष्ट्रीय विकास परिषद का हिस्सा नहीं है?**
(a) नीति आयोग के सचिव
(b) योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव
(c) नीति आयोग के उपाध्यक्ष
(d) भारत के वित्त आयोग के अध्यक्ष
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**44. मुख्य रूप से सामान्य मानव विकास सूचकांक में सम्मिलित है**
(a) जीवन प्रत्याशा (b) प्रति व्यक्ति आय
(c) साक्षरता दर (d) उपर्युक्त सभी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**45. भारत में चलित न्यायालय इनका मानसपुत्र (Brainchild) है–**
(a) न्यायमूर्ति भगवती (b) श्री राजीव गांधी
(c) डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (d) श्रीमती प्रतिभा पाटिल
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**46. निम्नलिखित में से कौन-सी 74वीं संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 में प्रदान की गई तीन प्रकार की नगरपालिकाओं में से एक नहीं है?**
(a) नगर परिषद (b) नगर निगम
(c) टाउन एरिया कमेटी (d) नगर पंचायत
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**47. समिति, जिसकी संस्तुति पर देश में पंचायती राज को लागू किया गया था, उसके अध्यक्ष थे**
(a) चिमन भाई मेहता (b) बलवन्तराय मेहता
(c) जीवराज मेहता (d) अशोक मेहता
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**48. राज्य सभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?**
(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**49. भारत का प्रधानमंत्री किसके प्रति जवाबदेह है?**
(a) मंत्रिमंडल (b) राष्ट्रपति
(c) लोक सभा (d) राज्य सभा
(e) उपर्युक्त में से कोई नही/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**50. संघीय मन्त्रिपरिषद् के मंत्री उत्तरदायी होते हैं -**
(a) प्रधानमंत्री के प्रति (b) राष्ट्रपति के प्रति
(c) संसद के प्रति (d) केवल लोकसभा के प्रति
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**51. राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धान्त किस प्रकार मौलिक अधिकारों से भिन्न हैं?**
(a) पूर्वोक्त केन्द्रीय सरकार के लिए हैं और उपरोक्त राज्यों के लिए
(b) पूर्वोक्त संविधान का अंश नहीं है जबकि उपरोक्त है
(c) निर्देश प्रवर्तनीय नहीं हैं जबकि अधिकार प्रवर्तनीय हैं
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**52. एक कल्याणकारी राज्य के आदर्श वर्णित हैं -**
(a) राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में
(b) मौलिक अधिकारों के अध्याय में
(c) संविधान की सातवीं अनुसूची में
(d) संविधान की प्रस्तावना में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**53. संवैधानिक उपचार का अधिकार किसके अंतर्गत आता है?**
(a) मौलिक अधिकार (b) कानूनी अधिकार
(c) संवैधानिक अधिकार (d) प्राकृतिक अधिकार
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**54. किस/किन अनुच्छेद/अनुच्छेदों के अन्तर्गत अध्यक्ष सदन के किसी सदस्य को उसकी मातृभाषा में बोलने की इजाजत दे सकता है?**
(a) अनुच्छेद 110 (1) (b) अनुच्छेद 122 (2)
(c) अनुच्छेद 120 (1) (d) (a) और (b) दोनों
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**55. पाँचवीं अनुसूची किस विशिष्ट समूह के लोगों के शासन और हितों की सुरक्षा से सम्बन्धित है?**
(a) अनुसूचित जाति (b) धार्मिक अल्पसंख्यक
(c) अनुसूचित जनजाति (d) भाषाई अल्पसंख्यक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**56. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा अस्पृश्यता को समाप्त किया गया है?**
(a) अनुच्छेद 14 (b) अनुच्छेद 15
(c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 22
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**57. निम्नलिखित में से कौन-सा वायुमंडल में मुख्य ग्रीनहाउस गैस नहीं है?**
(a) मीथेन (b) ओज़ोन
(c) नाइट्रस ऑक्साइड (d) हाइड्रोजन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**58. गिर नेशनल पार्क कहाँ स्थित है?**
(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) गुजरात (d) तमिलनाडु
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**59. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्राकृतिक आर्द्र पक्षी अभयारण्य नहीं है?**
(a) बरेला (b) कनवर
(c) कुशेश्वर (d) नक्ती
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


Free PDF & Notes - Click NOW